# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

शनिवार, 21 मार्च, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 77, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 325 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। } 10

## जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग से की चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग से बात की और पश्चिम एशिया संकट के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। } 10



### तृतीय-चंद्रघंटा



पिण्डजप्रवरारुढा चन्दकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

मां दुर्गाजी की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघंटा है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन मणिपूर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है तथा विविध प्रकार की दिव्य ध्वनियां सुनाई देती हैं।

## संरक्षित क्षेत्र में वन्यजीवों के आवास नष्ट करने पर मिलेगी सख्त सजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अंधाधुंध अवैध रेत खनन के कारण जलीय जीवों के आवास नष्ट होने का संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि संरक्षित क्षेत्र में इस तरह का काम वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम सहित विभिन्न कानूनों के तहत अपराध और दंड के दायरे में आएगा। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश राज्यों के संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस बारे में अप्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा कि उन्होंने अवैध रेत खनन जारी रखने की अनुमति देकर बहुमूल्य पर्यावास के विनाश में सहायता की। राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य भी कहा जाता है। यह 5,400 वर्ग किलोमीटर में फैला त्रिराज्य संरक्षित क्षेत्र है। लुप्तप्राय घड़ियाल (लंबे थूथन वाले मगरमच्छ) के अलावा, यह लाल मुकुट वाले कछुए और लुप्तप्राय गंगा नदी डॉल्फिन का आवास है। राजस्थान, ...शेष पृष्ठ 10 पर



## वृंदावन का हर कण श्रीकृष्ण की लीलाओं का साक्षी

### रामकृष्ण मिशन आध्यात्मिक चेतना और मानवीय सेवा के संगम का सशक्त प्रतीक : राष्ट्रपति मुर्मू

जिला संवाददाता

मथुरा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वृंदावन की पावन धरा को दिव्यता और भक्ति का जीवंत प्रतीक बताते हुए शुक्रवार को कहा कि यहां का प्रत्येक कण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का साक्षी है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में वृंदावन धाम स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद मुर्मू ने अपने संबोधन में वृंदावन की पावन धरा को दिव्यता और भक्ति का जीवंत प्रतीक बताते हुए कहा कि यहां का प्रत्येक कण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का साक्षी है। उन्होंने मथुरा-वृंदावन की इस भूमि को सदियों से संतों और भक्तों को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने वाली तपोभूमि बताया। उन्होंने कहा कि जनकल्याण हेतु समर्पित एक उत्कृष्ट चिकित्सा केंद्र का इस पावन भूमि पर विकास अत्यंत पुण्य और प्रेरणादायक कार्य है।



राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन को आध्यात्मिक चेतना और मानवीय सेवा के संगम का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा कि मिशन ने नर सेवा ही नारायण सेवा के संदेश को अपने कर्म और आचरण से साकार किया है। मुर्मू ने कहा कि प्रेम, सेवा और करुणा ही ईश्वर तक पहुंचने का सर्वोत्तम मार्ग है। राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान न केवल रोगों का उपचार करते हैं, बल्कि समाज में मानवता, करुणा और सेवा के मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा रामकृष्ण परमहंस की गहन भक्ति ने एक शक्तिशाली आध्यात्मिक धारा को जन्म दिया- एक ऐसी शक्ति जिसे उनके विश्व विख्यात शिष्य स्वामी विवेकानंद ने बाद में मानवता के कल्याण के लिए संस्थागत रूप दिया। मुर्मू ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस के आदर्शों का अनुकरण करते हुए, इस संस्था के भिक्षु अपने कार्यों और आचरण के माध्यम से मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है के संदेश को मूर्त रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा यह मिशन 118 वर्षों से लोगों की निष्ठापूर्वक सेवा कर रहा है। उन्होंने जनहित के कार्यों से यह सिद्ध किया है कि सच्ची निःस्वार्थ सेवा और करुणा ही आध्यात्मिकता की वास्तविक अभिव्यक्ति ...शेष पृष्ठ 10 पर

### योगी ने ईद-उल-फितर पर प्रदेशवासियों को दी बधाई



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस त्योहार को आपसी भाईचारे, सुख, अमन-चैन और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने सभी के जीवन में खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा यह त्योहार समाज में एकता और सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम है।

### विराज सागर दास ने ईद पर दीं शुभकामनाएं



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने प्रदेशवासियों को ईद के मुबारक मौके पर प्रदेशवासियों को दिली मुबारकवाद दी है और कहा है कि रमजान के मुकद्दस महीने के बाद ईद-उल-फितर ढेर सारी खुशियां, आपसी भाईचारा और कौमी एकता का संदेश लेकर आती है। विराज सागर दास ने इस मुबारक मौके पर कहा है कि हमारे देश के लोगों में आपसी भाईचारा, प्रेम एवं सौहार्द का वातावरण सदैव बना रहे।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हुई बढ़ोतरी

### प्रीमियम पेट्रोल दो रुपये व औद्योगिक डीजल 22 रुपये महंगा




एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रीमियम या उच्च श्रेणी के पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, जबकि औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को बेचे जाने वाला थोक डीजल लगभग 22 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। यह वृद्धि पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच हुई है।

हालांकि, सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा। उद्योग जगत के सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रीमियम 95-ऑक्टेन पेट्रोल की कीमत 99.89 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 101.89 रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही, दिल्ली में थोक या औद्योगिक डीजल की कीमतें 87.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़ाकर 109.59 रुपये कर दी गई हैं। ईरान युद्ध तेज होने के कारण अंतरराष्ट्रीय तेल की कीमतें बृहस्पतिवार को 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, जो बाद में घटकर करीब 108 डॉलर प्रति बैरल पर आ गईं। दिल्ली में एक लीटर सामान्य पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये बनी हुई है, जबकि इसी श्रेणी का डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। सामान्य पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग आमतौर पर 91-92 होती है और यह मानक इंजनों के लिए उपयुक्त है। यह रोजमर्रा की जरूरतों के लिए सही है। दूसरी ओर, प्रीमियम पेट्रोल की ऑक्टेन रेटिंग 95-98 होती है, जो इसे अधिक बेहतर इंजनों के लिए आदर्श बनाती है। एक संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सामान्य पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा प्रीमियम श्रेणी में कुछ वृद्धि की सूचना मिली है, जो (देश में बेचे जाने वाले) कुल पेट्रोल का मुश्किल से 2 से 4 प्रतिशत हिस्सा है। आम आदमी के लिए कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। अधिकारी ने कहा कि मूल्य निर्धारण का फैसला तेल कंपनियां स्वतंत्र रूप से करती हैं, क्योंकि पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण को क्रमशः 2010 और 2014 में नियंत्रण मुक्त कर दिया गया था। उन्होंने कहा यह (मूल्य निर्धारण) तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) करती हैं। सरकार पेट्रोल और डीजल की कीमतों को विनियमित नहीं करती है। सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर बारीकी से नजर रख रही है, लेकिन खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ाने की कोई तत्काल ...शेष पृष्ठ 10 पर

### एलपीजी की भी कमी, व्यावसायिक क्षेत्र के लिए आपूर्ति सीमित

एजेंसी

नयी दिल्ली। एलपीजी की आपूर्ति में कमी शुक्रवार को लगातार तीसरे सप्ताह भी जारी रही। हालांकि सिलेंडर भरवाने को लेकर बुकिंग में कुछ कमी आई है जो स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने के संकेत हैं।

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे माल की आपूर्ति में बाधा बनी रहने से होटल सहित व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए आपूर्ति प्रतिबंध जारी हैं जिससे चिंता बनी हुई है। अमेरिका तथा इजराइल के ईरान पर हमलों और उसके जवाबी कार्वाई करने से शुरू हुए युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। इसके जरिये भारत अपने आयात का 60 प्रतिशत प्राप्त करता है। इतनी बड़ी मात्रा में आपूर्ति अचानक बंद होने से सरकार ने घरेलू रसोई के लिए आपूर्ति को प्राथमिकता दी है। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को आपूर्ति शुरू में पूरी तरह रोक दी गई थी लेकिन बाद में उनकी जरूरत का पांचवां हिस्सा बहाल किया गया। इससे घरेलू उपभोक्ताओं में घबराहट में सिलेंडर बुक करवाना शुरू कर दिया क्योंकि उन्हें इसकी उपलब्धता सीमित होने का डर था। 13 मार्च को हालत यह थी बुकिंग 87.7 लाख तक पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद इसमें कमी ...शेष पृष्ठ 10 पर



## पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले 9 गिरफ्तार

### यूपी से लेकर बिहार तक फैला नेटवर्क, सैन्य ठिकानों की बनाते थे वीडियो

जिला संवाददाता

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित कौशांबी में जासूसी के एक बड़े मामले का खुलासा हुआ है। एसआईटी की टीम ने 20 मार्च को नौ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सभी एक पाकिस्तानी व्यक्ति के लिए देश की जासूसी कर रहे थे।

गिरफ्तार किए गए लोगों में मेरठ के परतापुर का गणेश, बिहार के पूर्णिया जिला स्थित ओली टोला निवासी विवेक, मेरठ के शास्त्री नगर का गगन कुमार शामिल हैं। जौनपुर के काजीपुर स्थित सराय मोहद्दीन जामदारा शाहगंज का रहने वाला दुर्गेश भी पकड़ा गया है। इनके साथ मेरठ, गाजियाबाद और कौशांबी के पांच नाबालिग भी टीम ने गिरफ्तार किए हैं। ये सभी आरोपी पाकिस्तानी व्यक्ति सरदार उर्फ सरफराज उर्फ जोगा सिंह के सीधे संपर्क में थे। वे संदेश ऐप के जरिए उससे लगातार जुड़े हुए थे।



नाबालिग आरोपी शॉर्ट वीडियो बनाने का बहाना बनाकर सैन्य ठिकानों की फोटो-वीडियो भेजते थे। वे इन महत्वपूर्ण ठिकानों की लोकेशन भी पाकिस्तान भेज रहे थे। लोकेशन साझा करने के लिए अलग-अलग ऐप का इस्तेमाल किया जाता था। एडीसीपी राजकरन नैय्यर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पेड़ से टकरायी बोलेरो पिता-पुत्र समेत 5 की मौत

आगरा। चित्राहाट थाना क्षेत्र के बाह-कचौरा घाट मार्ग पर बृहस्पतिवार रात बोलेरो पेड़ से टकरा गई, जिससे उसमें सवार पूर्व फौजी पिता-पुत्र सहित पांच लोगों की मौत हो गई जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रद्धालु कैला देवी का दर्शन कर बोलेरे से अपने घर लौट रहे थे।

मृतक इटावा और औरैया के रहने वाले थे। पुलिसके मुताबिक, पेड़ से टक्कर के बाद कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए। कार के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के चलते लोग उसमें फंस गए। वह मदद के लिए चीखते रहे। स्थानीय लोगों और पुलिस ने उन्हें कार के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा। घटना रात तकरीबन 11:30 बजे की है। नगला बर, इकदिल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## इजराइल ने तेहरान पर की भारी बमबारी

### ईरान ने कुवैत की तेल रिफाइनरी व अन्य ठिकानों पर किया हमला

एजेंसी

दुबई। ईरान ने शुक्रवार तड़के कुवैत की एक तेल रिफाइनरी पर ड्रोन से हमला किया और इजराइल में हमलों की चेतावनी के रूप में सायरन बजने लगे। वहीं, फारसी नववर्ष के अवसर पर तेहरान में इजराइली हमलों से भयावह विस्फोटों की आवाज सुनाई दी। वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिला देने वाला यह युद्ध तीसरे सप्ताह के अंत के करीब पहुंच गया है और ईरान खाड़ी क्षेत्र की ऊर्जा संरचना पर अपने हमलों में कोई कमी करता नहीं दिख रहा। कुवैत ने कहा कि मीना अल-अहमदी तेल रिफाइनरी पर सिलसिलेवार ढंग से दो बार हुए ड्रोन हमलों के कारण आग लग गई और दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए काम कर रहे हैं।



यह रिफाइनरी बृहस्पतिवार को ईरान के एक अन्य हमले में पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिसकी क्षमता प्रतिदिन लगभग 7,30,000 बैरल तेल शोधित करने की है। यह फारस की खाड़ी में स्थित छोटे एवं तेल-समृद्ध राष्ट्र कुवैत में स्थित तीन तेल रिफाइनरियों में से एक है। फारस की खाड़ी स्थित ईरान के विशाल साउथ पार्स अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर बुधवार को इजराइल द्वारा बमबारी किए जाने के बाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अवकाश की सूचना

ईद-उल-फितर पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

21 मार्च यानी शनिवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 23 मार्च सोमवार को प्रकाशित होगा।

-संपादक

### भीतर पढ़ें


- पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी (पृष्ठ-02)
- वीसी, डीजीपी व परिवहन आयुक्त हुए तलब (पृष्ठ-02)
- रुपया 82 पैसे टूटकर 93.71 प्रति डॉलर पर बंद (पृष्ठ-10)
- 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने को तैयार गुजरात (पृष्ठ-10)
- दिल्ली में चांदी 1,800 रुपये प्रति किलो मजबूत (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** गरज चमक के साथ ओलावृष्टि से चार की मौत, आलू, सरसो, गेंहू समेत रवी की फसलों को नुकसान

## बेमौसम बारिश से किसानों के माथे पर शिकन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को मौसम बदल गया। सुबह आसमान को घने काले बादलों ने घेर लिया। तेज हवाओं के साथ करीब 9 बजे दिन में ही अंधेरा छा गया। जिससे लोगों को दिन में ही गाड़ियों की लाइट्स जलानी पड़ी। इसके बाद गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई, तापमान गिरने से लोगों ने ठंड महसूस किया। कई शहरों में तेज हवा व गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। बेमौसम बारिश से एक तरफ जहां कुछ लोगों को राहत मिली, वहीं दूसरी तरफ कई लोगों के लिए यह चुनौती बन गई।



जिन किसानों का आलू अभी खेत से घर या कोल्ड स्टोर नहीं पहुंचा है, उन्होंने माथा पकड़ लिया। साथ ही इस बारिश से सरसों ...शेष पृष्ठ 10 पर

### फसलों के नुकसान का आकलन कर तत्काल दें मुआवजा : सीएम

लखनऊ। प्रदेश में असमय वर्षा को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और फसलों को हुए नुकसान का त्वरित आकलन कर राहत पहुंचाना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी सरकार ने किया कैबिनेट का विस्तार

### पांच विधायकों को मिला मंत्रिमंडल में स्थान



प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में घटित एक सियासी घटनाक्रम में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए पांच नए चेहरों को शामिल किया है। लंबे समय से चर्चा में चल रहा यह विस्तार अब साकार हो गया है, जिसे आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक संतुलन साधने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। राजधानी देहरादून के लोक भवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने नव-नियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिन विधायकों को कैबिनेट में जगह मिली है, उनमें मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

# प्रेम, सेवा और करुणा ही ईश्वर तक पहुंचने का सर्वोत्तम मार्ग

## राष्ट्रपति द्वारा रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल, वृंदावन धाम के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया गया

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राष्ट्रपति भारत गणराज्य, द्रौपदी मुर्मु ने आज वृंदावन धाम स्थित रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल के नवनिर्मित ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने वृंदावन की पावन धरा को दिव्यता और भक्ति का जीवंत प्रतीक बताते हुए कहा कि यहां का प्रत्येक कण भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं की अनुगूंज से ओत-प्रोत है। उन्होंने इस भूमि को सदियों से संतों और भक्तों को आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने वाली तपोभूमि बताया। उन्होंने कहा कि जनकल्याण हेतु समर्पित एक उत्कृष्ट चिकित्सा केंद्र का इस पावन भूमि पर विकास अत्यंत पुण्य और प्रेरणादायक कार्य है।

राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन को आध्यात्मिक चेतना और सेवा के संगम का सशक्त प्रतीक बताते हुए कहा कि मिशन ने नर सेवा ही नारायण सेवा के संदेश को अपने कर्म और आचरण से साकार किया है। उन्होंने कहा कि प्रेम, सेवा और करुणा ही ईश्वर तक पहुंचने का सर्वोत्तम मार्ग है। कैंसर को एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बताते हुए उन्होंने कहा कि समय पर पहचान और उच्च स्तरीय उपचार तक पहुंच रोगियों के जीवन की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जनसेवा की भावना से संचालित संस्थान समाज कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और रोगियों के जीवन में आशा, विश्वास और सम्मान का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण स्वस्थ नागरिकों के आधार पर ही संभव है तथा चिकित्सा सेवा मानव पीड़ा को दूर करने का एक महान नैतिक दायित्व है।

भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख किया, जिसके माध्यम से करोड़ों नागरिकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, जिसमें कैंसर उपचार भी सम्मिलित है।

उन्होंने बताया कि देशभर में नए एम्स, मेडिकल कॉलेजों एवं स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों की स्थापना के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण तथा टेलीमेडिसिन के जरिए दूरदराज क्षेत्रों तक विशेषज्ञ परामर्श की उपलब्धता को भी उल्लेखनीय पहल बताया। राष्ट्रपति ने रामकृष्ण मिशन सेवा आश्रम चैरिटेबल अस्पताल द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान न केवल रोगों का उपचार करते हैं, बल्कि समाज में मानवता, करुणा और सेवा के मूल्यों को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वृंदावन की पावन धरा को सेवा एवं करुणा की भूमि बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के ध्यान सेवा ही नारायण सेवाह के आदर्श को रामकृष्ण मिशन ने 118 वर्षों से साकार किया है। उन्होंने कहा कि एक छोटे सेवा केंद्र से 400 बेड के बहु-विशेषता अस्पताल तक की यात्रा सेवा के विराट स्वरूप का उत्कर्ष है। राज्यपाल ने कहा कि जब चिकित्सा विज्ञान मानवता के कल्याण हेतु समर्पित होता है, तब वह जीवन के पुनर्निर्माण का माध्यम बन जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ऑन्कोलॉजी ब्लॉक असंख्य मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने इस पुनीत कार्य में संलग्न सन्यासियों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, स्वास्थ्य कर्मियों तथा दानदाताओं के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन सुरक्षा से आंकी जाती है।

स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को समग्र विकास का मूल आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बजट में नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, सीटों के विस्तार तथा पूंजी निवेश के साथ-साथ आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के लिए पर्याप्त संसाधन सुनिश्चित किए गए हैं।

राज्यपाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर महानगरों तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे चिकित्सा सुविधाएं सुलभ और सशक्त बन रही हैं। उन्होंने स्वास्थ्य को केवल रोगमुक्ति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक संतुलन का प्रतीक बताते हुए जन-जागरूकता, स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच पर बल दिया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अस्पताल केवल उपचार का केंद्र न रहकर मानवीय संवेदनाओं का तीर्थस्थल बने, जहां रोग के साथ-साथ भय और असुरक्षा से भी मुक्ति मिल सके। उन्होंने सभी से ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया, जहां स्वास्थ्य सेवाएं प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार हों और सेवा, करुणा एवं मानवता प्रत्येक कार्य का आधार बने। इस अवसर पर प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, नवनीत मुनोट, वाइस प्रेसिडेंट रामकृष्ण मठ स्वामी विमलात्मानंद महाराज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# 7.5 लाख करोड़ की नयी परियोजनाओं संग पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी

- **रिफॉर्म, परफॉर्म व ट्रांसफॉर्म के मंत्र से बदली प्रदेश की तस्वीर**
- **सिर्फ सुरक्षा ही नहीं, हर मोर्चे पर तैयार की गई निवेश के लिए आदर्श जमीन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने पिछले 9 वर्षों में जो परिवर्तन देखा है, वह केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक आर्थिक और औद्योगिक बदलाव की कहानी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि व सुनियोजित कार्ययोजना के तहत रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मंत्र ने प्रदेश को निवेश के नक्शे पर नई पहचान दिलाई है। यह योगी सरकार की नियोजित कार्यशैली का नतीजा है कि अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के जरिये लगभग 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं धरातल पर उतारी जा चुकी हैं, जबकि 7.5 लाख करोड़ रुपये की नई परियोजनाओं के साथ पांचवीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी है।

निवेश व उद्यमिता के मोर्चे पर बुरी तरह पिछड़ रहे उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 में योगी सरकार आने पर स्थिति में सुधार के लिए बिंदुवार योजना तैयार की गई। सबसे पहले योजनाबद्ध तरीके से सिस्टम में सुधार (रिफॉर्म) किया गया, फिर परफॉर्मेंस के जरिए नीतियों को जमीन पर उतारा गया और अंततः ट्रांसफॉर्म के माध्यम से प्रदेश की छवि बदल गई। हर क्षेत्र के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया, निवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाया गया।

निवेश व उद्योग के रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचान कर ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 13 अधिनियमों में 99% छोटे आपराधिक प्रावधान समाप्त कर कारोबार को आसान किया गया। प्रदेश में निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करना केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं रहा, बल्कि एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, लॉजिस्टिक्स नेटवर्क जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विस्तार कर निवेश के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा तैयार किया गया। उद्योगों के लिए प्लग-एंड-प्ले सुविधाएं और डि-रेगुलेशन सुधार लागू किए गए। इसी का परिणाम है कि योगी सरकार के अस्तित्व में आने के बाद यूपी को 50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। योगी सरकार की नीति प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए सेक्टरवार विशेष औद्योगिक क्षेत्रों का विकास करना भी रही।

इसके तहत राज्य में उद्योग विशेष के लिए क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। फिल्म सिटी, टॉय पार्क, लॉजिस्टिक हब (यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र), फार्मा पार्क (झांसी-ललितपुर) मेगा टेक्सटाइल पार्क (लखनऊ-हरदोई), परफ्यूम पार्क (कन्नौज), प्लास्टिक, गारमेंट और लेदर क्लस्टर (गोरखपुर, कानपुर, हरदोई) क्षेत्र विशेष के निवेश को आकर्षित करने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बनकर उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# नौ वर्षों में स्मार्ट पुलिसिंग और मजबूत कानून व्यवस्था से सुरक्षित बना प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

- **प्रदेश में 134 नये थाने, 86 नयी पुलिस चौकियां और 78 महिला पुलिस चौकी परामर्श केंद्र स्थापित किए गये**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने पिछले नौ वर्षों में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर सुधार और आधुनिकीकरण किये। है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग, आधुनिक तकनीक के उपयोग और मजबूत आधारभूत ढांचे के जरिए पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाया गया है। जीरो टॉलरेंस की नीति, मिशन शक्ति जैसे अभियानों और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के चलते आज उत्तर प्रदेश सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल राज्य के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में पुलिस व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार किया गया है। प्रदेश में 134 नए थानों, 7 महिला थानों, 86 नई पुलिस चौकियों, 4 जल पुलिस चौकियों, 78 महिला पुलिस चौकी परामर्श केंद्र, 75 विद्युत निरोधक पुलिस थाने, 10 सतर्कता अधिष्ठान थाने, 4 आर्थिक अपराध इकाई थाने, 40 एचटीयू थाने, 73 साइबर क्राइम थाने और 6 नए नारकोटिक्स थानों की स्थापना की गई है। मानव तस्करी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 75 एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को थानों में परिवर्तित किया गया है। वहीं, उत्तर प्रदेश पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता में वर्ष 2017 की तुलना में लगभग 10 गुना वृद्धि की गई है। वर्तमान में 60 हजार से अधिक पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने की क्षमता विकसित की गई है। पुलिस कर्मियों को आधुनिक तकनीक, बेहतर संवाद शैली और बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के सहयोग से कौशल आधारित सक्षम पुलिसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अधिक दक्ष और संवेदनशील बनाना है। डिजिटल अपराधों से निपटने के लिए प्रदेश के सभी 75 जिलों में साइबर क्राइम थाने सक्रिय किए गए हैं और जनपदीय थानों में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

# 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को 22 को मिलेगा नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 492 अभ्यर्थियों को सौंपेंगे पत्र

विशेष संवाददाता (vol)

- **13 राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं 2 संस्थानों में दी जायेगी नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को तैनाती**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार रविवार को 1,228 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेगी। इनमें से 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे जबकि शेष को लाइव प्रोग्राम के दौरान 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज और 2 संस्थानों में जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। बता दें कि योगी सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के डेढ़ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। इसी के तहत कई विभागों में भर्ती प्रक्रिया चल रही है जबकि विभिन्न विभागों में भर्ती का विज्ञापन निकालने की तैयारी अंतिम चरण में है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अमित कुमार घोष ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग में खाली पदों पर नियुक्ति करने के निर्देश दिए थे ताकि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी मिल सके। इसी के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं 2 चिकित्सा संस्थानों में रिक्त नर्सिंग अधिकारियों के पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी। ऐसे में लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में 1,228 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। योगी सरकार रविवार को सभी नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्त पत्र वितरित करेगी। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग की सचिव एवं महानिदेशक डॉ. सारिका मोहन ने बताया कि 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज क्रमशः आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, जालौन, सहारनपुर, बांदा एवं बदायूं के साथ 2 संस्थान जेके कैंसर संस्थान तथा हृदय रोग संस्थान कानपुर के लिए 1,228 नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसमें 1,097 महिला अभ्यर्थी और 131 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 492 नवचयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। वहीं, सभी 13 राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं 2 संस्थानों में लाइव प्रोग्राम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा 736 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। सरकार ने इस वर्ष प्रदेश के युवाओं को डेढ़ लाख सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में रविवार को 1,228 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 94 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। वहीं, हाल ही में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड की ओर से दरोगा एवं समकक्ष के 4,543 पदों की परीक्षा संपन्न कराई गई। इसके अलावा विभिन्न विभागों की ओर से भी भर्ती प्रक्रिया चल रही है।

# बी पैक्स दनौर, माल का शुभारंभ

**माल, लखनऊ।** लखनऊ जिला अंतर्गत विधानसभा मलिहाबाद, विकास खण्ड माल लखनऊ में बी पैक्स दनौर का शुभारंभ बीरेन्द्र प्रताप सिंह, चेयरमैन जिला सहकारी बैंक लखनऊ के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान, मजदूर, व्यापारी, युवाओं को संबोधित करते हुए चेयरमैन ने कहा, किसान, गरीब कल्याण के लिए बी पैक्स दनौर शुरू की जा रही है। आप सभी 221 रु देकर इसके सदस्य बने और उत्तर प्रदेश सरकार एवम्केन्द्र सरकार की सबसे सस्ते 3% वार्षिक दर पर ऋण प्राप्त कर, अपना जीवन स्तर ऊपर उठाएं और प्रधानमंत्री के विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान दे। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा 10लाख की ब्याजमुक्त ऋण सीमा सभी बी पैक्स को जीवित करने हेतु किसी वरदान से कम नहीं है। आज बी पैक्स केवल खाद बीज ही नही, पशु पालन, मुर्गी पालन, आटा चक्की, मसाला चिक्की, दुकान, लघु उद्योगों के लिए सहायता कर रही है। आप इसका लाभ लें। समिति रजिस्टर्ड हो गई है और उर्वरक, पेस्टिसाइड लाइसेंस मिलने पर यहां कार्य प्रारम्भ कर दिया जायगा। इस अवसर पर दिनेश सिंह, राकेश सिंह, अतुल कुमार, अर्जुन सिंह, बाराती प्रधान, रमेश सिंह प्रधान, राजेश गुप्ता प्रधान सहित वैशाली सिंह एआर, आवेश प्रताप मौर्य जीएम, धर्मेन्द्र यादव डीजीएम सहित सचिव गण उपस्थित रहे।

# जयंत चौधरी को धमकी देना दुर्भाग्यपूर्ण

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जयंत चौधरी को धमकी देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय घटना है। इस प्रकार की हरकतें न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं, बल्कि समाज में असुरक्षा का वातावरण भी उत्पन्न करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जनप्रतिनिधियों को इस प्रकार से डराने-धमकाने के प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं। यह स्पष्ट करता है कि कुछ असामाजिक तत्व लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। डॉ. रामाशीष राय ने स्पष्ट किया कि माननीय जयंत चौधरी जी की सुरक्षा हमारे लिए किसी भी प्रकार से राजनीतिक विषय नहीं है। यह पूर्णतः कानून-व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस प्रशासन और संबंधित एजेंसियां इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई कर रही हैं और दोषियों को जल्द ही कानून के दायरे में लाया जाएगा।

# महिलाओं-बच्चों के अधिकारों पर रहेगा फोकस

## वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन और विभिन्न योजनाओं की दी जायेगी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के तहत प्रदेशभर में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर महिला कल्याण विभाग की ओर से इस विशेष अभियान में 21 मार्च को सार्वजनिक स्थलों पर मोबाइल वैन, कैंप और स्टॉल लगाकर महिलाओं एवं बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। यह कार्यक्रम ग्राम, ब्लॉक और जनपद स्तर तक एक साथ संचालित होगा, जिससे अधिकतम लोगों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित की जा सके। महिला कल्याण विभाग की ओर से 20 अप्रैल तक प्रतिदिन विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मोबाइल वैन और सूचना स्टॉल के माध्यम से महिलाओं और बच्चों से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा। इसमें घरेलू हिंसा, सुरक्षा अधिकारों और उपलब्ध सहायता तंत्र के बारे में जानकारी दी जाएगी। स्थानीय प्रशासन और विभागीय इकाइयां मिलकर यह सुनिश्चित करेंगी कि अभियान की पहुंच दूरस्थ क्षेत्रों तक भी हो, ताकि कोई भी जरूरतमंद इससे वंचित न रहे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए हैशटैग प्रयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही पीड़ित महिलाओं को तत्काल सहायता दिलाने के लिए उपलब्ध सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे संकट की स्थिति में वे तुरंत मदद प्राप्त कर सकें। कार्यक्रमों में जन-प्रतिनिधियों, क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा स्थानीय चैनलों, रेडियो कार्यक्रमों, तथा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण कानून, दहेज निषेध अधिनियम और बाल संरक्षण से जुड़े प्रावधानों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी जाएगी। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कार्यक्रमों की निगरानी करते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो और प्रत्येक प्रकरण का प्रभावी फॉलोअप किया जाए। समस्त जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रतिदिन की रिपोर्ट जनपद स्तर पर संकलित कर पूर्व विकसित शक्ति वार रूम के माध्यम से महिला कल्याण निदेशालय को निर्धारित रिपोर्टिंग प्रारूप/स्प्रेडशीट (पूर्व से प्रेषित) पर प्रतिदिन सायं 8 बजे तक अपडेट की जाएगी। यह अभियान प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नंदिनी कृषक समृद्धि योजना से डेयरी सेक्टर में आ रही नयी क्रांति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना उत्तर प्रदेश में डेयरी सेक्टर के सशक्तीकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल बनकर उभर रही है। किसानों की आय बढ़ाने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से चलाई जा रही इस योजना के तहत राज्य सरकार ने तीन वर्षों में 204 डेयरी इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य तय किया है। योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए बैंक ऋण स्वीकृति और अनुदान वितरण की प्रक्रिया की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे डेयरी नेटवर्क का विस्तार तेजी से हो रहा है।

इस दौरान पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 मंडल मुख्यालय जनपदों में 50 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। इसमें बैंक ऋण स्वीकृति के केवल 2 मामले (मेरठ व लखनऊ) विचाराधीन हैं। वहीं, प्रथम किश्त के 12 मामलों (लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या व बरेली) और द्वितीय किश्त के 35 मामलों (आगरा, लखनऊ, कानपुर नगर, झांसी, गोरखपुर, अयोध्या, वाराणसी, मेरठ व बरेली) में अनुदान वितरण प्रक्रियाधीन है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के तहत 8 मंडल मुख्यालय जनपदों में 40 इकाइयों का लक्ष्य रखा गया है। इसमें 18 बैंक ऋण स्वीकृति के मामले मिजार्पुर, बस्ती, आजमगढ़, गोंडा, बांदा, सहारनपुर और अलीगढ़ जैसे जनपदों में तेजी से प्रक्रिया में हैं। साथ ही 32 लाभार्थियों को प्रथम किशत का अनुदान तय प्रक्रिया के तहत जल्द अवमुक्त किया जाएगा, जिनमें अलीगढ़, बांदा, आजमगढ़, गोंडा, बस्ती, सहारनपुर और मुरादाबाद प्रमुख हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना का दायरा और बढ़ाते हुए 57 जनपदों में 114 इकाइयों (प्रति जनपद 2 इकाई) का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसमें जौनपुर, ललितपुर, जालौन, सम्भल, देवरिया और रामपुर जैसे जनपदों में ऋण स्वीकृति शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है। इसके अलावा सभी 57 जनपदों में 114 लाभार्थियों को प्रथम किश्त का अनुदान अवमुक्त करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। राज्य सरकार ने सभी प्रक्रियागत मामलों के शीघ्र निस्तारण और अनुदान वितरण में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं, ताकि योजना का लाभ समयबद्ध तरीके से किसानों तक पहुंचे।

# वन और अर्थव्यवस्थाएं विषयक राष्ट्रीय वानिकी संवाद का उद्घाटन करेंगे सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) के मार्स हॉल में प्रातः 10:00 बजे वन एवं अर्थव्यवस्थाएं विषयक राष्ट्रीय वानिकी संवाद का उद्घाटन करेंगे। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय वन दिवस (21 मार्च) के अवसर पर आयोजित अरण्य समागम के तहत किया जा रहा है। इस आयोजन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ तथा गणमान्य अतिथि भाग लेंगे। अरण्य समागम के अंतर्गत आयोजित इस राष्ट्रीय वानिकी संवाद में वन और अर्थव्यवस्था के बीच संबंधों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इस मंच के माध्यम से सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के प्रभावी उपयोग जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा होगी। प्रदेश में स्वच्छ-समृद्ध-हरित प्रदेश के संकल्प के तहत पिछले 9 वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया गया है। हरित क्षेत्र बढ़ाने के सतत प्रयासों से प्रदेश का वनावरण 9.96 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। निजी भूमि पर पौधरोपण को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री कृषक वृक्ष धन योजना संचालित की जा रही है, जबकि पीएम मोदी के विजन के तहत ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। किसानों को कार्बन क्रेडिट की धनराशि वितरित करने वाला उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी राज्य बना है और वषार्काल 2026 में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से स्वच्छ-समृद्ध-हरित प्रदेश के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में यह आयोजन योगी सरकार की एक और महत्वपूर्ण पहल है। वन संरक्षण और पर्यावरण संतुलन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# अभिभावकों व स्थानीय नागरिकों को किया प्रोत्साहित

## इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है : विशेष सचिव

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ । प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन में नामांकन प्रोत्साहन हेतु शिविर का आयोजन सदर पुलिस चौकी, लखनऊ में विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की आधुनिक एवं समृद्ध सुविधाओं को प्रदर्शित करती एक वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से हुआ, जिसमें विद्यालय के शैक्षिक वातावरण, संसाधनों एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर को संबोधित करते हुए विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है, जो आर्थिक अभाव के कारण बड़े एवं सुविधा संपन्न विद्यालयों में प्रवेश नहीं ले पाते हैं। उन्होंने माननीया राज्यपाल की दूरदर्शी सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य सरकारी एवं प्राथमिक विद्यालयों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना है, जिससे प्रत्येक बच्चे को समान अवसर प्राप्त हो सके। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यदि भाग्य बदलना है तो शिक्षा पहली और सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जन भवन में उपलब्ध सुविधाएं अनेक निजी विद्यालयों से भी बेहतर हैं, जहाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस क्रम में उन्होंने विद्यालय में स्थापित स्पेस लैब का उल्लेख करते हुए बताया कि इसका उद्घाटन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के निदेशक द्वारा किया गया, जो विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायक है। नियंता जन भवन, श्रीमती निधि पांडे ने भी अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय की विविध सुविधाओं की जानकारी दी तथा अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा न केवल ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता का भी आधार है। उनका आह्वान था कि संसाधनों के अभाव में कोई भी बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर जन भवन के अधिकारियों में प्रोग्रामर (आईटी) देवव्रत उपाध्याय, सहायक अभियंता (विद्युत) रजनीकांत एवं जूनियर अभियंता (विद्युत) प्रवीण शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय की विशेषताओं को रेखांकित किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रश्मि पांडे ने भी उपस्थित जनसमूह को विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों सनी एवं रुबीना ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय में प्राप्त शिक्षा एवं सुविधाओं की सराहना की। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त, स्थानीय अभिभावकगण, जन भवन के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सरकार ने कृषि एवं किसान कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लिए जारी की वित्तीय स्वीकृतियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में कृषि क्षेत्र के समग्र विकास, किसानों की आय में वृद्धि और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई हैं। यह धनराशि प्राकृतिक खेती, खाद्य सुरक्षा, कृषि प्रसार और बीज उत्पादन जैसी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर व्यय की जाएगी।

वित्तीय स्वीकृतियों के विवरण के अनुसार, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही परियोजनाओं और जनजाति क्षेत्र उपयोजना हेतु सर्वाधिक 48.89 करोड़ रुपये (4889.96 लाख) की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी क्रम में, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत 36.19 करोड़ रुपये (3619.375 लाख) तथा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत संचालित प्राकृतिक खेती कार्यक्रम हेतु 19.68 करोड़ रुपये (1968.483 लाख) आवंटित किए गए हैं। नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड) योजना के विभिन्न मदों के लिए 11.32 करोड़ रुपये (1132.50 लाख) और कृषोन्नति योजना के अंतर्गत फूड एण्ड न्यूट्रीशियन सिक्योरिटी योजना हेतु 9.18 करोड़ रुपये (918.51 लाख) की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (रटअए) के पुनर्योग के माध्यम से 7.55 करोड़ रुपये (755.620 लाख), अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र (उक्ढ) के क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना हेतु 4.97 करोड़ रुपये (497.75 लाख) और प्रशासनिक कार्यों जैसे मोटर गाड़ी अनुरक्षण व कंप्यूटर सहायक हेतु 4.21 करोड़ रुपये (421.00 लाख) स्वीकृत किए गए हैं। अन्य महत्वपूर्ण आवंटनों में कृषोन्नति योजना के तहत फूड एण्ड न्यूट्रीशियन सिक्योरिटी (अनुदान संख्या-83) हेतु 2.41 करोड़ रुपये (241.50 लाख), नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल के अन्य घटक हेतु 2.35 करोड़ रुपये (235.77 लाख), किसानों के प्रशिक्षण व कृषि प्रसार हेतु 1.77 करोड़ रुपये (177.00 लाख) और वनस्पति संरक्षण सेवा के वेतन मद हेतु 1.72 करोड़ रुपये (172.12 लाख) की धनराशि जारी की गई है।

# हाईकोर्ट ने वीसी, डीजीपी व परिवहन आयुक्त को किया तलब

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पुलिस महानिदेशक व परिवहन आयुक्त को हाजिर होने का आदेश दिया है। ध्वनि प्रदूषण से संबंधित मामले की सुनवायी के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि पिछले पाँच सालों में मोडिफाइड साइलेन्सरों व हूटर आदि के निर्माण व बिक्री को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए। न्यायालय ने अगली सुनवायी के पूर्व दोनों अधिकारियों को हलफनामा भी दाखिल करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवायी 2 अप्रैल को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने मोडिफाइड साइलेंसरों से ध्वनि प्रदुषण टाइटिल से वर्ष 2021 में दर्ज स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर पारित किया है। न्यायालय ने ऐसे उपकरणों से ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए पिछली सुनवायी पर ही सभी संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों को मिलाकर एक कमेटी बनाने का आदेश दिया था। हालांकि इस बार की सुनवायी के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता न्यायालय के समक्ष इसकी पुष्टि नहीं कर सके कि ऐसी कोई कमेटी अब तक बने है अथवा नहीं। इस पर न्यायालय ने कहा कि हम सभी गवाह हैं कि मोडिफाइड साइलेंसरों व हूटर आदि का आधी रात में भी शोर सुनायी देता है। प्राथमिक तौर पर गृह तथा परिवहन विभाग पर ऐसे ध्वनि प्रदूषण को रोकने की जिम्मेदारी है।

संक्षेप

## प्रमोद व मोना ने ईद पर दी मुबारकबाद



प्रतापगढ़। ईद के त्यौहार पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मुल्क के साथ दुनिया में अमन व चैन की मजबूती की दुआ की है। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कहा है कि रमजान के मुकददस महीने के बाद ईद उल फितर का यह त्यौहार खुशियों के बीच देश की कौमी एकता की हिफाजत की हमें सीख दिया करता है। सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना ने लोगों से तरक्की तथा खुशिहाली के लिए मिलजुलकर आगे बढ़ने पर भी जोर दिया है। नेताद्वय का संयुक्त बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## ईद पर विभिन्न जलसों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज ईद पर रामपुरखास में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह प्रातः पौने सात बजे अझारा तथा इसके बाद खालसा सादात एवं खानापटटी में ईद पर लोगों से मुलाकात करेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी प्रातः सवा नौ बजे शुकुलपुर में ईद मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह सांगीपुर, अठेहा, सेमरा, पिंजरी, मसनी, उमरार, कुम्भीआइमा, रेहुआ लालगंज में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद प्रमोद तिवारी सायं साढ़े चार बजे धारूपुर तथा साढ़े पांच बजे रामपुर बावली में ईद मिलन समारोह में शामिल होंगे।

## हुई अलविदा की नमाज

प्रतापगढ़। ईद के एक दिन पहले शुक्रवार को इलाके में अकीदमंदो ने अलविदा की नमाज अता की। लालगंज कोतवाली के अलावा लीलापुर, सांगीपुर व उदयपुर थाना क्षेत्रों में भी अलविदा की नमाज पर मस्जिदों के पास पुलिस की सतर्क निगरानी देखी गयी। वहीं शंतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज सम्पन्न होने को लेकर प्रशासन को राहत में देखा गया। लालगंज कस्बे में बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के साथ ही खालसा सादात, खानापटटी, सांगीपुर, कुम्भीआइमा, पिंजरी, शुकुलपुर, जलेशरगंज, रानीगंज कैथौला, तेजगढ़, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर, लीलापुर आदि मस्जिदों में बड़ी तादात में जुटे अकीदतमंद अलविदा की नमाज में शामिल हुए। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

## अधेड़ छत से गिरा, मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोनबरसा बड़का टोला का एक अधेड़ गाँव के कुछ लोगो के साथ बृहस्पतिवार को पड़रौना मजदूरी करने के गया था। रात में छत जे गिर कर गम्भीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिये मेडिकल कालेज लाते समय रास्ते में ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे में लेकर पी यम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार स्थानिय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सोनबरसा बड़का टोला निवासी राजेश्वर शर्मा (42) वर्ष पुत्र स्व० मोतीलाल शर्मा बृहस्पतिवार को गाँव कुछ लोगो के साथ मजदूरी करने पड़रौना गये थे। रात में साथ के सभी लोग खा पी कर छत पर सोने चले गये।

# सीएचसी इटवा में डीएम का छापा

## 28 कर्मचारी गायब मिले , गंदगी मिलने पर भड़के डीएम –वेतन रोका



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर- जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही एक बार फिर उजागर हो गई, जब जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत सामने ला दी। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्थिति बेहद दयनीय मिली–वार्डों में गंदगी पसरी थी, मरीजों के बेडशीट गंदे थे और साफ-सफाई का नामोनिशान तक नहीं दिखा। जिलाधिकारी ने जब उपस्थिति पंजिका की जांच की तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

कुल 28 डॉक्टर और कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले। इस गंभीर लापरवाही पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन रोकने और स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। एमओआईसी इटवा द्वारा यह सफाई दी गई कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी की बैठक के कारण कर्मचारी अनुपस्थित हैं, लेकिन डीएम इस जवाब से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस पूरे मामले ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां एक ओर सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा करती है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मरीजों को बुनियादी सुविधाएं तक न मिल पाना, अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और कर्मचारियों की गैरहाजिरी–ये सब मिलकर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रहे हैं। जिलाधिकारी ने तत्काल साफ-सफाई दुरुस्त कराने और व्यवस्थाओं में सुधार के सख्त निर्देश दिए हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसे निरीक्षणों के बाद वाकई हालात बदलेंगे, या फिर सब कुछ पहले जैसा ही चलता रहेगा।

# पुलिस मुठभेड़ में गोवध आरोपी घायल, चार गिरफ्तार



श्रावस्ती। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मल्हीपुर थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोवध से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान एक आरोपी सईद घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर मकुनी तिराहे के पास बाग में छापेमारी की गई, जहां आरोपी गोवंशी पशु को बांधकर गोवध की तैयारी कर रहे थे। घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की, लेकिन पुलिस टीम सुरक्षित रही और जवाबी कार्रवाई में चार आरोपियों को पकड़ लिया गया, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी तमंचा, कारतूस, चाकू, कुल्हाड़ी, रस्सी, प्लास्टिक की बोरी सहित अन्य सामग्री और एक बछिया बरामद की गई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ट्रक और ट्रैक्टर में टक्कर, दोनों के चालकों की मौत

बुलंदशहर। जिले में थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ट्रक और ट्रैक्टर की टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों की मौत हो गई। जहांगीराबाद थाने के प्रभारी निरीक्षक संजेश कुमार ने बताया कि सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बुलंदशहर की तरफ जा रही थी जबकि चावल से भरा ट्रक अनूपशहर की तरफ आ रहा था। रास्ते में दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई।

# भगवान शिव की आराधना का फल सदैव कल्याणकारी : सम्पूर्णानंद



प्रतापगढ़। नगर के घुइसरनाथ रोड पर श्री शिवमहापुराण कथा को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। हर हर महादेव के शंखनाद के बीच कलश यात्रा में बडी संख्या में महिला श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया। कलश यात्रा घुइसरनाथ रोड से चौक होते हुए नगर के हरिहरमंदिरम पहुंची। यहां पूजन अर्चन के बाद श्रद्धालु जंगली वीर बाबा धाम पहुंचे। कथाव्यास प्रयागराज के स्वामी सम्पूणांनंद जी महराज की अगुवाई में कलश यात्रा में भगवान की भव्य झांकी भी श्रद्धालुओ के लिए आकर्षण का केंद्र दिखी। नगर के व्यापारियों ने कलश यात्रा पर जगह जगह पुष्पवर्षा भी की। कथा का शुभारंभ करते हुए स्वामी सम्पूणांनंद जी महराज ने कहा कि भगवान शिव की आराधना का फल सर्वत्र कल्याण का फल है। उन्होने कहा कि शिव नाम का जप समस्त रोगों से मुक्ति प्रदान करते हुए जीवन को विषमुक्त बना दिया करता है। संयोजक रामलखन जायसवाल ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने किया। सह संयोजिका मीरा जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, कैलाशनाथ जायसवाल, विजयनाथ व दीपक ने कथावाचक सम्पूणांनंद जी का अभिषेक किया। इस मौके पर रामप्रकाश जायसवाल, आदर्श मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ध्रुव नारायण मिश्र, छोटेलाल सरोज, मोती लाल जायसवाल, ओंकारनाथ वैश्य, निरंजन प्रकाश तिवारी, रामजी जायसवाल, प्रतिभा, पूनम, सोनी, रागिनी आदि रहे।

## फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी, दो शातिर गिरफ्तार

श्रावस्ती। जनपद में पुलिस ने जीएसटी चोरी के दो बड़े मामलों का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पहले मामले में कोतवाली भिनगा पुलिस ने बिकी झा को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने बिना किसी खरीद के कागजों में लगभग 28 करोड़ 45 लाख रुपये की फर्जी बिक्री दिखाकर करीब 6 करोड़ 22 लाख रुपये का जीएसटी कर चोरी किया। साथ ही 1 करोड़ 45 लाख रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) भी फर्जी तरीके से दर्शाया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से लैपटॉप और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दूसरे मामले में थाना गिलौला पुलिस ने लुधियाना निवासी जसदिल सिंह को गिरफ्तार किया। आरोपी ने फर्जी फर्म के माध्यम से लगभग 3 करोड़ 31 लाख रुपये की नकली बिक्री दिखाकर करीब 59 लाख 72 हजार रुपये का जीएसटी कर नहीं जमा किया। यह मामला राज्य कर विभाग की शिकायत के बाद प्रकाश में आया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग कर फर्जी जीएसटी रिटर्न दाखिल कर रहे थे। फिलहाल दोनों मामलों में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।

# नव निर्माण कार्यक्रम में लाभार्थियों को मिली सहायता और प्रमाणपत्र



श्रावस्ती। कलेक्ट्रेट तथागत हाल में आयोजित नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम के तीसरे दिन विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुईं। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में कई लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। जिलाधिकारी और अपर जिलाधिकारी अमरेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 5, स्पॉन्सरशिप योजना के 8 तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 11 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए। वहीं 2 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और बैसाखी वितरित की गई। समाज कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 3 लाभार्थियों को डेमो चेक दिए गए। अटल वयो अभ्युदय योजना के अंतर्गत 3 लोगों को मोतियाबिंद सर्जरी के प्रमाण पत्र तथा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 28 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत प्रस्तुत किए, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। साथ ही प्रदेश सरकार के 9 वर्षों के कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और आम लोगों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कलश यात्रा में शामिल दो युवक नदी में डूबे, मौत

## भवानीगंज में जल भरने गए थे, नहाने के दौरान हुआ हादसा

जिला संवाददाता



सिद्धार्थनगर। जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक कलश यात्रा के दौरान राप्ती नदी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान भड़रिया गांव निवासी विकास (22) पुत्र कन्हैया और शिवम (17) पुत्र लल्लू यादव के रूप में हुई है। यह घटना मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा एवं संगीतमय श्री राम कथा के उपलक्ष्य में निकाली गई कलश यात्रा के दौरान हुई। नवयुवक रामलीला समिति भड़रिया बाजार द्वारा आयोजित यह कलश यात्रा भड़रिया कस्बे से सुवानाला राप्ती नदी तक जल भरने के लिए जा रही थी। धार्मिक आयोजन के उत्साहपूर्ण माहौल के बीच यह हादसा हुआ, जिससे पूरे गांव में शोक छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब कलश यात्रा राप्ती नदी पर पहुंची, तो विकास और शिवम जल भरने के साथ-साथ स्नान करने के लिए नदी में उतर गए। गहरे पानी में जाने के कारण दोनों युवक डूबने लगे। वहां मौजूद अन्य लड़कों ने उन्हें डूबता देख शोर मचाया और तुरंत ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद दोनों युवकों को नदी से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। घटना शुक्रवार 20 मार्च को लगभग दोपहर 3:30 बजे की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही भवानीगंज थाना अध्यक्ष बृजेश सिंह और नायब तहसीलदार डुमरियागंज विष्णु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम कराने से इनकार किए जाने के बाद, गांव के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शवों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया जाता है कि मृतक शिवम पढ़ाई कर रहा था और अपने परिवार का होनहार बेटा था, जबकि विकास अपने घर पर ही छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। दोनों की असमय मौत से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नदी के किनारे सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते या लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जाता, तो शायद यह दर्दनाक हादसा टल सकता था।

### छात्र की गोली मारकर हत्या

वाराणसी। उदय प्रताप कॉलेज के परिसर में शुक्रवार को आपसी विवाद के चलते एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सूर्य प्रताप सिंह (22) के रूप में हुई है। पुलिस उसे तुरंत अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला दो छात्रों के बीच आपसी रंजिश का प्रतीत होता है। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि यह घटना आपसी दुश्मनी का परिणाम है। आरोपी की पहचान मंजीत सिंह चौहान के रूप में हुई है, जो वाराणसी का निवासी है और घटना के बाद से फरार है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छह टीमों का गठन किया गया है।

## प्रवेक्षक ने स्वास्थ्य सेवाओं का किया निरीक्षण

श्रावस्ती। भारत सरकार द्वारा नियुक्त प्रवेक्षक ने जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट कर जिले में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों, विशेष रूप से कुष्ठ उन्मूलन एवं जनस्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में प्रवेक्षक ने लेप्रा चैंपियन से संवाद कर उनके अनुभव सुने और जागरूकता अभियान की प्रभावशीलता का आकलन किया। इसके बाद उन्होंने ब्लॉक सिरसिया के मोतीपुर कलां स्थित जनजातीय क्षेत्र का दौरा किया, जहां संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उनकी स्वास्थ्य जांच कराई गई। प्रवेक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया पहुंचकर अभिलेखों, पंजीकरण रजिस्टर तथा उपचार संबंधी दस्तावेजों का गहन निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जिला कुष्ठ कार्यालय, श्रावस्ती का भी भ्रमण कर वहां संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इसके उपरांत प्रवेक्षक ने ब्लॉक इकौना के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में आशा कार्यकताओं के कार्यों का निरीक्षण किया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इकौना का भी जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटों पर होगा निःशुल्क प्रवेशः डीएम

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक पात्र बच्चों का निजी विद्यालयों में प्रवेश कराकर ह्यशिक्षा का अधिकार अधिनियम का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में बने इस कानून के तहत 1 अप्रैल 2010 से निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें गरीब एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को कक्षा 8 तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसमें अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग, अनाथ तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे शामिल हैं। पात्रता के लिए आय सीमा एक लाख रुपये वार्षिक निर्धारित है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रवेश के लिए आयु सीमा भी तय है, जिसमें नर्सरी से कक्षा 1 तक के बच्चों का चयन किया जाएगा। अभिभावक आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 25 मार्च 2026 है। सरकार द्वारा बच्चों के लिए यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, स्वेटर व स्टेशनरी के लिए 5000 रुपये प्रतिवर्ष दिए जाते हैं, जबकि स्कूलों को फीस प्रतिपूर्ति भी की जाती है। जिलाधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते आवेदन कर अपने बच्चों को इस योजना का लाभ ले सकते है।

# नेपाली रुपये के संग अभियुक्त गिरफ्तार




सिद्धार्थनगर। जनपद के मोहाना थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मोहाना थाना पुलिस व कस्टम की संयुक्त टीम ने 4 लाख 50 हजार नेपाली रुपया के साथ सूरज मौर्या पुत्र केशराम मौर्या निवासी ग्राम दुल्हा दरमियांनि टोला रमजान नगर थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर अभियुक्त को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा-11 कस्टम अधिनियम में कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक के आदेश पर एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कु0 प्रसाद के निर्देशन मे, तथा विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में क्रियाशील थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे अपराध पर अंकुश एवं अपराधियों के धड़पकड़ गिरफ्तारी तथा विशेष कर तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस व कस्टम की संयुक्त टीम ने उक्त 4 लाख 50 हजार नेपाली रुपयों के साथ उक्त एक अभियुक्त को ककरहवा बाजार में फसादीपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार करते हुए तथा अभियुक्त के पास से बरामद रुपये को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया ।जो कि पुलिस व कस्टम संयुक्त टीम की बड़ी सफलता मानी जा रही है, अभियुक्त को गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह थाना मोहाना , .नि0 संजीव कुमार सीमा शुल्क ईकाई ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर । .मु0आ0 आत्मानन्द यादव थाना मोहाना, .का0 अनुराग तिवारी थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर शामिल रहे।

# प्रधानाध्यापक समेत शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार को लेकर आक्रोश

## सीओ ने दिया कार्रवाई का भरोसा



प्रतापगढ़। स्कूल में परीक्षा के दौरान आरोपियो द्वारा प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों के साथ अभद्र आचरण व विद्यालय में हंगामा मचाने को लेकर शुक्रवार को शिक्षको में आक्रोश पनप उठा। नाराज शिक्षको ने तहरीर के बावजूद पुलिस कार्रवाई न होने पर सीओ से मिलकर गुस्से का इजहार किया। लालगंज कोतवाली के कंपोजिट विद्यालय पूरे केवल में बीती सोलह मार्च को सुबह दस बजे गांव के ही तीन आरोपियों ने विद्यालय के अंदर घुसकर रंजिशन प्रधानाध्यापक जीतलाल यादव से अभद्रता करने लगे। आरोपियो द्वारा गालीगलौज से प्रधानाध्यापक ने मना किया तो आरोप है कि दबंगो ने सरकारी अभिलेखों को इधर उधर फेंक दिया। वही उपस्थिति पंजिका को जबरिया फाड़कर नष्ट कर दिया। हंगामे के दौरान विद्यालय में तैनात शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय एवं मंजीत कुमार ने आरोपियो को समझाना बुझाना चाहा तब उनके साथ भी अभद्रता की गयी। प्रधानाध्यापक जीतलाल यादव ने पुलिस को घटना के बाबत तहरीर सौंपी। तहरीर सौपने के बाद जांच के नाम पर पुलिस ने कार्रवाई नही की। इस पर प्राथमिक शिक्षक संघ लालगंज के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सीओ से मिलकर आक्रोश जताया। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इस समय विद्यालय में वार्षिक परीक्षाएं चल रही है। ऐसे में यह घटना भय का माहौल बना गयी है। सीओ आशुतोष मिश्र ने शिक्षकों को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए शांत कराया। इस मौके पर प्राशिसं के अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, मंत्री विष्णु कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष हिमांशु ओझा, प्रदीप कुमार पाण्डेय, अजय मिश्र, अमित पाण्डेय आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## डीएम व एसएसपी ने थाना चिल्हिया मस्जिद का भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया



सिद्धार्थनगर ।गत शुक्रवार जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने त्यौहार ईद-उल-फितर व रमजान माह के आखिरी अलविदा जुमे की नमाज के दृष्टिगत जनपद के चिल्हिया थाना अंर्तगत कस्बा चिल्हिया मे मस्जिद का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा कानून-व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ बनी रहे। जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ दौरान भ्रमण निरीक्षण के क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, थानाप्रभारी नि0 चिल्हिया सहित काफी संख्या में पुलिस बल ने भ्रमण निरीक्षण किया गया।

# डीएम व एसएसपी ने साइबर हेल्प डेस्क व अभिलेखों का किया आकस्मिक निरीक्षण




सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण महिला सशक्तिकरण अभियान के क्रम में थाना चिल्हिया में स्थापित महिला शक्ति केन्द्र/साइबर हेल्प डेस्क व अभिलेखों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों से बातचीत की और निर्देश दिए कि थाने पर आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाए । मिशन शक्ति अभियान के तहत गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक किया जाए ।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक चिल्हिया सहित थाना चिल्हिया मिशन शक्ति केन्द्र के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें ।

# प्रीमियम पेट्रोल के दामों में बढ़ोतरी मोदी सरकार की अवसरवादिताः प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार द्वारा प्रीमियम पेट्रोल के दामों में दो रुपए की बढोत्तरी को पूरी तरह से अवसरवादिता करार दिया है। वहीं उन्होने डॉलर के मुकाबले रुपए की रिकार्ड गिरावट को मोदी सरकार की आर्थिक तबाही की इंतहा भी करार दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेण्डर के दामों में बढोत्तरी के बाद सरकार ने प्रीमियम पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोत्तरी कर यह साबित कर दिया है कि वह जनता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में पूरी तरह से असफल हैं। उन्होने सरकार से सवाल दागा कि वह देश को बताये कि जब कच्चे तेल की कीमत साठ डॉलर प्रति बैरल पर थमी थी तब उसने कीमतों को आखिर क्यों नही घटाया था। उन्होने कहा कि तब सरकार ने छब्बीस से तीस लाख करोड़ की कमाई कर यह राग अलापा था कि इससे वह पुराना घाटा पूरा कर रही है। उन्होने कहा कि सरकार ने यह भी दलील दिया था कि यह कमाई भविष्य की आवश्यक आवश्यकता को सुरक्षित रखने के लिए काम आयेगी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि कच्चे तेल को लेकर अभी युद्ध का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उन्होने कहा कि अभी भी अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में मात्र सौ से एक सौ दस डॉलर पर कच्चे तेल की लागत थमी हुई है। उन्होनें कहा कि ऐसे में यदि कोई डीलर पेट्रोलियम क्षेत्र में इस प्रकार से दाम बढ़ाता तब इसे मुनाफाखोरी व चोर बाजारी तथा अवसरवादिता करार दिया जाता। उन्होने कहा कि ऐसे हालात में मोदी सरकार का भी तो अब सीधे सीधे अवसरवादिता और मुनाफाखोरी का जनविरोधी रवैया सामने आया है।

## एसएसपी डा. अभिषेक महाजन ने सुनी जन फरियाद



**सिद्धार्थनगर**। एसएसपी डा0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याओं की शिकायतों की सुनवाई किया। जनसुनवाई में कुल 04शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, एसएसपी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसएसपी डा0 अभिषेक ने जनसुनवाई के दौरान फरियादियों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिया गया।

## छोटी अयोध्या में भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई महायज्ञ एवं श्रीराम कथा

गोला, गोरखपुर। छोटी अयोध्या के नाम से विख्यात उपनगर गोला में सप्तदिवसीय श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। कलश यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। शंख ध्वनि व जय श्रीराम के जयघोष से पूरा उपनगर गुंजायमान हो उठा। वीएसएवी इंटर कालेज के प्रांगण में आयोजित सप्तदिवसीय श्री श्री रूद्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर शुक्रवार को यज्ञाचार्य प्रवीण पाण्डेय एवं कथा व्यास की अगुवाई में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में पीत वस्त्रधारण की हुई सैकड़ों कन्याएं एवं महिलाएं कलश लेकर चल रही थी।

# गोरखपुर बना निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन

- नौ साल पहले गिनती के थे उद्योग, अब खड़ी हो रही उद्योगों की कतार
- योगी सरकार से पहले स्थानीय उद्यमी भी करने लगे थे पलायन, अब देश की नामी कम्पनियों को भाया गोरखपुर

घनश्याम कुमार

**गोरखपुर।** गोरखपुर और आसपास के क्षेत्र में लॉ एंड ऑर्डर, कनेक्टिविटी और इन्वेस्टर्स फ्रेंडली पॉलिसी से औद्योगिक विकास का ईकोसिस्टम बदल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन ने गोरखपुर को न केवल समग्र विकास के पथ पर अग्रसर किया है बल्कि इसे निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन भी बना दिया है। उद्यमियों के पलायन की प्रवृति से निजात पाकर यह क्षेत्र देश की नामी कम्पनियों को भाने लगा है। नौ साल पहले जहां इस इलाके में गिनती के उद्योग थे, वहीं अब उद्योगों की कतार खड़ी होने लगी है और इसका केंद्र बिंदु बना है गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र। साढ़े तीन दशक पहले स्थापित गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) बीते नौ सालों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन और सरकार की इन्वेस्टर्स फ्रेंडली पॉलिसी से पूर्वांचल के औद्योगिक विकास का इंजन बनकर उभरा है। इस बात को सभी स्वीकारते हैं कि गोरखपुर में निवेशकों का रुझान 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद बढ़ा है। 2017 के पहले यहां गिनती के उद्योग थे तो वहीं बीते नौ सालों में उद्योगों की श्रृंखला खड़ी हो गई है। सीएम योगी के नेतृत्व में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर व कनेक्टिविटी के विस्तार और निवेशकों के लिए प्रोत्साहनपरक नीतियों ने ऐसा माहौल बनाया कि गीडा स्थानीय ही नहीं देशभर के निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य बन चुका है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी होने के बाद निवेशकों का रुझान और तेजी से बढ़ रहा है। सरकार की औद्योगिक नीति के साथ ही सीएम योगी की गीडा के प्रति व्यक्तिगत दिलचस्पी ने भी औद्योगिक विकास का ईकोसिस्टम तैयार करने में



अहम भूमिका निभाई। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में गीडा क्षेत्र में केयान इंडस्ट्रीज ने 1200 करोड़ रुपये, पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण ब्रेवरेज ने 1100 करोड़, अंकुर उद्योग ने 500 करोड़, इंडिया ऑटोव्हील्स ने 400 करोड़, एसडी इंटरनेशनल ने 300 करोड़, सीपी मिल्क एंड फूड्स (ज्ञान डेयरी) ने 118 करोड़, तत्वा प्लास्टिक्स ने 105 करोड़ और कपिला कृषि उद्योग ने 100 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सरकार के नजरिये में आए बदलाव के आठ सालों में गोरखपुर को करीब पांच सौ औद्योगिक इकाइयों के सापेक्ष करीब बारह हजार करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश प्राप्त हुए जिससे चालीस हजार से अधिकलोगों के रोजगार का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सीएम योगी के नौवें कार्यकाल के दौरान गीडा ने वर्तमान वर्ष में करीब नौ लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल में करीब सवा सौ औद्योगिक भूखंडों का आवंटन निवेशकों को किया है। इस भूमि आवंटन के सापेक्ष करीब करीब सात हजार करोड़ रुपये का निवेश और बारह हजार से अधिक रोजगार सृजन प्रस्तावित है। गोरखपुर में बना औद्योगिक विकास का माहौल कोल्ड ड्रिंक्स की प्रमुख मल्टीनेशनल कम्पनियों पेप्सिको, कोका कोला और कैम्पा को भी भाया है। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनुज मलिक बताती हैं कि मल्टीनेशनल पेप्सिको की फ्रेंचाइजी वरुण बेवरेजेज का 1100 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित बॉटलिंग प्लांट यहां पहले से उत्पादनरत है। कोका कोला के प्लांट का भूमि पूजन हो चुका है। इसके लिए गीडा सेक्टर 27 में 40 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। पहले चरण में यहां 800 करोड़ रुपये के निवेश से प्लांट लगाया जा रहा है। नए दौर में रिलायंस समूह के स्वामित्व वाले कैम्पा ब्रांड के कोल्ड ड्रिंक की यूनिट लगाने के लिए भी समूह द्वारा गीडा के धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में जमीन पसंद कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में दक्षिणांचल का औद्योगिक कायाकल्प करने वाली परियोजना धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप ने भी धरातलीय आकार लेना शुरू कर दिया है। इस टाउनशिप का सुनियोजित विकास 6876 एकड़ क्षेत्रफल में होना है। यह औद्योगिक क्षेत्र दक्षिणांचल के 17 अधिसूचित ग्रामों में बस रहा है। गीडा द्वारा परियोजना का प्रथम चरण 800 एकड़ भूमि में विकसित किया जा रहा है। प्रथम चरण में अडानी समूह को अंबुजा सीमेंट की यूनिट लगाने के लिए 46.63 एकड़ और श्रेयस डिस्टलरीज एंड एनर्जी लिमिटेड को 60.48 एकड़ भूमि का आवंटन भी कर दिया गया है। इन दोनों आवंटन से 4200 करोड़ रुपये का निवेश और 6500 लोगों के लिए रोजगार प्रस्तावित है। इसके अलावा टाटा पॉवर ने सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए तथा वीडियोकान ने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की यूनिट लगाने के लिए धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप में जमीन लेने की रुचि दिखाई है।

### औद्योगिक विकास : नौ वर्ष की अन्य प्रमुख उपलब्धियां

*-गीडा में 88 एकड़ क्षेत्रफल में प्रदेश के पहले प्लास्टिक पार्क की स्थापना।*

*-प्लग एंड प्ले उद्योगों हेतु जी+3 बहुमंजिला संरचना में फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स का विकास।*

*-स्थानीय उद्योगों में तकनीकी कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने को गीडा में नाइलिट (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) सेंटर।*

## अलविदा जुमा की नमाज उत्साह के साथ पढ़ी गयी, डीएम एसएसपी ने निरीक्षण किया



इटावा। रमजान उल मुबारक का आखिरी अलविदा जुमा की नमाज हजारों रोजेदार मुसलमानों ने शहर की विभिन्न मस्जिदों में शांति से अदा की और मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी। नगर पालिका परिषद की ओर से सभी मस्जिदों के आसपास साफ सफाई का ध्यान रखते हुए कलई आदि का छिड़काव कराया। पचराहा पर डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ला, एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, सीओ सिटी अभयनारायन राय ने निरीक्षण किया। रोजेदारों और मुसलमानों ने आखिरी अलविदा जुमा की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दीं थीं, मुस्लिम समाज के बुजुर्ग, नवयुवक और बच्चों ने जहां शहर की विभिन्न मस्जिदों में आखिरी अलविदा जुमे की नमाज खुशनुमा माहौल में अदा की वहीं महिलाओं ने अपने अपने घरों पर आखिरी अलविदा जुमे की नमाज अदा की। मस्जिद पचराहा, शाही मस्जिद नौरंगाबाद, मस्जिद शेख जलाल, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कब्रें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद लालपुरा, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अक्सा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाकी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद कचहरी, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड्डा स्टेशन रोड सहित अनेक मस्जिदों में आखिरी अलविदा जुमा की नमाज अदा हुई। शेख जलाल मस्जिद के मुतवल्ली हाजी हन्नान मंसूरी चांद व अन्य नमाजियों ने मुल्क में अमनचैन व आपसी सौहार्द की दुआ मांगी।

## संघ के स्वयं सेवकों का नगर में निकला भव्य पथ संचलन



गोला, गोरखपुर। छोटी अयोध्या उपनगर गोला में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भव्य पथ संचलन निकाला। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने कदमताल करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से पथ संचलन गुजरा। लोगों ने पथ संचलन पर पुष्पवर्षा कर स्वयं सेवकों का अभिनंदन किया। छोटी अयोध्या के सरयू तट पक्का घाट स्थित श्री रसिक बिहारी जी मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र व संघ संस्थापक डा हेडगेवार के चित्र पर पुष्पार्चन कर हुई। जिसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने आद्य सरसंघचालक को प्रणाम किया। तदुपरांत पथ संचलन रसिक बिहारी जी मंदिर प्रांगण से शुरू होकर चौक बाजार, भिखीगंज, गौशाला, हनुमानगढ़ी, ब्रह्मस्थान, सिनेमा रोड व श्री रासबिहारी जी मंदिर होते हुए पुनः संघ शाखा पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान नगरवासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर संघ चालक मनोज कुमार उमर व रविशंकर पाठक ने संघ की 100 वर्षों की यात्रा और संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन व योगदान की सराहना की। और स्वयंसेवकों को समाज में एकता, नागरिक कर्तव्यों के पालन और प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रनिर्माण में संगठित होकर योगदान देने का आह्वान भी किया। उक्त अवसर पर नगर के प्रमुख समाजसेवी शत्रुघ्न कसौधन, रविशंकर पाठक, देवानंद कन्नौजिया, सभासद दीपक जायसवाल, संजय गुप्ता, मुकेश जायसवाल, मारकडेय उमर, वीरेन्द्र मालाकार, श्रीराम मदेशिया, उपेन्द्र जायसवाल, मनोज कसौधन, बेचन जायसवाल, पंकज सोनकर, वीरेन्द्र वर्मा, विवेक कुमार व सोनू आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने गिनायीं उपलब्धियां विकास की रफ्तार और होगी तेज

मझगांवा, गोरखपुर। बांसगांव विधानसभा में हुए विकास कार्यों को विधायक विमलेश पासवान ने शुक्रवार को गगहा ब्लाक मुख्यालय पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रेस वार्ता के दौरान बांसगांव में हुए विकास कार्यों को लोगों के सामने रखा साथ ही कुछ बिन्दुओं पर सवाल उठाए जाने पर उसे भी जल्द विभागीय अधिकारियों से मिलकर उसे भी पूरा कराने का आश्वासन दिया। शुक्रवार को ब्लाक मुख्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक विमलेश पासवान ने बताया कि वास गांव कौड़ी राम मार्ग, गोबरहिया -रकहट मार्ग, मझगांवा -रकहट मार्ग, हाटा -घेवर पार मार्ग का चौड़ीकरण व जिर्णोद्धार के साथ ही ग्रामीण सड़कों को गढ्ढा मुक्त कर दिया जाएगा, घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है सबको गैस उपलब्ध कराया जा रहा है। वास गांव में स्टेडियम का कार्य लगभग 40



प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है ।सहजनवा - दोहरीघाट रेलवे लाइन में जमीन अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जल्द ही रेलवे लाइन निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा ।गोला -कौड़ी राम मार्ग का चौड़ीकरण कर आवागमन और सुचारू बनाया जाएगा। गांवों जल निगम की सप्लाई न होने और गांवों की सड़कों की खुदाई कर गढ्ढा युक्त कर दिया गया है ।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख गगहा शिवा जी चन्द, महन्त सिंह खण्ड विकास अधिकारी गगहा रजत गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष अजीत वर्मा, सन्तोष चन्द, अरविंद शाही सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## छोटी अयोध्या में हिंदू नव संवत्सर पर हुई मां सरयू की भव्य महाआरती



गोला, गोरखपुर। छोटी अयोध्या के नाम से प्रख्यात उपनगर गोला में हिंदू नव संवत्सर के पावन अवसर पर मां सरयू मैया के पावन तट श्रद्धा, आस्था और भक्ति के उल्लास से सराबोर दिखा। हिंदू नव वर्ष पर श्रद्धालुओं ने मां सरयू की भव्य महाआरती कर लोक मंगल की कामना किया गया। संध्या आरती के समय माँ सरयू का तट दीपों की सतरंगी आभा से जगमगा उठा। शंख की ध्वनि मंत्रोच्चार और भगवान श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर माँ सरयू की विधिवत आरती कर नगर व देश की सुख समृद्धि व लोकमंगल की कामना किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन व नगर संघ चालक मनोज कुमार उमर वैश्य ने बताया कि इस हिन्दू नव वर्ष पर धार्मिक आस्था के साथ साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को भी सशक्त किया। यह भव्य आरती न केवल गोला नगर की धार्मिक पहचान को सुदृढ़ करने वाली रही बल्कि छोटी अयोध्या गोला की पावन परंपरा को भी एक नई गरिमा प्रदान करती हुई। इस अवसर पर रविशंकर पाठक, सुरेन्द्र कुमार यादव, देवानंद रजक, मुकेश जायसवाल, विवेक जायसवाल, सोनू चौरसिया, पवन कुमार दुबे, सुरेन्द यादव, पंकज सोनकर, उपेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश वर्मा, वीरेन्द्र वर्मा, बेचन जायसवाद मनोज कसौधन, सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## झारखंड के राज्यपाल गार्डन का कल शुभारंभ करेंगे



बकेवर, इटावा। 22 मार्च रविवार की सुबह 10 बजे नगर लखना के रानी साहिबा का छोटा हाता लखना में महालक्ष्मी महल 300 वर्ष पुराना हेरिटेज गार्डन का शुभारंभ झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा होगा। इस निजी कार्यक्रम के आगमन को लेकर अपरजिलाधिकारी, एसपी ग्रामीण श्रीशचंद्र, एसडीएम भर्थना, सीओ भर्थना व थानाध्यक्ष बकेवर ने शुक्रवार की दोपहर कस्वा लखना पहुंचकर निरीक्षण किया। राज्यपाल के कार्यक्रम की जानकारी लखना राज रविशंकर शुक्ला से की। अपर जिलाधिकारी अभिनवरंजन श्रीवास्तव ने इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर उनके रुकने व बैठने सहित अन्य प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के साथ वहां पर मौजूद एसडीएम भर्थना काव्या सी और तहसीलदार भरथना दिलीप सिंह से लोगों की सूची प्राप्त कराने के लिए कहा गया। साथ ही छोटे हाता की सड़क से जाने वाले रास्ते पर पुलिया अधिक ऊंची होने तथा सड़क पर गड्ढे होने के कारण प्रभारी अधिशाषी अधिकारी लखना श्यामवचन सरोज को सही कराने के निर्देश दिये। वहीं इस कार्यक्रम के चलते पुलिस का व्यापक इंतजाम है। कार्यक्रम आयोजक रविशंकर शुक्ला, रिषभ शंकर शुक्ला ने बताया कि महामहिम पहले मां कालिका मां के दर्शन करेंगे इसके बाद महालक्ष्मी महल के 300 वर्ष पुराने हेरिटेज गार्डन का भव्य शुभारंभ करेंगे।

## लोडर ट्रक में घुसा दो की मौत, पांच घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार की अलसुबह करीब 3:40 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नींद की झपकी आने से अनियंत्रित लोडर सड़क किनारे दूर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। हादसे में लोडर चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। लोडर औरैया की ओर जा रहा था। तभी चालक को नींद आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोडर के परखच्चे उड़ गए। हादसे में संजू पुत्र राजकुमार निवासी ऊंचा अजीतमल लोडर चालक और कल्लो पत्नी रामदास निवासी पल्लापुर, थाना मंगलपुर, कानपुर देहात की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ईशु पुत्र संजू, धोनी पुत्र संजू, रामदास पुत्र ललजु, महादेव निवासी मखोली थाना मूसानगर तथा भगवानदास घायल हो गए। इनमें भगवानदास को मामूली चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और उसके चालक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## ईदगाह में आज नमाज दो शिफ्टों में अदा होगी

इटावा। ईदगाह कमेटी के सेकेटरी डा. मोहम्मद अफजाल व कोषाध्यक्ष हन्नान मंसूरी चांद ने बताया कि ईदगाह परिसर में ईद के दिन नमाज दो शिफ्टों में होगी। डा. मोहम्मद अफजाल व कोषाध्यक्ष हन्नान मंसूरी चांद ने बताया कि ईद की नमाज ईदगाह परिसर में दो शिफ्टों में होगी, पहली शिफ्ट में नमाज सुबह 7.30 बजे मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी और दूसरी शिफ्ट में नमाज सुबह 8.30 बजे मौलाना फरहान बरकाती अदा कराएंगे। शासन और प्रशासन की मंशा के अनुरूप ईदगाह के बाहर सड़क पर कोई भी नमाजी नमाज अदा नही करेगा। ईदगाह कमेटी के वालनटियर ईदगाह के बाहर नमाजियों को सड़क पर नमाज अदा करने से रोकने के लिए तैनात रहेंगे। इसी तरह नौरंगाबाद शाही मस्जिद में 7.45, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद चैखर कुआं, मस्जिद शाहगंज में सुबह 8 बजे व मस्जिद पचराहा में सुबह 8.30 ईद की नमाज होगी।

## परिवार नियोजन को लेकर आशाओं का उन्मुखीकरण

उन्नाव। स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत परिवार नियोजन सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने, सभी आशा कार्यकत्रिओं को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए एक समीक्षा बैठक और उन्मुखीकरण कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार में किया गया। नोडल अधिकारी परिवार नियोजन द्वारा सभी आशाओं को सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए कहा गया तथा 1 अप्रैल से चयनित चिकित्सा इकाई पर अंतरा त्रैमासिक सब क्यूटिनियस इंजेक्शन लॉन्च किया जाएगा उसको लेकर सभी आशाओं का उन्मुखीकरण किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी अर्बन ने निर्देश दिया कि परिवार नियोजन की सुविधाएं समाज के अंतिम पायदान तक पात्र लाभार्थी को अनिवार्य रूप से पहुंचनी चाहिए।

## देवारा में सजा भव्य फाग महोत्सव, रंग-बिरंगे गीतों से झूमा ग्रामीण अंचल

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवारा में 20 मार्च 2026 को भव्य फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन योगेंद्र सिंह छोटू द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्रीय लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। आयोजकों के अनुसार महोत्सव में एक से बढ़कर एक फाग प्रस्तुत करने वाली टीमों को आमंत्रित किया गया था, जिसने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। पारंपरिक फाग गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्सवी बना दिया, जिससे ग्रामीण परिवेश में लोक संस्कृति की झलक साफ दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न टीमों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। देर तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और फाग गीतों का आनंद लेते नजर आए। आयोजक योगेंद्र सिंह ह्यछोटूह्ल ने क्षेत्र के सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता से कार्यक्रम सफल रहा। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को जारी रखने की बात कही।



## बेटियों की मेहनत का सम्मान

### खुशी को साइकिल व उपासना को घड़ी भेंट

उन्नाव। यूपीएस रामपुर गढ़ौवा में एक प्रेरणादायक सम्मान समारोह के आयोजन के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खुशी और उपासना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीएसपीएसए जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने अपना जन्मदिन बच्चों के साथ मनाते हुए केक काटा और छात्राओं को सम्मानित किया। उनके द्वारा छात्रा खुशी को रेंजर साइकिल तथा उपासना को टाइटन घड़ी भेंट की गई। दोनों छात्राओं की लगातार शानदार उपलब्धियों पर यह सम्मान दिया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने साइकिल चलाकर साथियों के साथ खूब मस्ती की। पीएस रामपुर गढ़ौवा की प्रधान शिक्षिका आरती ने भी दोनों छात्राओं को 501 रुपये का उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाध्यक्ष संजीव संखवार ने कहा कि बच्चों की मेहनत और प्रदीप वर्मा के समर्पण का यह परिणाम है। ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। वहीं विद्या सागर मिश्र ने कहा कि विद्यालय और बच्चे लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहे है। बच्चों का यह प्रदर्शन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में शिक्षक प्रदीप वर्मा, शशि देवी, शाहे खुबा, रमनजीत कौर, इंद्रपाल, लक्ष्मी यादव, विद्या सागर मिश्र, आरती सिंह, प्रीति चक, मनोज कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया, जबकि शिक्षकों ने इसे बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम बताया। विद्यालय में हुए इस आयोजन ने न केवल बेटियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की नई प्रेरणा दी। खुशी और उपासना के माता पिता सहित ग्रामीण भी बच्चों को मिले उपहारों और डीएम गौरांग राठी द्वारा प्रतिभा के सम्मान से गदगद नजर आए।



## जनगणना कार्यों को गंभीरता से लेकर कार्य मे तेजी लाए: एडीएम

उन्नाव। पन्नालाल सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ की अध्यक्षता में जनगणना निदेशालय लखनऊ से आए हुए लखनऊ मंडल के जनगणना प्रभारी अनुपम कुमार सिंह सोमवंशी संयुक्त निदेशक आई टी जनपद उन्नाव के लिए नियुक्त जिला जनगणना प्रभारी उमाशंकर की उपस्थिति में जनगणना के कार्य की तैयारियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर एचएलबीसी क्रिएशन मैपिंग फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों का डाटा तैयार कर सीएमएमएस पोर्टल पर अद्यतित करने पर्यवेक्षक एवं प्रगणकों के प्रशिक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रथम चरण में मकान की सूची करण एवं मकानों की गणना सम्बन्धी तैयारी की समीक्षा की गई। मंडल जनगणना प्रभारी ने जनगणना के कार्य मे तीब्रता के साथ कार्य किये जाने के निर्देश सभी जनगणना चार्ज अधिकारी और मास्टर ट्रेनर को दिए। अपरजिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही ना की जाए।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी सं. 236198695 में मेरा नाम छत्तीस कुमार पुत्र श्री जगन्नाथ दर्ज है, जबकि मेरे समस्त अभिलेखों में सतीश कुमार पुत्र जगन्नाथ दर्ज है। उपरोक्त सतीष कुमार व छत्तीस कुमार दोनों नाम मेरे ही है। सूचनाकर्ता सतीष कुमार पुत्र जगन्नाथ नि. ग्राम व पोस्ट बरोठा जिला खीरी 262903।

## एसएसपी ने परेड की सलामी ली

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई इसके बाद निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया।

## सैफई कांड: पीड़िता व आरोपी का डीएनए परीक्षण

### आरोपी जेल भेजा गया, अखिलेश यादव ने उठाये सवाल

सैफई, इटावा। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के मानसिक रोग विभाग में भर्ती असहाय महिला से दुष्कर्म प्रकरण में जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। पीड़िता व आरोपी दोनों का डीएनए परीक्षण कराया गया है और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। इस बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिना पुलिस सत्यापन संविदा पर कर्मचारियों की तैनाती को लेकर सवाल उठाए हैं। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया बयान में कहा कि बिना किसी जांच-पड़ताल और पुलिस सत्यापन के संविदा पर नियुक्तियां इस प्रकार की घटनाओं को जन्म देती हैं। उन्होंने जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की बात कही। मानसिक रोग विभाग में 14 जून 2025 को करीब 38 वर्षीय अज्ञात महिला को भर्ती कराया गया था। महिला बोलने, सुनने और समझने में अक्षम है और लंबे समय से उपचाराधीन थी। 17 मार्च 2026 को



जांच के दौरान उसके करीब पांच माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद मामला उजागर हुआ। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सफाई कार्य देख रही फर्म सन फैसिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के तहत आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मचारी ने वार्ड के भीतर ही महिला के साथ कई बार दुष्कर्म किया। वार्ड में अन्य मरीजों की मौजूदगी के बावजूद घटना का लंबे समय तक सामने न आना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। मामले में मानसिक रोग विभागाध्यक्ष की ओर से थाना सैफई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके आधार पर पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार मिश्रा समेत 14 नर्सिंग व सहयोगी स्टाफ को हटाते हुए विभाग की जिम्मेदारी संकायाध्यक्ष मेडिकल प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार को सौंपी है।

#### मेरे पति को झूठा फंसाया गया-पूनम

मूक बधिर महिला से रेप के आरोपी की पत्नी का आरोप जबरिया जुर्म स्वीकार करने को उसके पति सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ ने उसकी पिटाई की है। पूनम का आरोप है कि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के डॉक्टर एके मिश्रा और मेडिकल स्टाफ ने उनके पति की पिटाई करने के बाद दबाव बनाकर के रेप का झूठा आरोप स्वीकार कराया है।


## उत्तर रेलवे

### ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि सं. | MPS-LKO-BSB-JNU |
| कार्य का विवरण | Allotment of MPS Stall at Various Stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2026 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 07.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 07.04.2026 at 12:10 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देख जा सकता है। | E-Auction Module of **www.ireps.gov.in** |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under: -**

| S N | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | LUCKNOW (LKO) | MPS-LKO-LKO-MPS-21-26-1 | LKO/2&3/6/MPS | 07.04.2026 at 11:30 hrs. | GMU | |
| 2 | LUCKNOW (LKO) | MPS-LKO-LKO-MPS-22-26-1 | LKO/4&5/8/MPS | 07.04.2026 at 11:40 hrs. | GMU | |
| 3 | LUCKNOW (LKO) | MPS-LKO-LKO-MPS-20-26-1 | LKO/1/3/MPS | 07.04.2026 at 11:50 hrs. | SMU | Minority |
| 4 | JAUNPUR (JNU) | MPS-LKO-JNU-MPS-24-26-1 | JNU/1/21/MPS | 07.04.2026 at 12:00 hrs. | GMU | |
| 5 | VARANASI (BSB) | MPS-LKO-BSB-MPS-23-26-1 | BSB/4&5/11/MPS | 07.04.2026 at 12:10 hrs. | GMU | Women |

No: C-285-MPS /LKO Div./ Revenue/JSM Dt: 19.03.2026 946/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## कार बस की टक्कर में तीन घायल

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर ढखेरवा मार्ग पर शुक्रवार को कार बस की टककर होने से एक ही परिवार के तीन लोग बुरी तरह जख़्मी हो गए। बुरी तरंह जख़्मी लोगो को जिला अस्पताल ले जाया गया है। शुक्रवार को ढखेरवा लखीमपुर मार्ग पर ज्वेलर्स व्यापारी रानू बरनवाल अपनी कार परिवार के साथ जा रहे थे।सामने से आ रही एक निजी बस से कार मल्लबेहड़ औघड़ बाबा के पास टकराई जिसमें व्यापारी रानू बरनवाल बुरी तरह जख्मी हो गए। कार सवार दूसरे ज्वेलर्स स्वर्गीय गुड्डू बरनवाल की पत्नी व उनका पुत्र शिवांक भी बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। हादसे के बाद बस वह कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## सेपकटकरा नेशनल के लिए यूपी टीम रवाना

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपकटकरा चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश की टीम रवाना हो गई है। टीम में गोला गोकर्णनाथ का होनहार खिलाड़ी अभिमान कश्यप भी शामिल है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों का दल बरेली जंक्शन से रवाना हुआ, जहां जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। खिलाड़ियों की आंखों में जीत का सपना और प्रदेश का नाम रोशन करने का जज्बा साफ नजर आया। रवानगी के दौरान अभिमान कश्यप की मां की मौजूदगी ने माहौल को भावुक और गर्वपूर्ण बना दिया।टीम एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक आनंद के मार्गदर्शन और पूर्व आईटीबीपी अधिकारी तान सिंह के नेतृत्व में प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। खिलाड़ियों को कोच मीना कुमारी, रामकुमार और बीएस शर्मा द्वारा प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया जा रहा है। रवानगी के दौरान खिलाड़ियों के परिजनों ने उन्हें जीत का आशीर्वाद देकर विदा किया।इस मौके पर टीम के 15 बालक और 10 बालिका खिलाड़ियों को खेल किट भी वितरित की गई।पूर्व आईटीबीपी अधिकारी तान सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो मैदान में पसीना बहाता है, वही इतिहास रचता है।

## डॉग को मारने का विरोध करने पर हमला

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।शहर के मुन्नूगंज वार्ड में कुत्ते को मारने का विरोध करने पर दबंगों द्वारा युवक पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित मोहम्मद इस्लाम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के बाहर बैठा पालतू कुत्ता था, जिसे मोहल्ले के ही अतीक, फिरोज और यामीन उर्फ राजीव ने पीट दिया।इस बात की जानकारी होने पर जब वह आरोपियों से पूछताछ करने गया तो सभी ने एकजुट होकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसका बायां हाथ टूट गया और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके साले एरिस को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

# नौ साल में यूपी ने किया कमालः प्रभारी मंत्री

## सरकार की उपलब्धि वाली विकास प्रदर्शनी का प्रभारी मंत्री ने किया अवलोकन

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ साल पूरे होने पर आईटीआई ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। परिषदीय विद्यालय राजापुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को मनोहारी बनाया। इसके बाद प्रदेश सरकार की विकास पुस्तिका आमजन में वितरित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने अपने 09 वर्ष के कार्यकाल में गरीब कल्याण, युवा एवं महिला सशक्तिकरण, अन्नदाता और किसानों को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। नवनिर्माण के इन नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और रोजगार के अवसर बढ़े। प्रदेश ने ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी पहचान बनाई और देश की अर्थव्यवस्था में अहम योगदान दिया। सरकार ने प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के लिए जनकल्याण योजनाओं को धरातल पर उतारा। बिना किसी भेदभाव के प्रदेश को 1 ट्रिलियन इकोनॉमी तक पहुंचाने में सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मंत्री ने कहा कि लगातार 09 साल प्रदेश को आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का काम हुआ है। जनता का विश्वास और आशीर्वाद प्रदेश की विकास यात्रा का आधार हैं।

सरकार ने असंभव को संभव बनाया। मोदी है तो मुमकिन है, योगी है तो यकीन है। उन्होंने केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में आज कानून का राज है, जहां जनमानस सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज उप्र की कानून व्यवस्था की मिसाल पूरे भारत में दी जाती है। प्रशासन योजनाओं के बेहतर क्रियावयन करते हुए इसे जनमानस तक पहुंचाने में प्रतिबद्धता से काम कर रहा है। उन्होंने जनमानस के बीच योजनावार आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उपलब्धियां गिनाई। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि नवनिर्माण के इन 09 वर्षों में प्रदेश विकास की उदाहरण बनकर उभरा है। जिले और उनकी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की कीर्तिमान उपलब्धियों को जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। जिले में डीएम, सीडीओ के नेतृत्व में विकास की किरण अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। सड़कों का जाल बिछ रहा है, वहीं स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार दर्ज किया गया है। इस मौके पर भाजपा नेता आशु मिश्र, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीसी एनआरएलएम जेके मिश्र सहित बड़ी संख्या में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों को दी सौगातें, खिले चेहरे

प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ पांच लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड प्रदान किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाली चार आशा संगिनी को सम्मानित किया। मंत्री ने सीएम युवा उद्यमी योजना के पांच लाभार्थियों को पांच-पांच लाख रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र सौंपे। लाभार्थी शंकर लाल कुमार निशुल्क माटी कला टूल किट दी गई। तीन लाभार्थियों को पारिवारिक लाभ योजना के स्वीकृति पत्र और वृद्धावस्था पेंशन के तीन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। सीएम आवास योजना (ग्रा) के पांच लाभार्थियों को चाबियाँ भी वितरित की।

## प्राथमिक विद्यालय बंशी नगर में गौरैया दिवस मनाया गया



पलियाकलां खीरी। हम लोगों के बीच से लंबे समय से घट रही गौरैया पक्षी की संख्या सभी पक्षी प्रेमियों को बहुत चिंतित कर रही है। गौरैया विलुप्त होती जा रही है इसको बचाने के लिए ही लोगों को जागरूक करने के लिए ही विश्व गौरैया दिवस 20 मार्च को मनाया जाता है। लोगों से अपील की जाती है घर पड़ोस में छोटे-छोटे नींबू, चांदनी, अनार आदि के पेड़ लगाए। गौरैया ऊंचाई तक उड़ती नहीं है छोटे-छोटे पेड़ों पर ही अपना घोंसला बनाती है ।गौरैया बचाने के लिए छत पर मिट्टी के बर्तनों में पानी रखें वहां बाजर, चावल गेहूं ,आदि कुछअनाज भी डालें। नगरों के बड़े-बड़े भवनो में गौरैया पहुंचती ही नहीं है वायर लेस टेलीफोन के टावरों ने भी गौरैया के प्रजननको प्रभावित किया है। आज बंसी नगर के प्राथमिक विद्यालय मे विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। जिसमे शिवबाबू सरोज (डिप्टी रेंजर) पलिया रेंज धनीराम मोटीवेटर, नाजरून निशा मोटीवेटर, गरिमा व0द0 रमाकांत मिश्रा व0र0 आदि उपस्थित रहे। बच्चों और शिक्षकों को गौरैया बचाने के लिए जागरूक किया।

## अधिवक्ताओं ने एन टी कोर्ट का किया बहिष्कार



महोली/सीतापुर। तहसील के अधिवक्ता की निजी परमिशन फाइल को लेकर नायब तहसीलदार व अधिवक्ता में नोकझोक होने के बाद अधिवक्ताओं ने बैठक कर नायब तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। जिसमें बार एसोसिएशन भी शामिल रहा।

जानकारी अनुसार तहसील के अधिवक्ता जयराम यादव के पिता जी रामासरे की धारा 98 की फाइल नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह के पास गई थी। इस फाइल बावतअधिवक्ता जय राम यादव गुरुवार दोपहर नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह से बात करने गए थे। जहां पर नायब तहसीलदार ने कहा कि पहले अपना बैनामा मेरे पास लेकर आओ। जबकि इस फाइल पर रजिस्टर कानूनगो ने अपनी रिपोर्ट लगा दी है। जयराम यादव ने बताया कि गुरुवार को जब मैं नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह से मिलने गया तो उक्त फाइल को लेकर विवाद काफी बढ़ गया। बात इतनी बढ़ गई कि आपस में देख लेने की बात होने लगी। इसकी जानकारी अधिवक्ता जयराम के द्वारा बार एसोसिएशन में दी गई। शुक्रवार को बार एसोसिएशन तहसील में अधिवक्ताओं ने बैठक कर निर्णय लिया गया कि जब तक नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक न्यायिक कोर्ट का बहिष्कार जारी रहेगा। इस बावत जब नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने कहां कि मैने 18 मार्च को सायं जब रजिस्टार कानूनगो के कार्यालय में अन्य किसी प्रशासनिक कार्य कर रहा था तभी अधिवक्ता जयराम आए और कहने लगे कि हमारी धारा 98 हरिजन परमीशन की जो पत्रावली है आप इसे तत्काल कर दें। मैंने कहा पत्रावली का अवलोकन करने के बाद कर दूंगा। अगले दिन 19 मार्च को प्रातः फिर से यह मेरे पास आए और पत्रावली करने का दबाव बनाने लगे। पत्रावली में रजिस्टार कानूनगो की आख्या अनुसार साक्ष्य पूर्ण न होने के कारण मैंने उनसे बैनामा देने की बात कही जिस पर वह नाराज हो गए और कहने लगे तुमको हम खरीद लेंगे मैंने कई बार तुमको खरीदा है। बिना साक्ष्य के मुझ पर फर्जी आरोप लगाने लगे। तब मैने कह दिया कि हम तुम्हारे खिलाफ विधिक कार्रवाई करेंगे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष हरिहरन नाथ दीक्षित ने बताया कि तहसील के अधिवक्ता के साथ नायब तहसीलदार ने अभद्रता की है। जिस संबंध में अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर नायब तहसीलदार के स्थानांतरण तक उनकी कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरा अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित, अभय मिश्रा, नीरज मिश्रा, जितेंद्र त्रिवेदी, अतुल सिंह, प्रमोद यादव, अमरपाल, कमलेश भार्गव सहित अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मौसम ने ली करवट, 4 डिग्री पारा गिरा

सीतापुर। जिले में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ले ली, जिससे जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा। घने बादलों ने आसमान को ढक लिया और तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में हल्की बारिश शुरू हो गई। इस बदलाव से तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है।



शहर क्षेत्र में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी हुई, जबकि महमूदाबाद इलाके में हल्की ओलावृष्टि भी देखी गई। मौसम के इस बदले मिजाज का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण इलाकों में देखने को मिला। कमलापुर क्षेत्र के किसान सत्यप्रकाश सिंह के अनुसार, इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में है और यदि तेज हवाएं व बारिश जारी रही तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है। ओलावृष्टि से बालियां झुकने और दाने खराब होने का खतरा बढ़ गया है। मौसम में आए इस बदलाव से आम जनजीवन भी प्रभावित हुआ। अचानक आई बारिश और तेज हवाओं के चलते बाजारों में भीड़ कम हो गई और लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं स्कूली बच्चों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। छुट्टी के समय बारिश शुरू होने से कई बच्चे भीगते हुए घर पहुंचे, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिनों तक इसी तरह मौसम में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। ऐसे में किसानों और आम लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

## दीवार गिरने से किसान घायल, पशु भी चोटिल

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। दोपहर बाद घने बादलों ने आसमान को ढक लिया, जिसके बाद तेज हवाओं और रुक-रुक कर हो रही बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। इसी दौरान विकासखंड क्षेत्र के ग्राम मोहद्दीनपुर में एक बड़ा हादसा हो गया। गांव निवासी किसान कमलेश (52 वर्ष) पुत्र विशंभर दयाल अपने पशुओं को चारा दे रहे थे, तभी तेज हवाओं के दबाव से करीब 18 फुट लंबी और 10 फुट ऊंची पक्की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। दीवार की चपेट में आने से कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक गाय भी चोटिल हो गई। घटना के तुरंत बाद परिजनों और ग्रामीणों ने घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल हिमायतुल्ला और राहुल कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन शुरू किया। इस संबंध में नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही जांच के निर्देश दिए गए हैं।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार



सीतापुर। जनपद में कुख्यात अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस ने एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार तड़के हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी अपराधी इंदल गिरी पुलिस की गोली से घायल होकर आखिरकार गिरफ्त में आ गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के सख्त निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चल रही इस मुहिम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह और क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी टीम लगातार सक्रिय थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित अपराधी इंदल गिरी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहा है। सूचना मिलते ही ग्राम मोचकलां के पास पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली सीधे इंदल के पैर में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा और दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक प्लेटिना मोटरसाइकिल, चांदी की पायल, .315 बोर तमंचा, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, इंदल गिरी हाल ही में बिसवां में घर में घुसकर लूट की वारदात में शामिल था और लंबे समय से फरार चल रहा था। इस मामले में उसके तीन अन्य साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। अब इस गैंग के चारों सदस्य कानून के शिकंजे में हैं। मुठभेड़ में घायल आरोपी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस कार्रवाई में स्वाट प्रभारी सतेंद्र विक्रम सिंह, थाना प्रभारी राम राघव, उपनिरीक्षक महेश गंगवार और आरक्षी अमरेंद्र द्विवेदी सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही। ऑपरेशन लंगड़ा के तहत पुलिस का साफ संदेश हैकृ अपराध करोगे तो या तो जेल जाओगे, या फिर इसी तरह लंगड़ा कर दिए जाओगे।

## चैती मेला व ईद की तैयारियों का निरीक्षण, व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी और अधिशासी अधिकारी मनीषा धार्वे के साथ ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया।इस दौरान मेला मैदान का भ्रमण कर साफ-सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, अस्थायी शौचालय, दुकानों की व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया गया।



निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पालिकाध्यक्ष ने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए नियमित सफाई और कूड़ा निस्तारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पर्याप्त रोशनी और पेयजल उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

इसके बाद 21 मार्च को ईद-उल-फितर के अवसर पर होने वाली नमाज को लेकर ईदगाह परिसर का भी निरीक्षण किया गया। यहां सफाई, समतलीकरण, जल निकासी, मार्ग व्यवस्था और नमाजियों के बैठने की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि ईद से पूर्व सभी तैयारियां दुरुस्त कर ली जाएं। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि इस वर्ष चैती मेला को अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और आकर्षक रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईद के अवसर पर भी ईदगाह परिसर में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि लोग शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा कर सकें। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि मेला और ईद जैसे आयोजनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, इजरान खान, रविन्द्र कटियार, ज्ञानू तिवारी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, लेखाकार मोहित अवस्थी, वरिष्ठ लिपिक अमित श्रीवास्तव, सफाई नायक दिलीप, गोविंद सहित अन्य कर्मचारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## चैती मेले के लिए पर्यटन विभाग से 40 लाख की मंजूरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक चैती मेला 2026 को भव्य और आकर्षक बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास सफल होते नजर आ रहे हैं। पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मेले के आयोजन के लिए 40 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे इस वर्ष मेले की रौनक और बढ़ेगी। इस संबंध में नगर पालिका प्रशासन ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के सहयोग को अहम बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से मिली इस स्वीकृति से मेले की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा।

बताया जा रहा है कि इस बार 121वें ऐतिहासिक चैती मेले (1905-2026) में आकर्षक सजावट, मनमोहक रोशनी और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके चलते मेला नए अंदाज में नजर आएगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं व दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पर्यटन विभाग से मिली आर्थिक स्वीकृति मेले की भव्यता को नई ऊंचाई देगी। उन्होंने जिलाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि उनके सहयोग से मेले के आयोजन को बेहतर और व्यवस्थित बनाया जा सकेगा।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में गिरी 20 से अधिक घायल

सीतापुर। नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। करखिला गांव के पास मुंडन संस्कार कराकर लौट रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, जिससे महिलाओं समेत 20 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार रामपुरकला थाना क्षेत्र के करीब 40 से अधिक ग्रामीण ट्रैक्टर-ट्रॉली से नैमिषारण्य मुंडन संस्कार कराने आए थे। कार्यक्रम के बाद सभी लोग वापस लौट रहे थे, तभी करखिला गांव के पास सामने से आ रही कार को बचाने के प्रयास में ट्रॉली अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में करीब 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक नवनीत मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। करीब 8 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैमिषारण्य और लगभग 12 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संदना में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों में सलोना पत्नी किशोर, तारा सिंह पत्नी कौशल, राजकुमार वर्मा, गयाराज सिंह, पट्टन सिंह, रोली और जानकी सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## राजा राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री से भेंट कर उठाया निघासन क्षेत्र में बाढ़ का विषय

निघासन खीरी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रदेश संयोजक राजा राज राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लोकभवन में भेंट कर निघासन क्षेत्र के बाढ़ के विषय की पुनः चर्चा की। उन्होने मुख्यमंत्री को पत्र देकर बैलहा ग्रामसभा के ठाकुरपुरवा मजरे में बने रपटा पुल के स्थान पर दो कोठी पुल की मांग की जिससे पीछे से आ रहा बाढ़ का पानी निकल सके। पानी न निकलने से दबाव बनाकर लालपुर में बंधे को तोड़कर अथवा उसके ऊपर से बाढ़ का पानी गांवों में प्रवेश कर जाता है व निघासन एवं धौरहरा क्षेत्र की दर्जनों गाँव बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित होते हैं।



राजा साहब ने पत्र में मुख्यमंत्री से बहतिया नाले की सफाई एवं जगह जगह छतिग्रस्त बंधे की मरम्मत एवं मदनापुर लालबोझी के पास शारदा नदी से पानी के रिसाव को रोकने की भी बात की। विगत वर्ष में भी राजा साहब नें जनपद के अधिकारियों के साथ-साथ दो बार मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव से मिलकर क्षेत्र में बाढ़ का विषय उठाया था व उनके प्रयासों से घाघी नाले का वर्षों से पटा नाला लगभग देढ़ किलोमीटर खोदा गया जिससे पानी के निकास में आसानी हुई व लालपुर के बंधे का लगभग 3 किमी. पुनः निमार्ण हुआ जिससे बाढ़ में इस वर्ष जनता को बाढ़ की विभीषिका में कमी देखने को मिली। उपरोक्त कार्य होने पर क्षेत्र की जनता को बाढ़ से काफी राहत मिलने की संभावना है।

## बस व कार की भिड़ंत, सर्राफा व्यापारी सहित तीन घायल

धौरहरा खीरी। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के मल्लबेहड़ औघड़ बाबा स्थान के पास शुक्रवार को लखीमपुर से ढखेरवा जा रहे सरार्फा व्यापारी की कार को सामने से आ रही बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार व्यापारी सहित तीन लोग घायल हो गए। शुक्रवार करीब 11 बजे लखीमपुर से अपने प्रतिष्ठान वरनवाल ज्वेलर्स ढखेरवा चौराहा अपनी कार से जा रहे व्यापारी रानू वरनवाल (50) निवासी लबेदपुर की कार को सामने से आ रही एक निजी बस मल्लबेहड़ औघड़ बाबा मंदिर के सामने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार दी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रत हो गई। कार में सवार व्यापारी रानू वरनवाल , अंशिका बरनवाल (40) पत्नी गुड्डू और उनका पुत्र शिवांक बरनवाल घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टर ने रानू वरनवाल की हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया। जब कि घायल मां बेटे का लखीमपुर में इलाज चल रहा है।दुर्घटना के बाद कुछ देर तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा, जिसे पुलिस ने कुछ देर बाद खुलवा दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया घायलों को अस्पताल भेजा गया है बस को कब्जे में लेकर कार्यवाई की जा रही है, बस चालक मौके से फरार हो गया।

## नवोदय परीक्षा पास करने पर छात्रा सम्मानित

तिकुनियां-खीरी। आधारशिला अकेडमी की छात्रा आयुषी गुप्ता ने पहले प्रयाश में ही नवोदय की परीक्षा पास की है। प्रबंध समिति ने छात्रा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की है। आधारशिला एकेडमी की प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने बताया कि कस्बा निवासी अजय गुप्ता की पुत्री आयुषी गुप्ता कक्षा पांच की छात्रा है, सभी अध्यापकों की कड़ी मेहनत के चलते आयुषी ने अपने पहले ही प्रयास में नवोदय की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। अब कक्षा 6 से 12 तक की आयुषी की पढ़ाई निःशुल्क होगी। विद्यालय के एमडी वीरेंद्र बराड़ ने छात्रा को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उसके उज्वल भविष्य की कामना की।




## युवक को घर में खींचकर पीटा, चार पर केस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के भुड़वारा में युवक को जबरन घर में खींचकर लाठी-डंडों से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके सिर में गहरी चोट आई है। ग्राम भुड़वारा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र रामऔतार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मार्च की शाम करीब 7 बजे मायाराम पुत्र जयलाल, रितेश पुत्र मायाराम, नरेश पुत्र लालजी प्रसाद और स्वामी दयाल पुत्र नरेश ने उसके पुत्र शीनू राज को जबरन अपने घर में खींच लिया और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान युवक का सिर फट गया और काफी खून बहने लगा। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों ने किसी तरह युवक को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बरसात से फसलों पर मंडराते संकट के बादल

मोहम्मदी खीरी। बे मौसम शुरू हुई बरसात में भारी भरकम लागत से तैयार की गई फसलों की बबार्दी ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीर खींच दी जिसके चलते वह गहरी सोच में डूब गया है। शुरू हुई बारिश में किसानों के गेहूं, सरसों, और आम की फसल पर भारी नुकसान होना तय हो गया है इसके चलते किसानों को बैंकों का कर्ज उतारने, बेटी की शादी और बच्चों की पढ़ाई से लेकर भरण पोषण के लिए कड़ी मेहनत से भारी भरकम लागत लगाकर फसलों को तैयार किया था बरसात ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया है। किसान एक तरफ बढ़ी महंगाई और दूसरी ओर फसल का नुकसान ने चिंता में डाल दिया है। जिसको लेकर वह ईश्वर से रहम करने की गुहार लगा रहा है। जबकि सरकार किसान की आय दोगुनी करने और खुश हाल बनाने का ढिंढोरा पीट रही है।



## कानपुर ने जीता ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट, वाराणसी को 1-0 से हराया

सीतापुर। खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय, सीतापुर द्वारा आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। रोमांचक मुकाबलों के बीच खेले गए फाइनल मैच में कानपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वाराणसी को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर की 10 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिससे पूरे टूर्नामेंट में खेल प्रेमियों को उच्चस्तरीय मुकाबले देखने को मिले। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुनील भारती (प्रधानाचार्य, स्पोर्ट्स कॉलेज फतेहपुर जिला क्रीड़ा अधिकारी फतेहपुर) रहे। उनका स्वागत राजेश कुमार सोनकर (क्रीड़ा अधिकारी, महमूदाबाद) द्वारा बुके देकर तथा संजीव कुमार सिंह (उप क्रीड़ा अधिकारी) द्वारा बैज लगाकर किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर फुटबॉल खेल संघ के निर्णायक मंडल, श्री राज शर्मा (जिला व्यायाम शिक्षक), खेल प्रशिक्षक सुरेंद्र, अरुण गौतम, मयंक आनंद, देवेंद्र कुमार, महमूदाबाद खेल कार्यालय के प्रशिक्षक जय शंकर सहित समस्त स्टाफ व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

संक्षेप

## जेल में पूर्व सांसद की तबीयत खराब बीएचयू रेफर

जौनपुर। जेल में शुक्रवार सुबह उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व सांसद उमाकांत यादव की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने बीएचयू रेफर कर दिया। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत है। डॉक्टरों के मुताबिक, पूर्व सांसद की शुगर और ब्लड प्रेशर की दवाएं पहले से चल रही थीं, इसके बावजूद दोनों का लेवल बढ़ा हुआ मिला। ईसीजी कराने के बाद बीएचयू रेफर किया गया है। जीआरपी सिपाही की हत्या में उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टर रूपेश कुमार ने बताया कि उमाकांत यादव को सीने में तेज दर्द की शिकायत थी। जांच में उनका शुगर और ब्लड प्रेशर भी बढ़ा हुआ पाया गया। उन्हें बेहतर इलाज के लिए बीएचयू रेफर कर दिया गया।

## आकाशीय बिजली से युवक की मौत

जौनपुर। मीरगंज थानांतर्गत ग्राम मोलनापुर में शुक्रवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक नवयुवक की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार उक्त गांव का 18 वर्षीय अजीत चैहान पुत्र ज्ञानपति चैहान शौच के लिए घर से बाहर गया था। परिजनों ने बताया कि खुले मैदान में शौच करते समय ही उस पर आकाशीय बिजली गिर गयी। घर वाले उसे आनन फानन में अस्पताल ले गये जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। अजीत चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। अजीत का शव अस्पताल से घर वापस आने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे हो गए। घटना के बाद परिवार जनों का रो रोकर बुरा हाल है।

## सर्वोदय पब्लिक स्कूल में फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/जिला जनगणना अधिकारी गम्भीर सिंह के मार्गदर्शन में सर्वोदय पब्लिक स्कूल में फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आजमगढ़ द्वारा अवगत कराया गया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य 22 मई से 20 जून तक संपादित किया जाएगा। सर्वोदय पब्लिक स्कूल हरबंशपुर आजमगढ़ के स्मार्ट क्लास रूम में 80 फील्ड टेªनर्स का प्रशिक्षण का द्वितीय दिवस कक्ष संख्या-01 व 02 में मास्टर ट्रेनर्स कुलभूषण सिंह, अरविंद यादव एवं समीउल्लाह अंसारी तथा जनगणना कार्य निदेशालय से नामित जिला प्रभारी आकाश राय द्वारा संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। द्वितीय बैच के द्वितीय दिवस फील्ड ट्रेनर्स को पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि इस बार जनगणना कार्य डिजिटल माध्यम (मोबाइल ऐप) के जरिए संपादित किया जाएगा। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को प्रत्येक आवंटित क्षेत्र/हाउस लिस्टिंग ब्लॉक में भौतिक रूप से भ्रमण कर नजरी-नक्शा तैयार करना अनिवार्य होगा। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रगणकों द्वारा प्रत्येक मकान का विवरण संकलित करते हुए उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित 33 प्रश्नों का उत्तर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से संकलित समस्त डेटा रियल-टाइम में सर्वर पर उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त, पहली बार नागरिकों को स्वगणना का अवसर भी प्रदान किया गया है, जिसके अंतर्गत नागरिक 7 मई से 21 मई तक पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

## बाउली में डूबने से मासूम की मौत

बीजपुर (सोनभद्र)। स्थानीय थाना अन्तर्गत रजमिलान गांव में शुक्रवार को दर्दनाक हादसे में 3 वर्षीय मासूम आयुष कुमार की बाउली में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चा घर से कुछ दूरी पर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह पास की बाउली में गिर गया। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते और उसे बाहर निकालते, तब तक गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। बच्चे के चाचा भोलेनाथ ने थाना बीजपुर में लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# गौ आश्रय स्थलों के लिए हो नेपियर घास की व्यवस्था



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं गौ आश्रय स्थलों के संचालन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के समुचित संरक्षण पर विशेष बल देते हुए निर्देशित किया कि गोवंशों को नर, मादा, बीमार/अशक्त एवं बछड़ों को अलग-अलग सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए, जिससे उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही एस०एफ०सी० पूलिंग की विकास खण्डवार समीक्षा की गई तथा निराश्रित गोवंशों के लिए ग्रीष्म ऋतु में गौ आश्रय स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सहभागिता योजना के अंतर्गत गोवंश के भरण-पोषण हेतु फंड रिक्वेस्ट की स्थिति, जनपद में स्थापित स्थाई एवं अस्थाई गौ आश्रय स्थलों तथा उनमें संरक्षित गोवंशों की संख्या, एन०जी०ओ० द्वारा संचालित गौ आश्रय स्थलों का विवरण, गो आश्रय स्थलों से संबंधित मूलभूत सूचनाएं, गौपालकों की तैनाती एवं सी०सी०टी०वी० कैमरों की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सहभागिता योजना के अंतर्गत सुपुर्द किए गए गोवंशों के भरण-पोषण की डी०बी०टी० (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से भुगतान से पूर्व उनका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए तथा शासनादेश के अनुरूप डी०बी०टी० की प्रक्रिया का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही गो आश्रय स्थलों पर भरण-पोषण हेतु डी०बी०टी० के माध्यम से की जा रही धनराशि की मांग की स्थिति की भी समीक्षा की गई। बैठक में हरा चारा उपलब्धता, पराली संग्रहण अभियान की नगर निकायवार एवं विकास खण्डवार प्रगति तथा निराश्रित गोवंश को गर्मी से बचाने के लिए किए जा रहे उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त गौ आश्रय स्थलों के लिए नेपियर घास की व्यवस्था अगले माह तक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए, जिससे गोवंशों के लिए पर्याप्त हरे चारे की उपलब्धता बनी रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन बृहद गौशालाओं में कंटीले तार लगे हुए हैं, उनके स्थान पर प्लेन तार लगाया जाए, ताकि गोवंशों को किसी प्रकार की चोट या नुकसान न पहुंचे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गौ आश्रय स्थलों पर छाया, पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं, जिससे गोवंशों को गर्मी से सुरक्षित रखा जा सके।

बैठक में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. ओमप्रकाश आनंद, उप व सहायक पशु चिकित्साधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विंध्याचल में चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

मीरजापुर। नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विंध्याचल नवरात्र मेले में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संकल्प सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश विषय पर चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। नवरात्र के प्रथम दिन नगर विधायक रत्नाकर मिश्र और जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की।



विंध्याचल रोडवेज परिसर के साथ जीआईसी ग्राउंड महुवरिया में लगी प्रदर्शनी देखने के लिए नगरवासियों की भीड़ उमड़ी। प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। एलईडी प्रचार वाहन, होर्डिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए भी लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हसनैन कमर अध्यक्ष, देवेंद्र खरे को महामंत्री का दायित्व



जौनपुर। जौनपुर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संघ का चुनाव शुक्रवार को कैंप कार्यालय शारदा टावर पर हुआ। चुनाव प्रक्रिया में सभी पदों पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। कई नामों पर चर्चा के बाद बहुमत से सैयद हसनैन कमर , को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। महामंत्री पद की जिम्मेदारी देवेंद्र खरे को दी गई। उपाध्यक्ष पद पर विश्व प्रकाश श्रीवास्तव और राज सैनी, राजन मिश्रा को कोषाध्यक्ष चुना गया। पूरी चुनाव प्रक्रिया वरिष्ठ पत्रकार राजेश श्रीवास्तव और जावेद अहमद की देखरेख में संपन्न कराई गई।इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए पांच नए सदस्यों ने भी सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मोहम्मद अब्बास, नितेश सिंह, विद्याधर राय विद्यार्थी, कुंवर नीतीश, इमरान अब्बास, उस्मान, अबुल खैर, आमिर अब्बास, रोहित चैबे, अंकित मिश्रा, असलम, पंकज कुमार, मेवालाल यादव और अंकित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का बढ़ता है आत्मविश्वास



जौनपुर। सिरकोनी क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चकताली में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी अमरेश सिंह ने किया। बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियां सराही गईं। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष अरबिंद शुक्ला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। प्रधानाचार्य उषा सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चे को अंत में कचगांव के चेयरमैन फिरोज खान ने 5000 पुरस्कार के रूप में दिया और एआरपी धर्मेंद्र चैबे ने कहा कि खेल से बच्चे का मानसिक और शाररिक विकास होता है , प्रधानाध्यापक उषा सिंह ने उपस्थित अधयापक को इस्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।

# ई-ऑफिस लॉगिन अनिवार्य करने के साथ ही ई-आफिस के संचालन पर जोर



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों ने अभी तक अपना ई-ऑफिस लॉगिन सक्रिय नहीं किया है, वे अविलम्ब अनिवार्य रूप से अपना-अपना लॉगिन कर लें। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि निर्धारित अवधि में लॉगिन न करने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के ई-ऑफिस लॉगिन में फाइलों का मूवमेंट शून्य है, वे प्रत्येक दिन कम से कम एक फाइल को अवश्य मूव करें। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिया कि वित्तीय के अलावा समस्त फाइल अनिवार्य रूप से ई-आफिस के माध्यम से ही प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय से कार्यालय में उपस्थित होकर जन सुनवाई करें, इसकी जांच करायी जायेगी, कार्यालय से अनुपस्थित पाये जाने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सबसे अधिक शिकायत/असंतुष्ट फीडबैक वाले ग्रामों में संबंधित अधिकारी मौके पर जायें एवं शिकायतकर्ता से बात कर संतुष्ट करते हुए प्रकरण का निस्तारण करें। उन्होने अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 को निर्देश दिया कि अधिक शिकायत वाले ग्रामों में भूमि पर अवैध कब्जे से संबंधित प्रकरण में उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया जाए कि स्वंय अथवा तहसीलदार को मौके पर भेजकर अवैध कब्जा हटवाते हुए प्रकरण का निस्तारण करें एवं कब्जा करने वाले के ऊपर कार्यवाही भी करें। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को निर्धारित अवधि में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर कोई भी प्रकरण डिफाल्टर की श्रेणी में नहीं जाना चाहिए। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता को संतुष्ट कर प्रकरण का निस्तारण करें, जिससे कि वह दोबारा असंतुष्ट फीडबैक न दे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जमीन से संबंधित एवं अन्य बार-बार आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उसका गुणवत्तायुक्त निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## नवरात्र में गंगा महा आरती में उमड़ रही लोगों की भीड़



मीरजापुर। विंध्याचल पक्का घाट पर विन्ध्य विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित मॉ गंगा महा आरती में आस्थावान लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

दिव्य भव्य और अलौकिक छटा बिखेर रहे महागंगा आरती में नित्य भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। नवरात्र मेला में इसकी भव्यता देखते ही बनती है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सपत्नीक शामिल हुए राज्य मंत्री सोहन लाल श्रीमाली ने गंगा आरती में भाग लेकर इसकी उपयोगिता बताई। मुख्य अतिथि को आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी व उनकी टीम द्वारा संकल्प व मॉ गंगा का विशेष पूजन कराकर महाआरती प्रारंभ किया गया। जिसमें अर्चकों व मुख्य अतिथि के साथ रिद्धि सिद्धि के रूप में एक सौ एक कन्याओं ने आरती की थाली लेकर मॉ गंगा की आरती उतारी ? इस दौरान सोहन लाल श्रीमाली ने कहा की मॉ गंगा जब बुलाती है मैं आता रहता हूं ? जो भी मैं आज मॉ के कृपा से हूं। उन्होंने सभी से मां गंगा को स्वच्छ रखने के लिए आग्रह किया। आरती पश्चात मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व मॉ गंगा का चित्र देकर उनका सम्मान किया गया। आरती देखने के लिए घाट पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। घाट को सुंदर फुलो व झालरों से सजाया गया है। आरती में मुख्य रूप से आरती प्रमुख रामानन्द तिवारी, जितेन्द्र मिश्रा, प्रशांत उपाध्याय, धीरज तिवारी, आनन्द तिवारी, दिनेश गुप्ता, गगन माली, रितिक गुप्ता, विश्वनाथ साहू, हिमांशु मिश्रा, राज तिवारी, रामजी माली, रमेश मुख्य रूप से आरती में शामिल हुए ?।

## प्रमाण पत्र वितरण के साथ योग शिविर का हुआ भव्य समापन

मीरजापुर। युवा भारत एवं एमबी योग संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श जनता महाविद्यालय कोलना चुनार में बीएड अभ्यर्थियों के पांच दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने बीएड अभ्यर्थियों को आसनों में मकरासन शलभासन भुजंगासन तिर्यकभुजंगासन उत्तानपादासन सर्वांगासन हलासन चक्रासन के साथ विभिन्न प्रकार के विशेष आसनों का अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसी के साथ हीइ सबको नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल कहा कि योग ही एकमात्र ऐसा पथ है, जिसपे नियमित रूप से चले वाला व्यक्ति कभी बीमार नहीं होता वह सदैव स्वस्थ और प्रसन्न रहता है। साथ ही जीवन में सदैव रोगमुक्त व्याधिमुक्त नशामुक्त दोषमुक्त रह सकता है और अपने जीवन को कृतार्थ कर सकता है। वह अद्भुत शक्ति है योग में बस इसे नियमित रूप से करना चाहिए। इस अवसर पर योग गुरु ने पांच दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर बीएड अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जिसे पाकर सभी अभ्यर्थी प्रसन्न हुए। डायरेक्टर श्रीमती रेनुबाला ने कहा कि पांच दिवसीय योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में बीएड अभ्यर्थियों ने राष्ट्रीय योग गुरु योगी ज्वाला के साथ योग के विभिन्न आसनों प्राणायामों के साथ साथ दिनचर्या रात्रिचार्य ऋतुचर्या आहारचर्या के महत्वपूर्ण विषयों को सीखा और इसे अपने जीवन में शामिल कर जीवन को सही दशा और दिशा देने का शुभ संकल्प किया। इस अवसर पर योग गुरु ने बीएड अभ्यर्थियों को पूरी निष्ठा और सप्रसन्न भाव से योग शिक्षा प्रदान की इसके लिए हम महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका धन्यवाद और आभार व्यक्त करते है। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती सीमा सिंह, उपप्राचार्य प्रदीप सिंह के साथ शिक्षकों में श्याम सिंह, दिनेश सिंह सुजीत मौर्या अनिता देवी व बीएड अभ्यर्थियों में सुधीर विश्वकर्मा रामबाबू राजकुमार रूबी पूजा पटेल नीतू प्रतिभा शिखा पटेल कंचन रूबी सोनी प्रतिमा सोनम रूपा संग विभिन्न आदि लोगों ने सत्र में हिस्सा लिया।

## शिविर में 150 का चेकअप कर दी दवा



जौनपुर। भरथी पुर गांव के पंचायत भवन पर वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज और मानव संसाधन एवम महिला विकास संस्थान के सयुंक्त तत्वाधान मे रामपुर ब्लॉक के सहयोग से भरथीपुर गांव में एक दिवशीय स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में गांव के 150 से अधिक महिलाए और किशोरियां स्वास्थ चेकप कराकर दवा दिया गया । उदघाटन करते हुए दीपिका यादव ने सभी महिलाओ को खान पान पर विशेष ध्यान देने कों कहा और ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओ को बताया की आप लोग जब भी बीमार होती है तो आप लोग तुरंत सीएचसी रामपुर पर तुरंत दिखाए और आप लोगो को स्वस्थ चेकब भी किया जाएंगा वहा पर एक्सरे, बल्ड जांच भी होंगा इस कार्यक्रमआदि लोग उपस्थित रहेंसआशा रेखा पाठक कल्पना सिंह ,संजू सिंह उमा शंकर पूजा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पकड़ने गयी महाराष्ट्र पुलिस से ग्रामीणों ने की मारपीट

जौनपुर । सिकरारा थाना क्षेत्र के रिठी गांव में गुरुवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब सादे कपड़ों में पहुंचे तीन अजनबी युवकों को ग्रामीणों ने संदिग्ध समझकर मारपीट शुरू कर दी। यह घटना महाराष्ट्र से जुड़े एक आपराधिक मामले से संबंधित बताई जा रही है।



मछलीशहर निवासी अवधेश सिंह महाराष्ट्र में रहते थे। वहां पैसे के लेनदेन को लेकर उनका किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था, जिसके संबंध में स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मोबाइल लोकेशन ट्रेस की, जिससे आरोपी की रिश्तेदारी जौनपुर के सिकरारा थाना क्षेत्र के रिठी गांव में होने का पता चला। बीती रात महाराष्ट्र पुलिस के तीन जवान सादे कपड़ों में रिठी गांव पहुंचे। उन्होंने अपनी गाड़ी गांव से कुछ दूरी पर खड़ी की और सीधे उस घर में गए, जहां आरोपी की लोकेशन मिल रही थी। घर में अचानक अजनबी लोगों को देखकर परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया।शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर जमा हो गए। उन्होंने तीनों युवकों को संदिग्ध समझकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख, तीनों पुलिसकर्मी किसी तरह अपनी जान बचाकर पास के खेतों में छिप गए। इसके बाद उन्होंने सिकरारा थाने को फोन कर मदद मांगी। सूचना मिलने पर सिकरारा थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। पूछताछ में पुष्टि हुई कि ये तीनों महाराष्ट्र पुलिस के जवान थे और रिठी गांव में एक आरोपी को पकड़ने आए थे। आरोपी, जो मछलीशहर का निवासी बताया गया है, पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो गया था। जांच में यह भी सामने आया कि पुलिसकर्मी अपना पहचान पत्र गाड़ी में ही भूल गए थे, जिसके कारण ग्रामीणों को उन पर शक हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पूरी जांच-पड़ताल के बाद तीनों महाराष्ट्र पुलिसकर्मियों को सुरक्षित सिकरारा थाने लाया गया और बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। यह घटना रिठी गांव सहित आसपास के बाजारों और गांवों में दिनभर चर्चा का विषय बनी रही।

## सड़क किनारे कट स्टोन लगाने का कार्य शुरू, राज्य मंत्री ने किया भूमि पूजन

रेणुकूट/सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए वी-मार्ट पुलिया से खाड़पाथर मोड़ तक सड़क की दोनों पटरियों पर कट स्टोन



लगाने का कार्य शुरू हो गया है। इस महत्वपूर्ण परियोजना का शुभारंभ शुक्रवार को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव गोंड़ द्वारा विधिवत भूमि पूजन कर किया गया। भूमि पूजन के दौरान राज्य मंत्री संजीव गोंड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, ह्ययह सड़क क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कट स्टोन लगने से न केवल सड़क मजबूत होगी, बल्कि दुर्घटनाओं पर भी काफी हद तक रोक लगेगी। हमारी सरकार का उद्देश्य है कि हर नागरिक को बेहतर और सुरक्षित यातायात सुविधा मिले। उन्होंने आगे कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराया जाएगा। यह कार्य जिला खनिज निधि के फंड से कराया जा रहा है, जिसके लिए कुल 2 करोड़ 63 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के तहत सड़क के दोनों ओर 10-10 फीट तक कट स्टोन बिछाया जाएगा। एक ओर से इस मार्ग की लंबाई लगभग 2.100 किलोमीटर है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर पहले अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती थीं और जाम की समस्या भी गंभीर बनी रहती थी। सड़क के किनारे मजबूत पटरी न होने के कारण वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब कट स्टोन बिछने से सड़क चैड़ी और सुरक्षित होगी, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ-साथ दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। कार्यक्रम में पूर्व विधान परिषद सदस्य श्याम सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चाँदप्रकाश जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष ममता सिंह, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, प्रांतीय परिषद सदस्य राकेश पांडेय, अनिल सिंह, पंकज पटेल, हरिराम शाह, राज वर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष मिश्रा द्वारा किया गया। इस परियोजना के शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से राहत मिलेगी।

# निर्विरोध चुने गये अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष, राजेंद्र कुमार यादव महामंत्री



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025-2026 के चुनाव में अरुण कुमार सिंह अध्यक्ष व राजेंद्र कुमार यादव महामंत्री निर्विरोध चुने गए।

एल्डर कमेटी अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एड व मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एड ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी है। एल्डर कमेटी चेयरमैन श्रीनाथ सिंह ने शुक्रवार को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।बता दें कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025-26 के प्रतिष्ठापरक चुनाव का निर्वाचन शुक्रवार जो निर्विरोध संपन्न हुआ। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्र नाथ सिंह और मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट, सहायक चुनाव अधिकारीगण सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार पटेल एडवोकेट ने विधिवत सत्र 2025- 26 की नई कार्यकारिणी के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की है।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार एडवोकेट ने बताया कि नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर अरुण कुमार सिंह एडवोकेट, महामंत्री पद पर राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, कोषाध्यक्ष पद पर द्वारिका प्रसाद नागर एडवोकेट,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बिंदु यादव एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट व संतोष कुमार यादव एडवोकेट तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष के नीचे के लिए आशुतोष कुमार पटेल एडवोकेट व आशुतोष कुमार पांडेय एडवोकेट, सचिव प्रशासन पद पर वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट, सचिव पुस्तकालय पद पर अभिषेक सिंह मौर्य व सचिव प्रशासन पद पर हरिद्वार एडवोकेट तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी पद परभोला सिंह पटेल एडवोकेट, अशोक कुमार पाठक एडवोकेट, परमेश्वर सिंह एडवोकेट, कृष्ण मुरारी एडवोकेट, गुलाब वैश्य एडवोकेट, तथा अनिल कुमार सिंह एडवोकेट का निर्विरोध निर्वाचन हुआ ! इसी तरह कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर चंद्रकला गिरी एडवोकेट, मार्तंड प्रताप सिंह एडवोकेट, सुमन एडवोकेट, राकेश कुमार सिंह एडवोकेट, सुदेश कुमार एडवोकेट एवं रमन कुमार एडवोकेट का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। उसके बाद सादे समारोह में सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को एल्डर कमेटी चेयरमैन श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## योजनाओं का उठायें लाभः डीएम



सोनभद्र। जिलाधिकारी बीएन0 सिंह ने अवगत कराया है कि जनपद के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से अपील की है कि वे भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपना पंजीकरण कराए। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत ऐसे असंगठित श्रमिक, जिनकी मासिक आय रूपया 15,000 तक है तथा आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है और जो ईएसआई/ईपीएफ से आच्छादित नहीं हैं वे पात्र हैं। इसी प्रकार राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारी, दुकानदार एवं स्व-नियोजित व्यक्ति, जिनका वार्षिक कारोबार रूपया एक करोड़ पचास लाख तक है, योजना का लाभ ले सकते हैं, बशर्ते वे आयकर दाता न हों। दोनों योजनाओं में पंजीकरण की प्रक्रिया सरल है।

इच्छुक लाभार्थी आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं फोटो के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। आय या कारोबार के लिए किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है, स्वयं की घोषणा पर्याप्त है। योजना के अंतर्गत लाभार्थी द्वारा आयु के अनुसार रूपया 55 से रूपया 200 प्रतिमाह तक अंशदान जमा किया जाता है, जिसमें समान अंशदान भारत सरकार द्वारा भी दिया जाता है।60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को रूपया 3000 प्रतिमाह पेंशन प्रदान की जाती है। लाभार्थी की मृत्यु के पश्चात उसके जीवनसाथी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन देय होगी। यदि कोई लाभार्थी योजना बीच में छोड़ना चाहता है, तो उसकी जमा राशि ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी। मृत्यु अथवा स्थायी अपंगता की स्थिति में जीवनसाथी योजना को जारी रख सकता है अथवा जमा धनराशि वापस प्राप्त कर सकता है।जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों से अपील की है कि वे इन योजनाओं में शीघ्र पंजीकरण कराकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

संक्षेप

## नर्सिंग सेक्टर में प्रदान किया जायेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

बहराइच ।जिला कौशल प्रबन्धक रवि पाठक ने बताया कि उ.प्र. कौशल विकास मिशन मुख्यालय द्वारा प्रदेश में संचालित चलायी जा रही एस.एस.डी.एफ./डी.डी.यू.जे.के.वाई . योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है। जनपद बहराइच में फूड प्रोसेसिंग (स्किल मल्टी तेक्निशियन फ्रूट एण्ड वेजेटेबिल) हेतु 04 माह तथा गौतमबुद्धनगर में हेल्थ केयर सेक्टर अन्तर्गत जी.डी.ए. नर्सिंग हेतु 06 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। जिला कौशल प्रबन्धक श्री पाठक ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतया निःशुल्क है। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षार्थियों के आवास, भोजन, ड्रेस, स्टडी मटेरियल एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था के साथ उन्हें प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्तसेवायोजित कराये की व्यवस्था भी करायी जायेगी।

# विजय लक्ष्मी गौतम ने गिनायीं प्रदेश और जिले की प्रगति

जिला संवाददाता







देवरिया । उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्षह्व पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद देवरिया के विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। नौ दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित इस अवसर पर मा० राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम विकास/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,

● जिले में विकास की उपलब्धियां साझा

उ०प्र०, श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रेस वार्ता कर प्रदेश और जनपद में हुए विकास कार्यों को विस्तार से साझा किया।

प्रेस वार्ता में राज्यमंत्री श्रीमती गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में कानून व्यवस्था, सुशासन, निवेश और विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।प्रदेश आज देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक निवेश, डिजिटल सुशासन और किसान कल्याणकारी नीतियों के चलते उत्तर प्रदेश निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है।महिला सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और पारदर्शी व्यवस्था ने आमजन का विश्वास मजबूत किया है।

### देवरिया में दिखा विकास का प्रभाव

राज्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नीतियों का सीधा लाभ देवरिया जनपद में भी देखने को मिल रहा है।जनपद में सड़क, आवास, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए हैं। ग्रामीण संपर्क मार्गों के निर्माण, आवास योजनाओं के तहत गरीबों को पक्के घर, हर घर जल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्धता तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

### किसान, युवा और महिला सशक्तीकरण पर जोर

उन्होंने बताया कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे खातों में मिल रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वहीं कौशल विकास कार्यक्रमों से उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है।स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

### डिजिटल सेवाएं और सुशासन

गौतम ने कहा कि डिजिटल सेवाओं के विस्तार से प्रमाणपत्र सहित विभिन्न सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हो रही हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और आमजन को सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री ने लाभार्थीपरक योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य सहित जनपद स्तरीय अधिकारी, बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समापन में राज्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्माण के ये 9 वर्ष प्रदेश के साथ-साथ देवरिया के समग्र विकास के भी साक्षी हैं और आने वाले समय में विकास की यह गति और तेज होगी।

## कंपोजिट विद्यालय में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया



देवरिया ।सदर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में इको क्लब द्वारा विश्व गौरैया दिवस मनाया गया ।इको क्लब की नोडल शिक्षिका स्वाति सिंह ने अपने संबोधन में कहां कि पर्यावरण और पक्षियों की रक्षा का संदेश देने के लिए, गौरैया की घटती संख्या के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है।वरिष्ठ शिक्षक अनिल कुमार राय ने अपने संबोधन में बच्चों से कहा की गौरैया सिर्फ पक्षी नहीं हमारे पर्यावरण की छोटी सी खबर वाहक है। यह अनाज के दाने कीड़े मकोड़े खाकर संतुलन बनाए रखती है। मोबाइल टावर कांच कंक्रीट के जंगल और कीटनाशकों ने इसका घर छीन लिया है । हम थोड़ा सा ध्यान दें तो गौरैया को बचाया जा सकता है ।आज मैं आप सबसे कहूंगा कि अपने घरों में एक बर्तन पानी का ,थोड़ा दान और एक घोंसला स्थल बस गौरैया फिर से दरवाजे पर दस्तक देगी ।इस अवसर पर विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागी बच्चों को प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी द्वारा पुरस्कृत किया गया ।इस अवसर पर संध्या यादव ,विनीता कुमारी, रजनीकांत तिवारी ,शाहजहां बेगम, सुमन चौहान ,मोहम्मद जाकिर हुसैन अंसारी सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक 24 को

देवरिया ।जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.) ने बताया कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की व्यक्तिगत समस्याओं के निराकरण के लिए जिला सैनिक बंधु की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। यह बैठक अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 24 मार्च, 2026 (मंगलवार) को अपराह्न 1:00 बजे नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट देवरिया में आयोजित होगी।उन्होंने सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु लिखित प्रार्थना पत्र (तीन प्रतियों में) साथ लेकर निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित हों, ताकि उनकी समस्याओं का प्रभावी ढंग से निस्तारण किया जा सके।

## वीरांगना अवंती बाई लोधी स्वतंत्रता आंदोलन की महान सेनानी थीं : चंद्रभूषण सिंह याद

देवरिया । भारत के प्रथम स्वाधीनता आंदोलन की महान नायिका अवंती बाई लोधी की शहादत हमें सदियों तक उनके अदम्य वीरता और साहस की गाथा बताती रहेगी,उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर अवंती बाई लोधी के शहादत दिवस, आदिवासी नेता जयपाल सिंह मुंडा के स्मृति दिवस एवं बाबा साहब डा भीम राव आंबेडकर द्वारा अनुसूचित समाज को पानी पीने का अधिकार दिलाने हेतु किए गए महाड़ तालाब आंदोलन की याद में आयोजित गोष्ठी में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि अवंती बाई लोधी मध्यप्रदेश के रामगढ़ (डिंडोरी) की रानी थीं जिन्होंने अंग्रेजो से लड़ते हुए अपनी शहादत दी थी। सपा के पूर्व प्रवक्ता श्री यादव ने आदिवासी नेता जयपाल सिंह मुंडा को उनके स्मृति दिवस पर याद करते हुए कहा कि 1928 में भारत को हाकी का प्रथम स्वर्ण पदक दिलाने वाले जयपाल सिंह मुंडा एक योग्य राजनेता,पत्रकार, खिलाड़ी , संविधान सभा के सदस्य थे जिन्होंने आदिवासी समाज की उन्नति हेतु सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया था।1927 में 20 मार्च को देश के अछूतों को पानी पीने का अधिकार दिलाने हेतु बाबा साहब डा अम्बेडकर के महाड़ तालाब आंदोलन को याद करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता ने कहा कि बाबा साहब डा अम्बेडकर ने इस देश में समता स्थापित करने हेतु जो त्याग और बलिदान दिया है वह अतुलनीय है। उक्त अवसर पर उपस्थित सुरेश नारायण सिंह यादव, रामप्यारे यादव, दयानंद यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, लोरिक प्रसाद, मिथिला वर्मा, अशोक यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव, आफ उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थानीय शाखा के हुए चुनाव



बांदा। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटीए जनपद शाखा के चुनाव मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में हुए।यह चुनाव प्रदेश शाखा से प्राप्त निर्देशों एवं जिलाधिकारी की अनुमति पर आयोजित हुए। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी स्थानीय शाखा के चुनाव में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन हुआ।

प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के नामित पर्यवेक्षक डॉण अनुराग श्रीवास्तवए चुनाव अधिकारी डॉण विजय शंकर केसरवानी उपमुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में हुए। सभी पदों पर सर्वसम्मति से चयन किया गया।चुनाव अधिकारी ने बताया कि सभापति.संजय गुप्ताए उपसभापति. मयंक श्रीवास्तवए कोषाध्यक्ष.राम बहोरीए सचिव.अमित सेठ के अतिरिक्त राज्य शाखा की प्रबन्ध समिति में सुनील कुमार सक्सेना को नामित किया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में तरूण कुमार खरेए किशोर बाजपेयीए प्रशांत शर्माए आदित्य सिंहए पंकज रावतए भुवनेंद्र रावतए रेखा भटनागर को स्थान मिला।मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजेंद्र सिंह ने सभी चयनित पदाधिकारीयों से आशा जतायी कि वह रेडक्रॉस की सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

## विश्वविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन




जिला संवाददाता

बांदा। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजन हुआ। छात्रों ने गंभीर विषयों पर तार्किकए संतुलित और जिम्मेदार तरीके से अपने विचार रखे। युवाओं ने ऊर्जाए विचारशीलता और लोकतांत्रिक समझ का प्रभावशाली परिचय दिया।लगभग 150 छात्रों की भागीदारी ने आयोजन को जीवंत और प्रेरणादायक बना दिया।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में छात्रों ने प्रस्तुत मॉक पार्लियामेंट में संसद जैसा वातावरण तैयार किया। छात्रों ने सत्तापक्ष और विपक्ष की भूमिका निभाते हुए विषय पर अपने तर्क अत्यंत प्रभावी और संतुलित ढंग से प्रस्तुत किए। पूरी प्रक्रिया एक शिक्षणात्मक अभ्यास के रूप में सामने आईए जिसने लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को समझने का अनूठा अवसर प्रदान किया। नोडल अधिकारी व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉण अजीत सिंह ने स्वागत भाषण में यूथ पार्लियामेंट के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य धुरी बताया।

मुख्य अतिथिए पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा ने विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए युवाओं को रोजगार सृजनकर्ता बनने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि आईपीएस अधिकारी मेविस टाक ने लोकतंत्र की यात्रा पर प्रकाश डाला। जिला युवा अधिकारी विशाल सिंह ने विकसित भारत पहल एवं माई भारत प्लेटफॉर्म की जानकारी दी।न

ागर पंचायत बबेरू के अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता ने युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ देश के विकास में योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोण एसवीएस राजू ने की। कहा कि संसद केवल एक भवन नहींए बल्कि एक सोच हैए जहां हर विचार को आवाज मिलती है।इस दौरान कुलसचिव डाण एसण्केण सिंह, विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन डॉ. विज्ञा मिश्रा ने किया।

## नाला निर्माण कार्य के दौरान पार्षद से मारपीट का आरोप, जान से मारने की धमकी

ललितपुर।शहर के सिविल लाइन क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य के दौरान पार्षद के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है।वार्ड नं. 11 के पार्षद मुस्तफा खां ने इस संबंध में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 19 मार्च 2026 को सुबह लगभग 11 बजे सदनशाह क्षेत्र में नाले का निर्माण कार्य पार्षद मुस्तफा खां की देखरेख में चल रहा था। इसी दौरान क्षेत्र निवासी मुगेसउद्दीन मौके पर पहुंचे और कथित रूप से पार्षद के साथ गाली-गलौज करने लगे।विरोध करने पर आरोप है कि उन्होंने पार्षद का गिरेबान पकड़ लिया, गला दबाने की कोशिश की तथा जान से मारने की धमकी दी।इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों के सामने ही हंगामा हुआ, जिससे कार्य भी बाधित हो गया।पार्षद का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति पुलिस विभाग में उर्दू अनुवादक के पद पर तैनात है और दबंगई के बल पर नाले पर अवैध कब्जा कर मकान निर्माण कर रखा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर वह पुलिस कार्रवाई की धमकी देता है।

## व्यक्तित्व के निर्माण में विद्यालय की भूमिका सर्वाधिक अहमः डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी

जिला संवाददाता



देवरिया । वर्तमान समय में बालक के संपूर्ण विकास में परिवेश, परिवार के साथ ही विद्यालय का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है।यूं तो हर बालक के अपार क्षमताएं और प्रकृति प्रदत्त संभावनाएं रहती हैं किंतु वह विद्यालयीय शिक्षण व अनुशासन ही उन प्रतिभाओं के सर्वांगीण विकास के लिए मंच और परिस्थितियों को उपलब्ध कराता है जिससे प्रतिभाओं को प्रस्फुटित होने का अवसर मिलता है और यही अनुभव बालक को समन्वयन का गुण सिखाता है जिससे बालक विपरीत परिस्थितियों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ देकर सफल व्यक्तित्व के रूप में प्रकट होता है।

उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के माधव सभागार में आयोजित सिविल सेवा में चयनित पूर्व छात्र अनिल मिश्रा के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए आदरणीय डा. शलभ मणि त्रिपाठी जी, माननीय विधायक, देवरिया सदर ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा।

अपने संबोधन में उपस्थित छात्रों को सफलता के मंत्र को सरल शब्दों में बताते हुए कहा कि जीवन में विपरीत परिस्थितियों का आना भी चुनौती से पार पाने का एक पाठ होता है।किसी भी सफल व्यक्ति के जीवन के इतिहास से हमें पता चलता है कि विपरीत समय में किस प्रकार संघर्ष कर अपनी राहें आसान की हैं।विद्यालय के पूर्व छात्र अनिल कुमार मिश्र के व्यक्तित्व से भी प्रेरणा लेने के लिए आह्वान करते हुए श्री शलभ मणि जी ने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि और सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प ही वह चाबी है जिसके बल पर अपने अध्ययन काल में स्टेट समय प्रबंधन, स्वाध्याय, संयम और अनुशासन के बल पर वह लक्ष्य हासिल किया है जिसकी कल्पना लाखों लोग करते हैं।उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि आदरणीय संजीव सुमन, पुलिस अधीक्षक देवरिया ने लक्ष्य की स्पष्टता को सफलता का मुख्य कारक बताया। लक्ष्य के लिए जो भी अनिवार्य है वह जीवन में उतारना चाहिए।।इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अनिरुद्ध सिंह जी ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

अपने ओजस्वी उद्बोधन में प्रबंधक श्री बैकुंठनाथ कुशवाहा जी ने जी ने उपस्थित छात्रों से भैया अनिल मिश्रा से प्रेरित होकर अपने जीवन में भी यश और सम्मान प्राप्त कर सफल व्यक्ति बनने का आह्वान किया।विद्यालय के अनुशासन, आचार्य गणों के शिक्षण कौशल और मार्गदर्शन के साथ आत्मीय व्यवहार को श्रेय देते हुए सिविल सेवा में चयनित अनिल मिश्रा ने अपनी सफलता के लिए विद्यालय को धन्यवाद दिया। अनिल मिश्रा ने कहा कि अपने प्रारंभिक शिक्षा काल में सरस्वती विद्या मंदिर में अनुशासन की जो नींव पड़ी थी, उसी से उन्हें जीवन में संयम और संतुलन का अभ्यास हुआ जिससे यह लक्ष्य हासिल हो सका।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया।

मां सरस्वती की सस्वर वंदना विद्यालय के छात्रों ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विद्यालय विचार परिवार से जुड़े मीडिया बंधुओं का भी सम्मान मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य श्री अशोक यादव जी ने किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा जी, प्रबंधक श्री बैकुंठनाथ कुशवाहा जी, उपप्रधानाचार्य श्री अखिलेश दीक्षित जी, समारोह समन्वयक श्री जितेन्द्र मिश्र जी, अमरेन्द्र उपाध्याय जी, दिलीप श्रीवास्तव जी, अक्षयवर त्रिपाठी जी, अभिराम गुप्ता जी, देवेंद्र प्रजापति जी रितेश मिश्र कौशल सिंह जी आदि समस्त आचार्य मौजूद रहे

### विश्व गौरैया दिवस पर बच्चों ने किए 51 पौधरोपण

अयोध्या। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पाराताजपुर, हैरिंगटनगंज में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और लोगों में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने 51 पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।इस अवसर पर पाराताजपुर इको क्लब प्रभारी अध्यापक अनूप मल्होत्रा ने छात्रों को बताया कि गौरैया की संख्या तेजी से कम हो रही है, जिसका मुख्य कारण प्रदूषण, पेड़ों की कटाई और आधुनिक निर्माण शैली है। इस अवसर पर बच्चों ने पोस्टर बनाकर, नारे लगाकर और भाषण प्रस्तुत कर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को अपने घरों के आसपास दाना-पानी रखने और पक्षियों के लिए घोंसले बनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश, सुषमा तिवारी, अवधेश कुमार देवमणि , आदि उपस्थित रहे।

## विश्व क्षयरोग दिवस पर 24 मार्च को सम्मानित होंगे ग्रामप्रधान



कसया, कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अच्छा कार्य करने वाली कसया ब्लाक के टीबी मुक्त चार ग्राम पंचायतों के प्रधानों को 24 मार्च विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी कुशीनगर द्वारा सम्मानित किया जायेगा शुक्रवार को कसया ब्लाक सभागार में वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने एडीओ पंचायत नीरज चतुवेर्दी, ग्राम प्रधान मंगलपूर राजेश कुमार शर्मा, चकदेइया के ग्राम प्रधान संजीव कुमार सिंह, पोखर भिंडा के ग्राम प्रधान राम नगीना प्रसाद, नौ गांवा के ग्राम प्रधान शैलेश जायसवाल को आमंत्रण पत्र देकर जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन में होने वाले सम्मान कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

## गाजे बाजे के साथ निकली कलश यात्रा, श्रीराम महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड नंबर 11 विवेकानंद नगर (तेतरिया) स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में हाथी, घोड़ा, गाजे, बाजे के साथ कुंवारी कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली।इसी के साथ यज्ञ का शुभारंभ हुआ।शुक्रवार की सुबह वार्ड के श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, कन्याएं, पुरुष श्रद्धालु पहुंचे। जहां आचार्य गण के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा मंदिर परिसर से नपा कुशीनगर अध्यक्ष किरन जायसवाल, उनके प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, सभासद प्रतिनिधि, अजेंद्र कुमार सिंह, सभासद प्रभुनाथ सिंह, विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, गिरिजेश सिंह, विनय कुमार राव, अमेरिकन सिंह, प्रधान विजय बहादुर सिंह, छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अशोक कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, विनोद सिंह, सुरेश सिंह, राजेश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, मस्तराज सिंह आदि गणमान्य जनों के नेतृत्व में।धुरिया मार्ग होते हुए नेशनल हाईवे कसया, बुद्धा द्वार से बुद्ध मार्ग होते हुए रामा भार स्थित हिरण्डयवती नदी के बुद्धा घाट पहुंची जहां कन्याओं और महिलाओं ने कलश में जल भरा और देवरिया मार्ग होते हुए सिसवा-महंथ, पकड़ियार, धोकरहा होते हुए मंदिर परिसर पहुंची।जहां विद्वान आचार्य गण की देखरेख में यजमानों ने यज्ञ वेदी की स्थापना की।

## राष्ट्रीय एकता व नैतिकता का संदेश देता एनएसएस

अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के एनएसएस ईकाई-4 द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। यह शिविर कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में चलाया गया।ग्राम लाल का पुरवा में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा यह कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों ने गांवों में साफ-सफाई, जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, पौधरोपण आदि के जरिए ग्रामीणों को जागरूकता का संदेश दिया। एनएसएस यूनिट-4 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ ज्योति यादव ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुरक्षा योजना, आदि के बारे में लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## कुशीनगर की दमदार जीत, गाजीपुर भी विजयी



जिला संवाददाता

कुशीनगर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं जिला खेल कार्यालय कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में पडरौना स्थित जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले ही दिन मेजबान कुशीनगर टीम ने हरदोई को 2-0 से हराकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर हॉकी संघ के जिला सचिव प्रियेश पांडेय व वरिष्ठ भाजपा नेता शत्रुध्न शाही ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। पहला मुकाबला कुशीनगर और हरदोई के बीच खेला गया। जिसमें कुशीनगर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए

● राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आगाज

2 गोल दागकर जीत हासिल की। वहीं दूसरा मैच आजमगढ़ और गाजीपुर के बीच खेला गया। जो निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद मैच का निर्णय पेनल्टी स्ट्रोक से हुआ, जिसमें गाजीपुर ने 2-1 से जीत दर्ज की। हॉकी संघ कुशीनगर के सचिव प्रियेश पांडेय ने बताया कि यह प्रतियोगिता 20 मार्च से 24 मार्च तक आयोजित की जाएगी। 20, 21 और 22 मार्च को लीग मैच खेले जाएंगे। जबकि 23 मार्च को सेमीफाइनल और 24 मार्च को फाइनल मुकाबला आयोजित होगा। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी रवि निषाद, चंदन दुबे, सुधीर गणेश त्रिपाठी, सुबोध शर्मा, मोहम्मद नौशाद, आदित्य उपाध्याय, दुर्गावती, सूरज कुमार, पंकज यादव, शिवम उपाध्याय सहित कई खेल प्रेमी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सही देखभाल और प्रबंधन से हाथी पांव के रोगियों को मिलेगा आराम

जिला संवाददाता

देवरिया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पथरदेवा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर दुलारपट्टी में शुक्रवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी (एमओआईसी) डॉ प्रभात रंजन की अध्यक्षता में सीएचओ के नेतृत्व में गठित पीएसपी (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफार्म) का गठन किया गया। पीएसपी सदस्य सहयोग से फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी प्रशिक्षण दिया गया। मरीजों को रुग्णता प्रबंधन

● फाइलेरिया प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव को आराम मिलता है

और दिव्यांगता निवारण किट का वितरण किया गया, जिससे वह घर पर ही अपने घावों और पैरों की बेहतर देखभाल कर सकें। इसके साथ ही व्यायाम करने के टिप्स दिए गए। इस दौरान दस फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया।

सीएचओ ने डेमो देकर प्रभावित अंग की साफ सफाई की जानकारी दी।इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रभात रंजन ने कहा कि फाइलेरिया प्रभावित अंग की सही देखभाल, साफ सफाई और व्यायाम से हाथीपांव को आराम मिलता है। उन्होंने बीमारी की गंभीरता के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि फाइलेरिया बीमारी क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता, लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे व्यक्ति के हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। महिलाओं को स्तन के आकार में परिवर्तन हो सकता है। शुरूआत में रोग की पहचान होने पर इसे रोका जा सकता है।इस बीमारी से साल में एक बार लगातार पांच साल दवा के सेवन से बचा जा सकता है। पीएसपी सदस्य सीएचओ सविता ने फाइलेरिया मरीजों को हाथी पांव की नियमित सफाई, सूजन कम करने के उपाय, और संक्रमण से बचाव की जानकारी दी। बताया कि समय पर देखभाल से इस बीमारी के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकता है। फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी है। मरीजों को लगातार साफ-सफाई और उपचार की आवश्यकता होती है। एमएमडीपी किट उनके लिए बहुत सहायक साबित होगी।

सीएचओ ने किट में मौजूद सामग्री जैसे साबुन, टावेल, एंटीसेप्टिक व अन्य उपकरणों के उपयोग की विधि करके दिखाया व मरीजों को समझाया।

कार्यक्रम में बीपीएम नागेद्र मल्ल, एचएस ईश्वरेन्द्र लाल, बीएचडब्ल्यू राकेश, सहयोगी संस्था सीफार, पाथ के जिला प्रतिनिधि सहित, पीएसपी सदस्य सीएचओ शबनम, डीसीजी सदस्य अशोक सहित गएएनएम सरस्वती, आशा, आंगनबाडी, फाइलेरिया मरीज सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# आयात पर निर्भरता

देश में बीते एक दशक में तेजी के साथ एलपीजी गैस कनेक्शन की संख्या बढ़ी है। गांव-गांव में एलपीजी पहुंच गया है। एलपीजी की बढ़ती खपत और आयात पर निर्भरता हमारे लिए अब बढ़ा संकट बन गया है। हालात सामान्य थे, तो कोई बात नहीं थी लेकिन मिडिल ईस्ट संकट के कारण एलपीजी की आपूर्ति हमारे लिए गंभीर संकट बन गयी है। हालांकि बीते साल की तुलना में रसोई गैस एलपीजी की खपत 17 फीसदी कम हुई है, लेकिन संकट और मांग अब भी व्यापक है। एलपीजी के साथ ही अब तेल में भी आग लगने के आसार हैं। हालांकि अभी पेट्रोलियम मंत्रालय हरे-भरे आंकड़े पेश कर रहा है। बार-बार आश्वस्त किया जा रहा है कि पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे, जबकि अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस सरीखे बड़े देशों में पेट्रोल-डीजल महंगे करने पड़े हैं। पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका जैसे कर्जदार और विपन्न देशों से तुलना क्या करनी, भारत में पेट्रोल की 13 फीसदी और डीजल की 8 फीसदी से अधिक खपत बढ़ी है। ये अधिकृत संगठनों के अध्ययन के निष्कर्ष हैं। गौरतलब तथ्य यह है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 17 मार्च को 103 डॉलर प्रति बैरल थी, लेकिन भारत ने 108.23 डॉलर के दाम पर तेल खरीदा है। बीती 16 मार्च को इंडियन बास्केट कच्चे तेल की कीमत ने आसमान छू लियाए जो 142.69 डॉलर प्रति बैरल के अनपेक्षित उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। फरवरी में कच्चे तेल की कीमत हमें 69 डॉलर पड़ी थी। वह मार्च में औसतन 108.23 डॉलर हो गई। एलपीजी के साथ-साथ तेल की कीमतों का यह उछाल भारतीय अर्थव्यवस्था को डांवाडोल कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि हमें कच्चा तेल 142 डॉलर की कीमत पर खरीदते रहना पड़ा, तो उससे महंगाई दर उछल सकती है। अभी तो यह 4 फीसदी के करीब बताई जा रही है। भारत की आर्थिक विकास दर




लुढ़क कर 4.5 फीसदी पर आ सकती है। अलग-अलग तिमाही में विकास दर 8 फीसदी से अधिक भी रही है। भारत सरकार के आर्थिक सलाहकारों और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दावे हैं कि 31 मार्च को समाप्त होने वाले 2025.26 वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 7 फीसदी से अधिक रहेगी और आने वाले वित्त वर्ष में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती हैए, जो विश्व में सर्वाधिक है। अब ईरान युद्ध के प्रभावों के मद्देनजर क्या आर्थिकी होगी, उसका विश्लेषण गंभीरता से करने और उसकी तैयारी करने की जरूरत है। डीजल, रसोई गैस, खाने-पीने के सामान, डिलीवरी आदि महंगी होनी शुरू हो गयी है। एलपीजी संकट के मद्देनजर औसतन रेस्तरां ने खान-पाना के दाम 57 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। स्ट्रीट फूड भी 25 फीसदी महंगा हो गया है। लिहाजा आम आदमी पिसने लगा है। सूखे मेवे के दाम भी बढ़े हैं। खाद्य तेल के दाम भी बढ़ गये हैं। विमानन कंपनियों ने भी फ्यूल सरचार्ज थोप दिए हैं। इस तरह खुदरा और थोक महंगाई दरें बढ़ने लगी है। युद्ध का संकट इतना भयावह है कि सरकार का राजकोषीय घाटा बढ़ने के साथ ही चालू खाता घाटा भी जीडीपी के 2.5 फीसदी तक पहुंच सकता है। बजट में सरकार का लक्ष्य सामने आया था कि चालू खाता घाटा 1 फीसदी के करीब रखा जाएगा। बहरहाल ईरान युद्ध के मद्देनजर ही वित्त मंत्री सीतारमण ने 1 लाख करोड़ रुपये का 'आर्थिक स्थिरीकरण कोष' बनाने की घोषणा की थी। इसके लिए आवश्यक धन मौजूदा विनियोग और अतिरिक्त आवंटन से आएगा। हालांकि सरकार से उम्मीद है कि वह चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद अर्थात जीडीपी के 4.4 फीसदी राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल करेगी। चुनौती केंद्र सरकार के सामने ही है कि वह पेट्रोल-डीजल के दाम कब-कब और कितना बढ़ायेगी। फिलहाल इसकी शुरूआत कर दी है। क्रूड लागत का एक हिस्सा ग्राहकों को पास करते रहना जरूरी है लेकिन इसके साथ ही मिडिल ईस्ट संकट को एक सबक के रूप में लेते हुए डीजल, पेट्रोल के साथ ही एलपीजी का भी प्रभावी विकल्प खोजना होगा। हमे हर हाल में जीवाश्म ईंधन की खपत पर लगाम लगानी होगी और स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा भले ही यह महंगा पड़े।

### विचार

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

# मिडिल ईस्ट में जंग की धधकती लपटें



विजय कपूर

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में ऊर्जा (गैस व तेल) ठिकानों पर की जा रही बमबारी की कड़े शब्दों में निंदा की है और डी-एस्केलेशन (आक्रामक या हिंसक स्थिति को बिना बल प्रयोग के, बातचीत के द्वारा कम करने और उसे अधिक बिगड़ने से रोकने) का आग्रह किया है। इस संदर्भ में उन्होंने ओमान, जॉर्डन, फ्रांस व मलेशिया के नेताओं से बात की है और तुरंत वार्ता व कूटनीति की आवश्यकता पर बल दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि मोदी विश्व के नेताओं को एक मंच पर लाना चाहते हैं ताकि जंग कर रहे देशों पर युद्ध विराम का दबाव बनाया जा सके। लेकिन उन्होंने बेमकसद व बेमतलब के युद्ध में लिप्त अमेरिका, इजरायल व ईरान के नेताओं से इस संदर्भ में कोई बात नहीं की है, जबकि वह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प व इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपना दोस्त बताते हैं और उनके अनुसार भारत व ईरान के संबंध तब से हैं जब से इतिहास है।

मोदी की कोशिशों को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए, क्योंकि अमेरिका व इजरायल द्वारा ईरान पर जबरन थोपा गया युद्ध अब ऐसे मोड़ पर आ गया है, जब उसकी शिद्दत पूरी दुनिया महसूस कर रही है, क्योंकि ब्रेंट क्रूड के दाम बढ़कर प्रति बैरल 118 डॉलर हो गये हैं और गैस के दामों में 17 से 30 फीसदी का इजाफा हुआ है। जब तेल व गैस के दाम बढ़ते हैं, तो हर चीज महंगी हो जाती है और पिसता बेचारा आम आदमी है। तेल के दाम बढ़ने (और रुपए के कमजोर होने) से दलाल स्ट्रीट के निवेशक भी डर गये हैं, विशेषकर इसलिए भी कि एचडीएफसी बैंक के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इससे इस बैंक के शेयरों में 5 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आ गई। इस सबका प्रभाव यह हुआ कि 19 मार्च 2026 को सेंसेक्स में लगभग 2,500 पॉइंट्स की गिरावट आयी, जोकि एक दिन में आज तक की छठी सबसे बड़ी गिरावट है। निवेशकों के लिए अप्रैल 2025 के बाद यह सबसे खराब दिन रहा जब तकरीबन 13 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गये। इसके बावजूद जंग पर विराम लगने के

अरब मुल्कों को चाहिए कि वह अपने यहां के अमेरिकी बेसों को ईरान के खिलाफ इस्तेमाल न होने दें, क्योंकि यह युद्ध उनका नहीं है। लेकिन अरब मुल्क अमेरिका के सामने नतमस्तक हैं और चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते।



आसार नजर नहीं आ रहे हैं। ईरान, जिसके पास अब खोने को कुछ नहीं है, क्योंकि उसकी टॉप लीडरशिप को खत्म कर दिया गया है, ने युद्धविराम करने से साफ इंकार कर दिया है और उसका कहना है कि ह्यजंग तुमने शुरू की थी, खत्म हम करेंगे। जब कोई व्यक्ति मरने से न डरता हो तो उसे रोकना कठिन हो जाता है। दूसरी ओर पेंटागन ने इस युद्ध को फंड करने के लिए 200 बिलियन डॉलर की मांग की है। जितना पैसा इस जंग में धुआं-धुआं होता जा रहा है, उसका संसार पर उतना ही भयानक असर पड़ेगा। कुल मिलाकर अनुमान यह है कि दुनिया मंदी व महंगाई की चपेट में आती हुई नजर आ रही है और तीसरे विश्व युद्ध का खतरा भी मंडरा रहा है। फिलहाल इस संकट के लिए केवल इजराइल जिम्मेदार है, जिनके अपने पागलपन में ईरान के साउथ पारस फॉसिल गैस फील्ड पर हमला किया, अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करते हुए, जिनके तहत तेल, गैस आदि आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला करने की मनाही है।

## बढ़ता ऊर्जा संकट

चूंकि ईरान पहले ही कह चुका है कि अगर उसके तेल व गैस फील्ड्स पर हमला होगा तो वह भी उसी तरह जवाब देगा, इसलिए उसने इजरायल, कुवैत, कतर, सऊदी अरब, जॉर्डन, यूएई, ओमान और बहरीन के ऐसे ही ठिकानों पर अपनी मिसाइलें बरसायीं। सबसे बड़ा हमला कतर की एनर्जी एलएनजी फैसिलिटी पर किया गया, जिससे रास लाफ्फान में गैस-टू-लिक्विड प्लांट पर काम बंद हो गया है और अनुमान यह है कि दुनियाभर में गैस की जबरदस्त कमी आ जायेगी।

अब ट्रम्प का कहना यह है कि ईरान के गैस फील्ड पर इजरायली हमले की उन्हें कोई जानकारी नहीं थी, जबकि इजरायल के तीन अधिकारियों ने दावा किया है कि यह हमला वाशिंगटन के सहयोग से किया गया। हालांकि एक प्रेस कॉन्फ्रेस करके इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने माना है कि यह हमला उनकी अपनी सोच थी और अमेरिका ने उससे आगे इस तरह के हमले न करने के लिए है, जिसे इजरायल मानेगा। इस समूच परिदृश्य में इजरायल के सैन्य अधिकारी झूठ बोल रहे हैं या प्रधानमंत्री नेतन्याहू, यह तय करना तो कठिन है। लेकिन लगता यही है कि इसमें ट्रम्प की मिलीभगत थी और कतर के गुस्से व आपत्ति के बाद उन्होंने अपने स्वर बदले और कहा कि उन्होंने इजराइल से गैस फील्ड्स पर आगे से हमला न करने के लिए कहा है। इसके साथ ही अब ट्रम्प का यह भी कहना है कि कतर स्ट्राइक में शामिल नहीं था, इसलिए ईरान को उस पर हमला नहीं करना चाहिए था। लेकिन असल मुद्दा तो यही है कि अरब मुल्कों में अमेरिका के सैन्य बेस हैं, जिनका इस्तेमाल ईरान पर हमले करने के लिए किया जा रहा है और ईरान इस मामले में एकदम स्पष्ट है कि जहां से उस पर हमले होंगे, वह वहां जवाबी कार्रवाई करेगा। अरब मुल्कों को चाहिए कि वह अपने यहां के अमेरिकी बेसों को ईरान के खिलाफ इस्तेमाल न होने दें, क्योंकि यह युद्ध उनका नहीं है। लेकिन अरब मुल्क अमेरिका के सामने नतमस्तक हैं और चाहकर भी कुछ नहीं कर सकते, यही वजह है कि गजा नरसंहार के दौरान भी वह मूकदर्शक बने रहे। अगर जल्द दुनिया को होश न आया तो ऊर्जा बाजार व सप्लाई बर्बाद न भी हुए तो भी बबार्दी के कगार पर पहुंच जायेंगे। दरअसल, 19 मार्च 2026 संसार के लिए युद्ध का सबसे खराब दिन था। इजरायल व ईरान ने जिन जगहों पर हमले किये वे मामूली टारगेट्स नहीं थे। ग्लोबल एलएनजी सप्लाई का लगभग पांचवां हिस्सा रास लाफ्फान से आता है और साउथ पारस दुनिया का सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जिसके संयुक्त मालिक ईरान व कतर हैं। इसलिए हम सिर्फ युद्ध की बढ़ती तीव्रता नहीं देख रहे हैं बल्कि ग्लोबल एनर्जी सिस्टम को हथियार बनता हुआ देख रहे हैं। बात सिर्फ तेल के दाम बढ़ने, सप्लाई चिंताओं में वृद्धि की ही नहीं है- ग्लोबल एनर्जी फ्लो का दिल (केंद्र) फारस की खाड़ी सक्रिय युद्ध का मैदान बनती जा रही है। यही वजह है कि ट्रम्प को जल्द ही अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने कहा कि वाशिंगटन को तेलअवीव के इरादे के बारे में मालूम नहीं था। अब वह बमों से तेल व गैस फील्ड्स को अलग रखना चाहते हैं। लेकिन क्या इजरायल उनकी बात सुनेगा? मुश्किल है। इजरायल-ईरान का अंत चाहता है, जबकि व्यापारी ट्रम्प तेहरान में ऐसी शासन व्यवस्था जो उनके साथ कारोबार करे, उन्हें आर्थिक लाभ पहुंचाये।

इरादों का यह अंतर अब अमेरिका की घरेलू राजनीति में भी दिखायी देने लगा है। ट्रम्प के अपने मागा समर्थक सवाल कर रहे हैं कि अमेरिका उस युद्ध में क्यों कूदा, जो उसका नहीं है। स्थिति अब यह हो गई है कि तार्किक संयम की उम्मीद किसी भी पक्ष से नहीं की जा सकती। हां, अमेरिका इस स्थिति में अवश्य है कि युद्ध पर विराम लगाये या उसे अतिरिक्त तीव्र होने दे। अगर वाशिंगटन इजरायल का समर्थन जारी रखता है, तो यह जंग पूर्णतः ऊर्जा युद्ध में बदल जायेगी और संकट के बादल पूरी दुनिया पर छा जायेंगे। अगर ट्रम्प एग्जिट का कोई रास्ता निकालना तय करते हैं, तो उम्मीद की एक किरण जरूर दिखायी देती है। ध्यान रहे कि अगर खाड़ी जलती रहेगी तो कीमत दुनिया को चुकानी पड़ेगी।

### सोशल मीडिया



बहरीन के राजा, हिज मैजेस्टी किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा के साथ अच्छी बातचीत हुई। उन्हें और बहरीन के लोगों को ईद-उल-फितर की हार्दिक भी बधाई।

प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी.

# हमारे प्रयासों की दिशा

### अंतर्दृष्टि

हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठको को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

# देश के महानगरों में गहराता जल संकट

वीना गौतम



विश्व जल दिवस (22 मार्च) पर विशेष

पिछले कई सालों से दुनिया के अनेक महत्वपूर्ण देशों के साथ भारत में भी यह आशंका लगातार सुनायी पड़ रही है कि साल 2030 तक भारत जबर्दस्त जल संकट का शिकार होगा। लेकिन हम भारतीय कुछ समस्याओं या कुछ आशंकाओं को कभी गंभीरता से लेते ही नहीं। यही कारण है कि आज भी करोड़ों देशवासियों को यह बात मजाक जैसे लग रही है कि अगले चार-पांच सालों में देश में पानी का इतना बड़ा हाहाकार पैदा हो सकता है। हालांकि महानगरों में विशेषकर चेन्नई, बंग्लुरु, हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में रहने वालों को हर साल एक समय विशेष पर यह आशंका हकीकत बनकर सामने आ जाती है, जब शहर भयंकर जल संकट से घिर जाते हैं। लेकिन सामूहिक रूप से व्यापक भारतीय लोग अभी इस चेतावनी को गंभीरता से नहीं ले रहे। सवाल है आखिर इस चेतावनी का मतलब क्या है और ज्यादातर भारतीय इस चेतावनी को गंभीरता से क्यों नहीं लेते? विश्व जल दिवस (22 मार्च) के अवसर पर इस सवाल पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।



हालांकि यह सच है कि भारत में पानी अगले चार-पांच सालों में पूरी तरह से खत्म हो जायेगा, यह बात सही नहीं है। दरअसल यह बात एक चेतावनी के स्तर पर कही जा रही है, क्योंकि पृथ्वी पर जिस तरह जलचक्र चलता रहता है, उसके चलते पानी कभी पूरी तरह से समाप्त तो नहीं हो सकता। लेकिन जानकारों का मानना है कि अगर हमने अभी से कारगर कदम न उठाए, तो साल 2030 तक हम पीने के पानी के मामले में भयानक समस्याओं से घिरे होंगे। वास्तव में पेय जल और उपयोगी मीठे पानी की उपलब्धता न केवल पहले से ही कम है बल्कि खतरनाक ढंग से यह हर गुजरते साल के साथ कम होता जा रहा है। नीति आयोग की साल 2018 की एक प्रसिद्ध जल रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि मीठे पानी को लेकर हम भारतीयों का यही रवैय्या बना रहा, तो साल 2030 तक पानी की मांग और उपलब्धता के बीच बहुत भारी गैप होगा, इतना बड़ा कि उससे कई जगहों पर हाहाकार खड़ा हो जायेगा। मतलब साफ है कि सब लोगों के लिए तो नहीं, पर एक बहुत बड़े वर्ग के लिए जो पानी खरीद नहीं सकता, उसे तब तक पानी की समस्या रोजगार से बड़ी समस्या के रूप में परेशान करेगी। अब तक के अनुमानों के मुताबिक यह हो सकता है कि साल 2030 में पीने वाले साफ पानी की उपलब्धता, मांग के 50 फीसदी से भी कम हो, जिससे कम आय वाले लोगों के लिए स्वच्छ और साफ पीने वाला पानी दुर्लभ हो जायेगा। भारत में पानी का यह संकट एक नहीं कई कारणों से लगातार गहराता जा रहा है। पहला सबसे बड़ा कारण तो ये है कि हम भारतीय लोग तमाम चेतावनियों के बावजूद दिन-रात धरती के संरक्षित पानी का अंधाधुंध दोहन कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों में किसान और शहर दोनो ही सरकार की चेतावनियों पर कान न देते हुए यह अपराध लगातार और बड़े पैमाने पर कर रहे हैं। शायद यही वजह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा भू-जल का उपयोग करने वाला देश है। देश के कुछ कृषि प्रधान राज्य विशेषकर पंजाब और हरियाणा तो भू-जल के दोहन के मामले में हर गुजरते दिन के साथ रिकॉर्ड बना रहे हैं। पानी के बड़े संकट की आशंका का दूसरा सबसे बड़ा कारण देश की तेजी से बढ़ती आबादी और अंधाधुंध शहरीकरण है। आज भारत में कोई भी ऐसा एक शहर नहीं है, जो पीने वाले पानी को लेकर पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो या उसमें भरपूर पीने के पानी की उपलब्धता हो। यही कारण है कि देश के 50 फीसदी शहरों में मई का महीना आते-आते पीने के पानी की राशनिंग हो जाती है और कुछ बड़े शहरों में हाहाकार पैदा हो जाता है। फिर भी अभी दूसरी जगह से पानी की आपूर्ति के लिए इस समस्या से निपट लिया जाता है। लेकिन आने वाले दिनों में यह काम बड़ा मुश्किल होगा। भारत में तेजी से कम होते मीठे पानी का एक बड़ा और तीसरा कारण यह है कि हम पारंपरिक जलस्त्रोतों की लगातार उपेक्षा कर रहे हैं। जबकि कई दशकों से बार-बार विशेषज्ञ इसकी चेतावनी दे रहे हैं। भारत में सदियों से तालाबों, कुंओं और बावड़ियों की गहन श्रृंखला रही है। देश का शायद ही कोई ऐसा बड़ा शहर हो, जहां झीलें न रही हों, जो कि प्राचीनकाल से हमारे जल संचय का सबसे मजबूत आधार है। लेकिन आधुनिक विकास के दौर में हमने इनका बुरी तरह से दोहन ही नहीं किया बल्कि इन्हें नष्ट किया है। अभी तीन-चार दशक पहले तक बंग्लुरु जैसे शहर में जब वहां की आबादी आज के मुकाबले 10वें हिस्से के बराबर थी, तब वहां पानी की झीलें आज से 10 गुना ज्यादा थीं।

माना जाता है कि पिछली सदी के 50 और 60 के दशक में बंग्लुरु के आसपास 250 से ज्यादा झीलें थीं, जो आज सिमटकर 20 से 28 के बीच रह गई हैं और उनमें भी ज्यादातर साल के दूसरे मौसमों में सूखी पड़ी रहती हैं, सिर्फ बारिश के दिनों में उनमें पानी होता है। झीलों की उपेक्षा बंग्लुरु में ही नहीं कोलकाता जैसे शहर में भी खूब हुई है। लेकिन अभी कोलकाता में पानी का वैसा संकट नहीं है, जैसे संकट से बंग्लुरु दोचार हो रहा है। यह संकट शायद इतना खतरनाक न होता या इतनी जल्दी अपनी उपस्थिति न दिखाता, अगर दुनिया जबर्दस्त ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में न होती। ग्लोबल वार्मिंग के कारण दुनिया के काफी ज्यादा शहर आग की भट्टी तो बने ही हुए हैं, इनमें जल संकट भी नये आयाम तक पहुंच रहा है। चेन्नई, बंग्लुरु, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे ऐसे शहर हैं, जो हर साल गर्मियों में पानी की किल्लत का शिकार होते हैं और इस किल्लत का एक बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। चूंकि जलवायु परिवर्तन के कारण न सिर्फ रेन पैटर्न बल्कि मानसून का पैटर्न भी तेजी से बदल गया है। इसलिए हर साल जितनी तेजी से बाढ़ आती है, उतनी ही तेजी से बारिश का पानी बढ़कर समुद्र में पहुंच जाता है। क्योंकि पानी की समस्या को देखते हुए भी हम पानी को बचाने और इसके उपयोग में सजगता बरतने को तैयार नहीं हैं। क्योंकि लोगों को लगता है पानी का संकट तो पानी के टैंकर मंगवाकर पूरा हो सकता है। लेकिन लोग इस बात को नहीं समझ रहे कि पानी के टैंकर मंगवाना देश की बहुत बड़ी आबादी के बस की बात नहीं है।

विशेषज्ञ बार-बार चेतावनी दे रहे हैं कि शहरों में पानी की आपूर्ति किसी हद तक उसी मायने में संभव हो सकती है, जब हम शहरों में होने वाली बारिश को लगभग बाहर न जाने दें बल्कि शहर के ऊपर बरसी पानी की हर बूंद को अपने उपयोग के लिए सुरक्षित रूप से भंडारित कर लें। लेकिन लगातार जल विशेषज्ञों और वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद हमारे यहां अभी भी जल संरक्षण को लेकर सबसे ज्यादा उदासीनता है। भारत के जल संकट का दूसरा सबसे बड़ा कारण खेती है। खेती में 80 प्रतिशत मीठे पानी का इस्तेमाल होता है। धान और गन्ना जैसी फसलें तो अनाप-शनाप पानी पीते हैं। कई राज्यों में इन फसलों के कारण ही भू-जल बहुत नीचे चला गया है। धान और गन्ना जैसी फसलें अनाज की दूसरी फसलों से 5 से 7 गुना ज्यादा पानी का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए न सिर्फ धरती के भीतर के पानी का अत्यधिक दोहन हो रहा है बल्कि प्रकृति में संरक्षित वाटर बॉडीज भी बहुत तेजी से घट रही है। यदि खेती में ड्रिप और स्प्रिंकल जैसे आधुनिक सिंचाई तकनीकों का इस्तेमाल किया जाए, तो खेती में लगने वाले कम से कम 40 फीसदी पानी को कम किया जा सकता है। लेकिन उपदेश चाहे भले कितने दिए जाते हों। राज्य सरकारें और न ही केंद्र सरकार इन सिंचाई तकनीकों को व्यवहारिक रूप से अमल में ला रहे हैं। भारत में दुनिया के दो तिहाई देशों से कहीं ज्यादा औसत वर्षा होती है, लेकिन हमारे यहां संकट यह है कि हमारा 78 से 80 फीसदी तक बारिश का पानी बहकर बाहर चला जाता है। इसलिए अगर जल संकट से गंभीरता से निपटना है, तो पारंपरिक जल पद्धतियों और जल बॉडीज को संरक्षण देना होगा।

**भारत में जल संकट के कुछ अहम तथ्य**

- भारत में दुनिया की लगभग 18 प्रतिशत आबादी निवास करती है, लेकिन हमारे पास वैश्विक मीठे पानी का सिर्फ 4 फीसदी हिस्सा ही है।
- देश में उपयोग होने वाले कुल पानी का लगभग 80 फीसदी पानी खेती के काम में खर्च हो जाता है।
- भारत दुनिया का सबसे ज्यादा भू-जल उपयोग करने वाला देश है। यही कारण है कि भारत के शहरों में जल संकट ज्यादा है।
- देश के कई शहरी क्षेत्रों में आज भी गर्मी के दिनों में लोग 50 फीसदी से ज्यादा टैंकरों के जरिये दूसरे जगह से भरकर लाये गये पानी पर निर्भर हैं।
- यह संकट अचानक नहीं पैदा हुआ, धीरे-धीरे बढ़ा है, लेकिन अब भी समय है कि हम इस बढ़ते हुए जल संकट के रेगिस्तान को रोक दें, नहीं तो आने वाले दिन आज से कहीं ज्यादा खतरनाक होंगे।

## आप की बात

### सड़क पर बरतें अनुशासन

हाइवे और एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार के कारण बड़ी संख्या में दुर्घटनाएं होती हैं और यह इतनी भीषण होती हैं कि तेज रफ्तार के चक्कर में प्रायः जिंदगी की रफ्तार ही थम जाती है। आगरा एक्सप्रेस वे, ताज एक्सप्रसे वे, शहीद पथ, जैसे हाइवे दुर्घटनाओं का पर्याय बन गये हैं। अगले कुछ सालों में प्रदेश में चार-पांच और एक्सप्रेव शुरू होंगे। जाहिर है यहां भी रफ्तार का कहर हो सकता है। देश एवं प्रदेश में भी तेजी के साथ हाईवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। लखनऊ में शहीद पथ, लखनऊ से आगरा जाने वाली लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, आगरा से दिल्ली जाने वाली यमुना एक्सप्रेस पर आये दिन भीषण हादसे होते हैं। यहीं अभी नया-नया बनकर तैयार हुआ देश का पहला स्मार्ट एक्सप्रेस वे ईस्टर्न मेरीफेरल एक्सप्रे वे भीषण दुर्घटनओं के मार्ग बन गये हैं। हाइवे दरअसल त्वरित और सुरक्षित परिवहन के लिए होते लेकिन जब ये खतरों के पर्याय बन जायें तो फिर सोचना पड़ता है कि रफ्तार की इतनी भी क्या जरूरत जो जिंदगी सांसे थम दें। दरअसल देश में फर्राटा भरने वाली सड़कें तो तेजी के साथ बन एवं बढ़ रही हैं लेकिन लोगों को ट्रैफिक सेंस की कमी के कारण दुर्घटनाएं बढ़ गयी हैं। ये दुर्घटनाएं सिर्फ और सिर्फ तेज स्पीड के कारण होती हैं। हाइवे का मतलब यह नहीं होता कि उस पर हवाई जहाज की रफ्तार से फर्राटा भरने लगें। प्रायः यह देखा जाता है जाता है कि तेज रफ तार के कारण गाड़िया आगे बढ़ने के चक्कर में बगल वाली गाड़ी टक्कर मार देती हैं और इस तरह खुद के और दूसरों के जान के लिए खतरा बनी रहती हैं।

**विवेक कुमार सिंह, लखनऊ.**

### पीएसयू को करें मजबूत

सरकारी बैंकों की संख्या लगातार कम हो रही है। अब बीस से घटकर दस-बारह की पीएसयू बैंक रह गये हैं। राष्ट्रीयकृत बैंकों में जिस तरह से खराब ऋण वितरण के कारण एनपीए बढ़ा उसके कारण अब सरकार को एक-एक करके बैंकों का विलय कर उनकी संख्या कम करनी पड़ी। अब बैंकों का बोझ उठाने के लिए सरकार तैयारनहीं है, यही कारण है कि बीते पांच-छह साल में करीब एक दर्जन सरकरी बैंक दूसरे बैंकों में विलीन हो गये हैं। अब कुल 12 राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं और इन्हें भी कम करके चार-पांच रखने की कोशिश हो रही है। बैंकिंग व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी रहे सरकारी क्षेत्र के बैंक अगर कराह रहे हैं और दिन प्रति दिन देश में प्राइवेट सेक्टर बैंकिंग ऊंचाईयां छू रही हैं।

**ज्ञान प्रकाश वर्मा, बाराबंकी.**

संक्षेप

## मारपीट पर 8 के विरुद्ध केस दर्ज

**बांदा।** थाना तिंदवारी के महुई गाँव निवासिनी रामश्री चौहान पत्नी रामराज ने तहरीर देकर बताया कि वह घर पर नातिन सुप्रिया के साथ थी। तभी शिवबहादुर सिंह पुत्र रजोलाए शिवम पुत्र शिवबहादुर ने आकर गाली.गलौज की। मना करने पर धर्मवीर सिंह पुत्र मनमोहन सिंह ने कहा कि मारो परधानिन को तभी शिवबहादुर व शिवम ने घसीटकर मारना शुरू कर दियाए नातिन सुप्रिया को पटक दिया। पति ने मना किया तो जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।एक अन्य मामले में कोतवाली देहात के ग्राम लुकतरा निवासी विजयबहादुर पुत्र चंद्रपाल यादव ने तहरीर दी है कि 14 मार्च को अपनी बहन की ससुराल कोलावलरायपुर आया था। रात को बहन का देवर संतू यादव पुत्र रामआसरे ग्राम कोलावल रायपुर थाना गिरवां निवासी ने शराब पीकर नशे में आकर मारपीट व गाली.गलौज की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। एक अन्य मामले में बबेरू थाना के ग्राम हरदौली के गिरधारीपुरवा निवासी चुन्नी देवी पत्नी रामकृपाल ने तहरीर दी है कि घर का काम कर रही थी तभी शिवकुमारए छेदीलालए नन्हीं पत्नी शिवकुमारए राजाभइया पुत्र छेदीलालए राजाबाई पत्नी राजाभइया ने आकर गाली.गलौज व मारपीट की। पति रामकृपाल को भी मारा और जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## खजरा गांव में खेत विवाद पर लाठी-डंडे से मारपीट, सिर फोड़ा

ललितपुर। बार थाना क्षेत्र के ग्राम खजरा में बुधवार दोपहर खेत में गेंहू बांध रहे युवक पर पड़ोसी ने भैंसों के घुसने के विवाद पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने युवक के सिर पर चोटें पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित परिवार सदमे में है। मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीडित राघवेन्द्र पुत्र स्व. रामनाथ यादव ने शिकायत में बताया कि 19 मार्च 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उनका भाई पुष्पेन्द्र यादव खेत में गेंहू का पूरा बांध रहा था। इसी दौरान गांव के यादवेन्द्र पुत्र फूलसिंह अपनी भैंसें चरा रहा था। भैंसें बार-बार पुष्पेन्द्र के खेत में घुस रही थीं और फसल को नुकसान पहुंचा रही थीं। जब पुष्पेन्द्र ने यादवेन्द्र से भैंसें रोकने को कहा तो यादवेन्द्र गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर यादवेन्द्र और उसके पिता फूल सिंह पुत्र नाथूराम ने मिलकर लाठी-डंडों से पुष्पेन्द्र की जमकर मारपीट कर दी। पुष्पेन्द्र के सिर पर गहरी चोट आई। मारपीट देखकर चचेरे भाई मेघराज बचाने दौड़े तो यादवेन्द्र ने जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। राघवेन्द्र ने शाम को बार थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## दुष्कर्म का आरोप

अयोध्या। थाना महाराजगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि युवक ने प्री-वेडिंग शूट के बहाने युवती को कोलकाता बुलाया, जहां उसे नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

साथ ही युवक और उसके परिजनों द्वारा विवाह के लिए एक थार गाड़ी तथा 25 लाख 51 हजार रुपये दहेज की मांग किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेद-भाव हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जाये: राज्यमंत्री

जिला संवाददाता ( vol)



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश में संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन एवं समृद्धिह्व के उद्देश्य को साकार करते हुए अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के नव वर्ष के उपलक्ष्य में इंदिरा बाल भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)/ प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश/प्रभारी मंत्री बिजनौर कपिल देव अग्रवाल ने नव वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि ह्लसंकल्प से सिद्धिह्व केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रदेश सरकार की कार्यशैली और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सरकार ने जो संकल्प लिया है, उसे धरातल पर उतारकर जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही हमारा उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए ऐसा वातावरण बनाया गया है, जहां आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करे और विकास के लिए अनुकूल माहौल तैयार हो। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, जवाबदेही और त्वरित सेवा ही अच्छे शासन की पहचान है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं को सरल और सुलभ बनाकर आम नागरिक तक बिना भेदभाव के पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का समग्र विकास तभी संभव है जब हर वर्गकृकिसान, युवा, महिला, व्यापारीकृसशक्त और आत्मनिर्भर बने। इसी दिशा में सरकार निरंतर प्रयासरत है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक विकास को नई गति मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाया जाए, जिससे प्रदेश की समृद्धि एवं विकास की गति और अधिक तेज हो सके। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं उन्हें योजनाओं का लाभ देकर लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर मंत्री ने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव भी साझा किए तथा कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का विस्तृत निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा मंत्री कपिल देव अग्रावाल को प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चैहान, मा. एमएलसी अशोक कुमार जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त ने एनआरएलएम सहित अन्य विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि तथा भारी संख्या में आमजन मौजूद थे।

## पिपरियावंसा में बस ड्राइवर पर लाठी-डंडे से हमला

ललितपुर। जाखलौन थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरियावंसा में स्कूल बस ड्राइवर पर दो स्थानीय युवकों ने दिनदहाड़े लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। हमलावरों ने बस ड्राइवर को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की पीठ पर गहरी चोटें आई हैं। मामले में बीएनएस की धारा 351(3), 352 एवं 115(2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीडित गजराज पुत्र प्रीतम यादव बुंदेलखंड इंटर कॉलेज की स्कूल बस चलाते हैं। 16 मार्च 2026 को शाम करीब 5 बजे बच्चों को घर छोड़कर बस लौटा रहे थे। ग्राम पिपरियावंसा के पास आरोपी निक्की यादव पुत्र अनन्तराम यादव और आनंद यादव पुत्र भजन यादव ने बस रोकने की कोशिश की। जब ड्राइवर ने बस नहीं रोकी तो दोनों गाली-गलौज करने लगे।

घर पहुंचने के बाद उसी शाम दोनों आरोपी गजराज के घर पहुंचे। उन्होंने फिर गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित की पीठ पर गंभीर चोटें आईं। आरोपी दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। 19 मार्च 2026 को गजराज ने जाखलौन थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

## 2 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया सीएमओ दफ्तर का कर्मचारी



**महोबा।** विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में तैनात फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजर जितेश सोनी को 2 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों राघव होटल से गिरफ्तार कर लिया। झांसी से आई टीम ने इस कार्यवाही को अंजाम दियाए जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त कार्यवाही पनवाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात संविदा कर्मचारी मिराज मोहम्मद की शिकायत पर की गई। मिराजए जो मूल रूप से हमीरपुर का निवासी हैं और वर्तमान में अकाउंट मैनेजर के पद पर कार्यरत हैंए उन्होंने विजिलेंस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि स्थानांतरण के नाम पर उनसे साढ़े 3 लाख रुपये की मांग की गई थी। परंतु उसके द्वारा साढे 3 लाख रुपए देने में असमर्थता जताने पर 2 लाख में डील फाइनल हो गई। सूत्रों के अनुसार जितेश सोनी साहब के कारखास के रूप में ऐसे कार्यों को अंजाम देता रहा है। योजना के तहत गुरुवार को 2 लाख रुपये देने के लिए उसे राघव होटल बुलाया गया। जैसे ही पैसे का लेन देन हुआए पहले से सादे कपड़ों में मौजूद विजिलेंस टीम ने आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को शहर कोतवाली ले जाया गयाए जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला एसपी से कार्यवाही की मांग

**बांदा।** थाना जसपुरा में खेत विवाद को लेकर एक युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। पीड़ित ने डायल.112 में तैनात दो सगे भाइयों और उनके पिता पर मारपीटए धमकीए पुलिसिया दबाव बनाने का आरोप लगाया हैं। मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।कस्बा निवासी शिवम तिवारी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पड़ोसी अवधबिहारी अवस्थी से खेत को लेकर विवाद चल रहा है। करीब एक माह पूर्व अवधबिहारी अवस्थी ने अपने खेत में तालाब की खुदाई जेसीबी और पोकलैंड मशीन से करवाई थी। खुदाई से निकली मिट्टी को कथित रूप से ठेकेदार से मिलकर उसके खेत में बनी उसके पूर्वजों की समाधियों पर डलवा दियाए इससे समाधियां दब गईं। जब उसने इसका विरोध करते हुए समाधियों से मिट्टी हटाने को कहा तो पड़ोसी पक्ष ने गाली.गलौज शुरू कर दी। उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया हैए शरीर पर अन्य चोटें आईं। शिवम तिवारी का आरोप है कि घटना की सूचना डायल.112 पर देने के बाद मौके पर पहुंची गाड़ी में आरोपी का ही बेटा बलराम अवस्थी मौजूद थाए जिसने उल्टा उसे ही धमकाया और थाने आने को कहा। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि थाने पहुंचने पर उसकी मेडिकल जांच नहीं कराई गई। सुलह करने का दबाव बनाया गया। प्रार्थना पत्र में उल्लेख किया गया है कि आरोपी पक्ष के दोनों बेटे अरुण कुमार अवस्थीए बलराम अवस्थी डायल.112 में तैनात हैं। सरकारी वाहन का निजी उपयोग कर गांव में दबंगई करते हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट



**ललितपुर।** जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शहर में व्यापक भ्रमण कर

●एसपी ने शहर में किया पैदल भ्रमण

सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने नमाज आयोजकों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी गई। साथ ही ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार नजर रखी गई, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते जनपद में जुमे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। अधिकारियों ने सभी पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने और आमजन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश भी दिए।

# फलाहार से एडीएम समेत 85 बीमार

### बागपत, बिजनौर, बुलंदशहर में कुट्टू के आटे से बना था फलाहार

बागपत/बिजनौर/बुलंदशहर। बागपत, बिजनौर और बुलंदशहर जिलों में कुट्टू के आटा से बने खाद्य पदार्थ के सेवन से एक अपर जिलाधिकारी समेत 85 से अधिक लोग बीमार पड़ गये। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नवरात्र के दौरान बागपत जिले में कुट्टू के आटे से बना भोजन खाने के बाद अपर जिलाधिकारी (एडीएम-न्यायिक) शिव नारायण सिंह समेत 18 से अधिक लोग बीमार हो गए। सभी को उपचार के लिए जिला संयुक्त अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बड़ौत में भर्ती कराया गया है।अधिकारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार की शाम शिव नारायण सिंह, उनके सहायक कर्मचारी सतीश कश्यप तथा अन्य लोगों ने कुट्टू के आटे से बने व्यंजन का सेवन किया था। इसके कुछ ही देर बाद उन्हें उल्टी, बेचैनी और अन्य दिक्कतें महसूस होने लगीं। स्थिति बिगड़ने पर सभी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इस घटना में कासिमपुर खेड़ी गांव के एक ही परिवार के नौ सदस्य, मलकपुर गांव के छह लोग तथा बावली गांव के दो लोग भी शामिल हैं, जो विषाक्त भोजन खाने से प्रभावित हुए और उन्हें उपचार की जरूरत पड़ी। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच शुरू कर दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त डी पी सिंह ने बताया कि संबंधित कुट्टू के आटे के स्रोत का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस दुकानदार द्वारा यह आटा बेचा गया है, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संदिग्ध दुकानों से नमूने लेकर जांच की जाएगी।उन्होंने कहा कि बाजार में कुट्टू के मिलावटी आटे की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फिलहाल सभी मरीजों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे केवल विश्वसनीय और पैक्ड खाद्य सामग्री का ही उपयोग करें। उधर, बिजनौर जिले में नवरात्र के पहले दिन बृहस्पतिवार को कुट्टू का आटा से बना भोजन खाने से करीब 30 लोग उल्टी, दस्त का शिकार हो गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ कौशलेन्द्र सिंह ने बताया कि मंडावली और नजीबाबाद के सिकरोड़ा, लाहक कला, मोहनपुर और खैरुल्लापुर में लगभग 30 लोग कुट्टू के आटे से बना भोजन खाने के कारण उल्टी, दस्त से पीड़ित हो गये।

उन्होंने बताया कि अधिकतर को समीपुर अस्पताल नजीबाबाद भर्ती कराया गया। कुछ मरीजों ने निजी अस्पतालों मे भी उपचार कराया। सीएमओ ने बताया कि अब स्थिति नियंत्रण में है। खाद्य विभाग कुट्टू का आटा बेचने वाली नजीबाबाद की दुकान से नमूने लेकर जांच कराकर नियमानुसार कार्वाई करेगा। बुलंदशहर जिला मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में कुट्टू का आटा खाने से करीब 36 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। एक प्रशासनिक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सदर क्षेत्र के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) दिनेश चंद्र ने बताया नवरात्र के पर्व पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा और इन लोगों ने कुट्टू के आटा से बना भोजन खाया था।इसमें 39 व्यक्तियों को यहां पर भर्ती कराया गया है और इनका इलाज चल रहा है।

# एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

जिला संवाददाता ( vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर उप जिलाधिकारी (सदर) रितु चैधरी द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बिजनौर, अवर अभियन्ता, निर्माण, नगर पालिका परिषद, बिजनौर, अवर अभियन्ता, जल-कल एवं प्रभारी अधिकारी गौशाला, सफाई निरीक्षक के साथ कान्हा गौआश्रय, बिजनौर का निरीक्षण किया गया।

उप जिलाधिकारी (सदर) रितु चैधरी द्वारा बीते दिन निरीक्षण के दौरान गौआश्रय में मौके पर 203 पशु पाये गए। 04 अन्य पशु उपचाराधीन पाए गए। भूसा 25 कुन्तल व हरा चारा लगभग 35 कुन्तल पाया गया। गौशाला की स्थिति सन्तोषजनक पायी गयी। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बिजनौर को गौशाला में समस्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा उप जिलाधिकारी द्वारा अस्थायी गौआश्रय स्थल, मुजफ्फरपुर कैशो का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौआश्रय स्थल पर भूसा भण्डारण की छत टूटी पायी गयी एवं भूसे की मात्रा भी अपेक्षित रूप से कम पायी गयी। उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित को नोटिस जारी किया गया एवं निर्देशित किया गया कि तत्काल भूसा भण्डारण की छत का कार्य पूर्ण कराकर भूसे की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करायें तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी, बिजली, हरा चारा, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बिजनौर एवं नायब तहसीलदार, मण्डावर को सम्बन्धित थाना प्रभारी/चैकी प्रभारी के साथ मिलकर गौशालाओं का निरीक्षण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## बार थाना क्षेत्र में खेत में लाठी-डंडे से मारपीट ,पत्नी समेत किसान पर हमला, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** बार थाना क्षेत्र के ग्राम टोडी में बुधवार रात खेत में गेंहू की बधाई कर रहे किसान रामदेव पर चार लोगों ने लाठी-डंडों से जमकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी पत्नी को भी पीटा और दोनों को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित परिवार सदमे में है। मामले में बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत एफआईआर नंबर 0056 दर्ज कर ली गई है। पीड़ित ग्राम टोडी निवासी रामदेव पुत्र भानू प्रताप सिंह ने शिकायत में बताया कि 18 मार्च 2026 को रात करीब 9 बजे वह अपने कुएं की जमीन पर गेंहू की बधाई कर रहे थे। इसी दौरान गांव के रामतीरथ पुत्र राम सिंह, धर्मेंद्र पुत्र राम सिंह और करमई गांव के शेर सिंह व विजयभान सिंह पुत्रगण श्याम यादव अचानक पहुंचे। बिना किसी वजह के गाली-गलौज शुरू कर दी। जब रामदेव ने गालियां बंद करने को कहा तो आरोपी लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। रामदेव की पत्नी बचाव के लिए दौड़ी तो उसे भी बुरी तरह पीटा गया। आरोपी दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। रामदेव और उनकी पत्नी के शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। 19 मार्च 2026 को रामदेव ने बार थाने में लिखित शिकायत दी।

## धानुक समाज की बैठक सम्पन्न




**ललितपुर।** धानुक कठेरिया समाज उत्थान समिति द्वारा धनक महाराज की जयंती हिंदू नव वर्ष गुड़ी पड़वा को झांसी रोड उरई में बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई, जिसमें समाज के जिलाध्यक्ष सोवरन सिंह कठेरिया ने अध्यक्षता की जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रामअ सरे वर्मा जिला महामंत्री, जगराम दिसोरिया परसानी, गौरीशंकर दादा महरुआ, रामलखन, वकील दादा, लालाराम चमड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कोच, भगवान दास जैसारी ब्लॉक अध्यक्ष डेकोर, दशाराम डेकोर संत राम कठेरिया डेट डॉक्टर जगदीश सिंह कठेरिया मिथिलेश पत्रकार मोहन सर कोच बंसी राम दरोगा जी शिव प्रसाद दीवान महेश चिल्ली राजा भैया अनीता वर्मा कठेरिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजू कठेरिया सिकरी राजा जिला पंचायत सदस्य दिनेश जैसारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि घनश्याम दास वर्मा सत्यवान कुटेला डा.सत्य प्रकाश कठेरिया विश्राम सिंह, संदीप भंडारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# नौ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**ललितपुर।** जिले में पुलिस की सतत कार्रवाई और अपराधियों पर लगाम कसने के प्रयासों का एक और उल्लेखनीय परिणाम सामने आया है। एसपी मो.मुश्ताक के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पाली

●एसपी के निर्देशन में चल रहे अभियान का सकारात्मक परिणाम
●नराहट पुलिस को मिली बड़ी सफलता

अजय कुमार के नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों तथा एनव्हीडब्ल्यु धारियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना नाराहट की पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हांसिल की है। थाना नाराहट पुलिस ने 20 मार्च 2026 को ग्राम कलौथरा तथा कस्बा नाराहट क्षेत्र में छापेमारी कर कुल 9 वांछित अभियुक्तों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। ये सभी अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे और विभिन्न मामलों में न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में साबुद्दीन पुत्र रल्ली, सुरेश पुत्र गोकल, सुल्तान पुत्र गफ्फूर खां, सकूर पुत्र गफ्फूर खां, चिन्तामान पुत्र हल्के, आशाराम पुत्र भैरो, जगदीश पुत्र कूरे, राजू पुत्र गया प्रसाद सभी निवासी ग्राम कलौथरा हैं। संबंधित केस संख्या 1791/2018, धारा 186, 353, 447 आईपीसी के तहत दर्ज हैं। वहीं नाराहट निवासी संजय पुत्र कृष्णस्वरूप खरे को केस संख्या 1772/2013, धारा 457/380 आईपीसी में हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तारी अभियुक्तों के मकानों पर ही की गई, जहां से उन्हें दबोचा गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय ललितपुर में पेश करने के लिए रवाना किया गया है। वारण्टियों को पकड ? वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नाराहट पारुल चंदेल, उ.नि.राजेश कुमार, उ.नि.भूपेंद्र कुमार, उ.नि.सुनील कुमार, उ.नि.वीरेंद्र कुमार, हे.का. योगेश प्रताप सिंह, का.विवेक राठौड़, का.अंकित पटेल शामिल रहे।

## पुलिस भर्ती युवक का क्रेडिट कार्ड हैक, केस दर्ज

ललितपुर। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षी योगेश कुमार का क्रेडिट कार्ड हैक हो गया। अज्ञात साइबर ठगों ने उनकी मर्जी के बिना दो दिनों में कुल 24,070 रुपए की ऑनलाइन शॉपिंग कर ली। पीड़ित युवक मानसिक और आर्थिक रूप से बुरी तरह आहत है। साइबर क्राइम पुलिस ने एफआईआर नंबर 0012 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिक्रूट आरक्षी जिला फिरोजाबाद के टूंडला नगला तेजपाल निवासी योगेश कुमार पुत्र रोशन लाल ने शिकायत में बताया कि 9 और 10 अक्टूबर 2025 को उनके क्रेडिट कार्ड नंबर 3561623044539694 से बिना अनुमति के दो ट्रांजेक्शन हुए, जिनमें 13,137 व 10,897 रुपये शामिल थे। कुल 24,070 की राशि 6 नवंबर 2025 को उनके खाते से कट गई। साइबर क्राइम थाना प्रभारी ने सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2008 की धारा 66 डी (कम्प्यूटर संसाधन के जरिए छल) और बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया।

## सड़क दुर्घटना में पत्रकार घायल, हेलमेट ने बचाई जान

**सोहावल-अयोध्या।** वाहन चलाते समय हेलमेट कितना महत्वपूर्ण है यह बात वृहस्पतिवार की शाम उन लोगों की समझ में आ गई जिन्होंने सड़क दुर्घटना में घायल हुए बड़ागांव निवासी पत्रकार शिव कुमार पाण्डेय उम्र लगभग 45 वर्ष को पिकअप के पहिए के नीचे से निकाला और इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजवाया। पहिए के नीचे आने के बावजूद हेलमेट लगाए होने के कारण पत्रकार का सिर पूरी तरह सुरक्षित रहा हाथ पैर कमर में ही चोटें आई। फैजाबाद अपने कार्यालय को जा रहे पत्रकार को विपरीत दिशा में आ रहे एक पिकअप ने के बी सिंह ढाबे के समीप टक्कर मार दिया था। गंभीर रूप से घायल पत्रकार का इलाज 24 घंटे जिला अस्पताल में चला। रौनाही थाना क्षेत्र में हुई इस सड़क दुर्घटना के सम्बन्ध में रौनाही प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। आरोपी वाहन की तलाश की जा रही है। तहरीर के हिसाब से केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लगायी प्रदर्शनी



**महोबा।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षिक कार्यों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से किए जा रहे कार्यों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें आईसीटी कार्यक्रमए शैक्षिक भ्रमणए व्यावसायिक शिक्षाए निशुल्क सेनेटरी पैड वितरणए कैरियर मेलाए स्वच्छ पेयजलए डिजिटल लाइब्रेरीए प्रयोगशालाओं एवं बाउंड्री बाल का निर्माणए वृक्षारोपणए ईको विज्ञान गणित क्लबए यूथ क्लब व हेल्थ क्लब का गठन कर शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाना आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मॉडलए पोस्टरए बैनर के माध्यम से दर्शाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक प्रेमचंद यादव व बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल मिश्रा ने मां चंडिका जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी प्रवेश बाजपेईए पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरेए डीएवी के अखिलेश राजपूत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर माध्यमिक शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालय उपस्थित रहे।

## पेयजल, खराब सड़क को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



**बांदा।** अमलोर गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। ग्राम प्रधान भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में कलक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने बताया कि गांव व विद्यालय में 15 दिनों से पेयजल संकट है। प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक किरण शुक्ला ने कई अनियमितताएं की है जिसे लेकर स्थलीय जांच की मांग की गई है। जिलाधिकारी को बताया कि गांव में पिछले 15 दिनों से जल संस्थान की मोटर खराब पड़ी है। अभी तक विभाग मोटर ठीक नहीं करा सका है। पीने के पानी का गांव में संकट है। नमामि गंगे योजना के तहत गांव में खोदी गई सड़क जो मुख्य मार्ग से जोड़ती है जगह.जगह गड्ढे में तब्दील है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। स्कूली बच्चों को आने.जाने में हो रही परेशानी को लेकर जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा बताई। इस दौरान जगराम निषादए रामकलीए रंजन सिंहए बरदानीए जयकरण सिंहए शिवगोविंद सिंहए प्रभुदयालए सिद्धार्थ सिंहए फूलकलीए रामबाबू मौजूद रहे।

**कार्यालय-यू.पी. उपभोक्ता सहकारी संघ लिमिटेड बांदा**

पत्रांक: 94/उपसह/गेहूं हैंडलिंग/2026-27 दिनॉक:-20.03.2026

अल्पकालीन ई-टेण्डर-नोटिस

यू.पी.एस.एस.में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले गेहूँ को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा अनुमोदित/प्रस्तावित क्रय केन्द्रों पर क्रीत गेहूं के **हैण्डलिंग कार्य** हेतु चित्रकूट धाम, मण्डल बांदा के जनपद **बांदा** के अनुमोदित क्रय केन्द्रों हेतु पुनः ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी http:// etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी क्षेत्रीय प्रबन्धक/मण्डल प्रभारी यू.पी.एस.एस. चित्रकूटधाम बांदा के कार्यालय से अथवा दूरभाष नं.-9792194896 पर की जा सकती है।

क्षेत्रीय प्रबन्धक/मण्डल प्रभारी
यू.पी.एस.एस. लि. चित्रकूटधाम-बांदा

संक्षेप

## निसान ने स्पिनी के साथ मिलकर शुरू किया 55 मिनट में व्हीकल एक्सचेंज करने का प्रोग्राम

नई दिल्ली। ग्राहकों को प्राथमिकता में रखने की अपनी पहल को मजबूती देते हुए निसान मोटर इंडिया ने स्पिनी के साथ मिलकर अपनी तरह का पहला 55 मिनट व्हीकल एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू किया है। इस पहल के माध्यम से ग्राहकों की पुरानी का कार का मूल्यांकन तुरंत होगा और निसान मोटर से नई कार खरीदने पर उन्हें एक्सचेंज बोनस भी मिलेगा। 55 मिनट की एक्सचेंज प्रक्रिया के माध्यम से खरीदारी, बिक्री और एक्सचेंज के अनुभव को सुगम बनाया जाएगा। सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी, जिससे ग्राहकों की सहूलियत बढ़ेगी। 30 शहरों में स्पिनी के समर्पित इवैल्यूएटर्स स्पिनी टचपॉइंट्स पर शेड्यूल अपॉइंटमेंट एवं मांग के आधार पर डीलरशिप ऑपरेशन में मदद करेंगे। इन शहरों में निसान सेल्स टचपॉइंट्स पर स्पिनी काउंटर स्थापित किए जाएंगे, जिससे एक्सचेंज विकल्प चुनने में ग्राहकों को रियल-टाइम असिस्टेंस मिलेगा। निसान डीलरशिप पर या स्पिनी के डिजिटल इंटरफेस के माध्यम से सीधे अपना वाहन एक्सचेंज करने वाले ग्राहकों को निसान की नई कार खरीदने पर एक्सक्लूसिव एक्सचेंज बेनिफिट मिलेगा। इस गठजोड़ का प्रमुख लाभ एक्सचेंज की प्रक्रिया को आसान बनाना है।

## 579900 रुपये की शुरूआती कीमत पर नयी ह्यूंडई एक्सटर लांच

नई दिल्ली। ह्यूंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने आज नई ह्यूंडई एक्सटर की लॉन्चिंग का एलान किया। यह ब्रांड की लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का एक स्टाइलिश और दमदार नया रूप है। बेहतरीन परफॉर्मेंस, भरोसेमंद पावरट्रेन और विविधता के लिए ग्राहकों और समीक्षकों, दोनों की पसंद रही ह्यूंडई एक्सटर ने दमदार एसयूवी डिजाइन को मॉडर्न एवं एडवांस्ड कन्वीनियंस टेक, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और सेफ्टी के साथ जोड़ा है।अपनी लॉन्चिंग के बाद से ही ह्यूंडई एक्सटर को जबर्दस्त रिस्पॉन्स मिला है। इसने पूरे भारत में 2 लाख से ज्यादा ग्राहकों का भरोसा जीता है। बोल्ड डिजाइन और सेगमेंट डिफाइनिंग फीचर्स के साथ ह्यूंडई एक्सटर ने इस सेगमेंट को नए सिरे से गढ़ने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें रिफ्रेश्ड स्टाइलिंग, ज्यादा प्रीमियम केबिन, स्मार्ट कनेक्टिविटी और सेफ्टी एक पैकेज के रूप में मिलती है। ये अपग्रेड उन परिवारों और युवाओं के बीच इसकी अपील बढ़ाएंगे, जो ऐसी एसयूवी की तलाश में हैं, जिसमें स्टाइल, व्यावहारिकता और रोजमर्रा के इस्तेमाल को बेजोड़ तरीके से साथ लाया गया हो।

## एसएलबीसी की समीक्षा बैठक का आयोजन

लखनऊ। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी), उत्तर प्रदेश की दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 19.03.2026 को एस. पी. गोयल, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार की अध्यक्षता तथा लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं अध्यक्ष, एसएलबीसी, उत्तर प्रदेश की सह-अध्यक्षता में सभागार, मुख्य सचिव कार्यालय, लखनऊ में किया गया।

## गुजरात 2030 तक 1000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने को तैयार: मुख्यमंत्री

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस विकास पथ की परिकल्पना की है, उस पर चलते हुए राज्य 2030 तक 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है। पटेल ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) गुजरात के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उद्योगों को सभी जरूरी सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि देश की कुल आबादी का केवल पांच प्रतिशत होने के बावजूद, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में गुजरात का योगदान आठ प्रतिशत है और लक्ष्य इसे 10 प्रतिशत से ऊपर ले जाने का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस विकास पथ की परिकल्पना की है, उसका अनुसरण करते हुए गुजरात 2030 तक 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी कर रहा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार उद्योगों को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की अर्थव्यवस्था में गुजरात एक प्रमुख भूमिका निभाता है, जो कुल विनिर्माण उत्पादन में 17 प्रतिशत और राष्ट्रीय निर्यात में लगभग 33 प्रतिशत का योगदान देता है।

# सेंसेक्स में 325 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 326 अंक लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 112 अंक चढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, सूचना प्रौद्योगिकी और धातु कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बाजार में एक समय अच्छी बढ़त देखने को मिली लेकिन ईंधन कीमतों में उछाल के कारण महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच दोनों मानक सूचकांकों ने बढ़त का बड़ा हिस्सा गंवा दिया। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक यानी 0.44 प्रतिशत चढ़कर 74,532.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,079.15 अंक यानी 1.45 प्रतिशत उछलकर 75,286.39 अंक तक पहुंच गया था। इसी तरह, 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 112.35 अंक यानी 0.49 प्रतिशत बढ़कर 23,114.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 343 अंक यानी 1.49 प्रतिशत चढ़कर 23,345.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एनटीपीसी और सन फार्मा प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोटक महिंद्रा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। इस बीच, प्रीमियम यानी ऊंची गुणवत्ता वाले पेट्रोल की कीमत में शुक्रवार को दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई, जबकि औद्योगिक उपभोक्ताओं को बेचे जाने वाले थोक डीजल के दाम में करीब 22 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच यह वृद्धि की गयी है। संघर्ष कम करने और तेल एवं गैस ढांचे पर हमलों से बचने संबंधी सकारात्मक टिप्पणियों से बाजार में कुछ सुधार आया। हालांकि, युद्ध से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की धारणा अब भी कमजोर बनी हुई है और सप्ताहांत से पहले निवेशक जोखिम लेने से बचे, इसलिए बढ़त सीमित रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.88 प्रतिशत बढ़कर 110.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। भारतीय शेयर बाजार में राहत भरी वापसी देखी गई। इसका मुख्य कारण पिछले कारोबार में बिकवाली के बाद सौदों को पूरा करने के लिए हुई लिवाली रही। मझोली कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.97 प्रतिशत चढ़ा, जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.32 प्रतिशत की गिरावट आई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीएसई सार्वजनिक क्षेत्र बैंक सूचकांक 2.19 प्रतिशत उछला।

# दिल्ली में चांदी 1800 रुपये प्रति किलो मजबूत, सोना 650 रुपये हुआ सस्ता



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 1800 रुपये बढ़कर 2.40 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोने का भाव 650 रुपये टूटकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

चांदी की कीमत 1800 रुपये यानी लगभग एक प्रतिशत बढ़कर, 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 2,38,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही। यह 650 रुपये यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 1,52,650 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले सत्र में सोना 1,53,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं और डॉलर के पक्ष में वैश्विक संकेतों के कारण सोने की कीमतें दबाव में बनी हुई हैं। कीमती धातुओं के समूह को अमेरिका-इजराइल-ईरान के बीच जारी संघर्ष से लगातार कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण पूंजी सुरक्षित निवेश माने जाने वाले डॉलर और कच्चे तेल की ओर चली गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी लगभग एक प्रतिशत टूटकर 72.18 डॉलर प्रति औंस पर रही, जबकि सोना 0.27 प्रतिशत बढ़कर 4,663.54 डॉलर प्रति औंस पर रहा। हाल की बिकवाली और निवेशकों की नए सिरे से दिलचस्पी के बीच सोने की कीमतों में थोड़ा सुधार देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि मजबूत डॉलर के कारण चांदी पर गिरावट का दबाव बना हुआ है।

# आरबीआई ने बैंकों में 25101 करोड़ रुपये की नकदी डाली

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को तीन दिवसीय परिवर्तनीय रेपो दर (वीआरआर) नीलामी के माध्यम से बैंकों में 25,101 करोड़ रुपये की अल्पकालिक नकदी डाली है।

परिवर्तनीय रेपो दर नीलामी आरबीआई की बैंकों में अल्पकालिक नकदी डालने के लिए उपयोग की जाने वाली एक मौद्रिक नीति पहल है। निश्चित रेपो दर के उलट, वीआरआर में ब्याज दर नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित की जाती है, जिससे बैंकों को धनराशि के लिए बोली लगाने की अनुमति मिलती है। आरबीआई ने बयान में कहा कि उसने 5.26 प्रतिशत की कट-ऑफ और भारित औसत दरों पर धनराशि डाली। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकों में अतिरिक्त नकदी में तेज गिरावट आने के बावजूद डाली गई नकदी 75,000 करोड़ रुपये की घोषित राशि से काफी कम रही। बैंकिंग प्रणाली में 19 मार्च तक करीब 16,875.36 करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी होने का अनुमान है। इससे पहले, केंद्रीय बैंक ने 17 मार्च को सात दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए बैंकिंग प्रणाली में 48,014 करोड़ रुपये की नकदी डाली थी।

# रुपया 82 पैसे टूटकर 93.71 प्रति डॉलर पर बंद



मुंबई। रुपया शुक्रवार को 82 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है।

मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये में करीब एक प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने साथ ही कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बढ़ते जोखिम ऊर्जा लागत को बढ़ा रहे हैं, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92.92 पर खुला। कारोबार के दौरान गिरता हुआ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया। अंत तक इसमें गिरावट जारी रही और यह 93.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 82 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा बाजार गुड़ी पड़वा के मौके पर बृहस्पतिवार को बंद थे। पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण शुक्रवार को रुपया अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने भी रुपये पर दबाव डाला है। रुपये में गिरावट का रुख बने रहने के आसार हैं क्योंकि दुनिया में बढ़ते तनाव एवं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें रुपये पर दबाव डालना जारी रख सकती हैं। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 93.20 से 93.80 के बीच रहने के आसार हैं।

# ऊर्जा भंडारण क्षमता 346 गीगावाट प्रति घंटा तक पहुंचने का अनुमान

नयी दिल्ली। भारत की स्थापित ऊर्जा भंडारण क्षमता वर्तमान के लगभग एक गीगावाट-घंटा से बढ़कर 2033 तक 346 गीगावाट-घंटा तक पहुंचने का अनुमान है। शुक्रवार को यहां स्टेशनरी एनर्जी स्टोरेज इंडिया (सेसी) 2026 सम्मेलन में पेश किए गए एक उद्योग श्वेत पत्र में यह जानकारी दी गई।

सेसी 2026 सम्मेलन का आयोजन उद्योग निकाय भारत उर्जा भंडारण गठबंधन द्वारा किया जा रहा है, जो यहां जारी भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट 2026 का हिस्सा है। श्वेत पत्र के अनुसार, भारत के स्थिर ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में अच्छी वृद्धि हो रही है। पाइपलाइन में मौजूद बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) परियोजनाओं की कुल क्षमता अब रिकॉर्ड 92 गीगावाट-घंटा तक पहुंच गई है। इसमें कहा गया है कि संचयी स्थापित क्षमता, जो वर्तमान में एक गीगावाट-घंटा से कम है, के 2033 तक 346 गीगावाट-घंटा के पार जाने का अनुमान है। शुक्रवार को सेसी 2026 सम्मेलन में इस विस्तार की रूपरेखा पर जोर दिया गया, जहां आईईएसए ने कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस के साथ मिलकर तैयार किए गए इस श्वेत पत्र को जारी किया। सेसी 2026 सम्मेलन में 10 से अधिक देशों के 450 से अधिक उद्योग जगत के नेताओं, सरकारी अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

# हिमाचल की आर्थिक वृद्धि दर 8.3 प्रतिशत पर




शिमला। हिमाचल प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि दर 2025-26 में 8.3 प्रतिशत रही। बाजार मूल्य पर वृद्धि दर 10.1 प्रतिशत रही। भारी वित्तीय संकट और प्राकृतिक आपदाओं के नुकसान के बावजूद राज्य ने यह वृद्धि दर हासिल की है।

राज्य की वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत थी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शुक्रवार को विधानसभा में पेश की गई 2025-26 की आर्थिक समीक्षा के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर जीएसडीपी 2,30,587 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष 2,09,385 करोड़ रुपये था। राज्य की प्रति व्यक्ति आय (पीसीआई) 2024-25 के 2,58,196 रुपये से 9.8 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 2,83,626 रुपये हो गई है, जो 2,19,575 रुपये के राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। सेवा क्षेत्र का दबदबा कायम है और 8.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इसने राज्य के सकल मूल्य वर्धन (जीएसवीए) में 46.3 प्रतिशत का योगदान दिया। इसके बाद द्वितीयक क्षेत्र (39.4 प्रतिशत) और प्राथमिक क्षेत्र (14.3 प्रतिशत) का स्थान रहा। कृषि और संबद्ध क्षेत्र में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई, जो 2021-22 के 22,428 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 32,415 करोड़ रुपये हो गया। औद्योगिक क्षेत्र का योगदान स्थिर कीमतों पर 2,66,324 करोड़ रुपये (39.96 प्रतिशत) अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। विनिर्माण क्षेत्र ने जीएसवीए में 25.32 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि निर्माण क्षेत्र का हिस्सा 8.42 प्रतिशत और बिजली, जलापूर्ति व अन्य उपयोगिताओं का योगदान 6.22 प्रतिशत रहा। सेवा क्षेत्र से प्राप्त जीएसवीए 2025-26 में 2,62,581 करोड़ रुपये अनुमानित है, जिसमें पर्यटन क्षेत्र की 7.77 प्रतिशत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। सरमीक्षा के अनुसार, पर्यटन में जबरदस्त उछाल आया है। घरेलू पर्यटकों की संख्या 2020 के 32.13 लाख से बढ़कर 2025 में 311.47 लाख (धार्मिक पर्यटन सहित) हो गई है। हालांकि, रिपोर्ट में राज्य के संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के लिए पर्यावरण-अनुकूल पर्यटन अपनाने पर जोर दिया गया है। सरकार को दिसंबर 2025 तक 143 जलबिजली परियोजनाओं से 1,668 करोड़ रुपये की कमाई हुई है। मार्च 2026 तक 249 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय की उम्मीद है। राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड की 28 परियोजनाओं ने दिसंबर 2025 तक 197.36 करोड़ यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जिसके वित्त वर्ष के अंत तक 220 करोड़ इकाई से अधिक होने की संभावना है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 मार्च को समाप्त सप्ताह में 7.05 अरब डॉलर घटकर 709.76 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 11.68 अरब डॉलर घटकर 716.81 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.88 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह अब तक के सबसे उच्चतम स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 13 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 7.68 अरब डॉलर घटकर 555.57 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। आरबीआई के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 66.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 130.68 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार 2.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.69 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास भारत का आरक्षित भंडार इस दौरान 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.81 अरब डॉलर रह गया।

## पेज एक का शेष

### संरक्षित क्षेत्र में

मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के त्रिकोणीय बिंदु के पास चंबल नदी पर स्थित इस अभयारण्य को पहली बार 1978 में मध्यप्रदेश में संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया था और अब यह तीनों राज्यों द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासित एक लंबा एवं संकरा पारिस्थितिकी आरक्षित क्षेत्र है। न्यायालय राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन और लुप्तप्राय जलीय वन्यजीवों के लिए खतरा शीर्षक वाले स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा था। पीठ ने राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और अन्य को नोटिस जारी कर इस मामले में उनसे जवाब मांगा है। इसने कहा कि संरक्षित प्रजाति घड़ियाल के आवासों को नष्ट करने वाले अवैध रेत खनन से संबंधित कुछ खबरों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए रिट याचिका दर्ज की गई थी। पीठ ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों और उनके विभागों से प्रतिक्रिया प्राप्त होने के बाद इन पहलुओं पर विस्तृत विचार किया जाएगा।

पीठ ने कहा, फिलहाल, हम यह कह सकते हैं कि किसी संरक्षित क्षेत्र में वन्यजीवों के आवास को नष्ट करने का प्रत्येक कृत्य वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, वन (संरक्षण) अधिनियम, जैव विविधता अधिनियम और भारतीय वन अधिनियम के साथ-साथ अन्य कानूनों के तहत अपराध माना जाएगा। इसने कहा कि राज्य सरकारों और विभागों से जवाब मिलने के बाद पीठ उचित और विस्तृत निर्देश जारी करेगी। पीठ ने कहा, रजिस्ट्री को निर्देश दिया जाता है कि वह राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश राज्यों को उनके प्रधान सचिवों के माध्यम से तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को उसके सचिव के माध्यम से पक्षकार बनाकर नोटिस जारी करे। इसने कहा कि इस कार्यवाही का नोटिस केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) को भी जारी किया जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने दो अधिवक्ताओं को अदालत मित्र के रूप में नियुक्त किया और मामले की सुनवाई दो अप्रैल के लिए निर्धारित कर दी। गत तेरह मार्च को न्यायालय ने राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध रेत खनन और लुप्तप्राय जलीय वन्यजीवों के लिए खतरे का स्वतः संज्ञान लिया था।

### वृंदावन का

है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह महत्वपूर्ण बात है कि रामकृष्ण मिशन के इस सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं के साथ-साथ कुशल और मानव सेवा के लिए प्रतिबद्ध चिकित्सकों की एक टीम भी है।

### पेट्रोल-डीजल

योजना नहीं है। तेल विपणन कंपनियों से फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को खुद वहन करने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा हमारी प्राथमिकता सभी उपभोक्ताओं को ऊर्जा उपलब्ध कराना है, जो हम इस पूरे संकट के दौरान कर रहे हैं। अब तक हमने कीमतें नहीं बढ़ाई हैं।

### एलपीजी की भी

आई। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने 19 मार्च को संवाददाता सम्मेलन में बताया था कि उस दिन करीब 55 लाख बुकिंग हुई जो एक दिन पहले 57 लाख थी। युद्ध से पहले प्रतिदिन औसतन 50-55 लाख बुकिंग होती थी। उन्होंने कहा, घबराहट में की जा रही बुकिंग के मामले अब कम हो रहे हैं। शर्मा ने कहा कि सरकार उपलब्ध एलपीजी की आपूर्ति को घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दे रही है... । एलपीजी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है लेकिन किसी भी वितरक के पास आपूर्ति पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को 11,300 टन एलपीजी दी गई। शर्मा ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में घरेलू एलपीजी उत्पादन में 40 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है और तीनों सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां युद्ध से पहले के स्तर पर रोजाना भरे हुए सिलेंडर की आपूर्ति कर रही हैं। उन्होंने कहा, एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए छापेमारी एवं औचक जांच जारी है। शुक्रवार को 4,500 छापे मारे जबकि तेल कंपनियों ने पेट्रोल पंप एवं एलपीजी वितरकों पर 1,800 औचक निरीक्षण किए।

### पाकिस्तान के

ने इस पूरे मामले की विस्तृत जानकारी दी है। जासूसी के बदले आरोपियों को 500 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का भुगतान किया जाता था। यह राशि उन्हें अलग-अलग किस्तों में मिलती थी। आरोपी जन सेवा केंद्रों पर इंटरनेट के माध्यम से भुगतान कराते थे। वहां से वे नकद रुपये प्राप्त करते थे। इस तरीके से वे अपनी पहचान छिपाने का प्रयास करते थे। एसआईटी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार दो मुख्य आरोपी अभी भी वांछित हैं। इनमें बिहार के मुजफ्फरपुर निवासी नौशाद अली शामिल है। दूसरा मुख्य आरोपी भागलपुर का रहने वाला समीर उर्फ शूटर है। पुलिस इन दोनों की तलाश में लगातार जुटी हुई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### पेड़ से टकरायी

इटावा निवासी पूर्व फौजी कामता प्रसाद (70) परिवार के लोगों के साथ दो गाड़ियों में राजस्थान के करौली कैला देवी मंदिर में दर्शन के लिए गए थे। बृहस्पतिवार को घर लौट रहे थे। चित्राहाट थाने से 200 मीटर की दूरी पर कार सड़क किनारे के पेड़ से टकरा गई। हादसे में बोलेरो कार में सवार कामता प्रसाद, उनके छोटे बेटे देवेंद्र (35), पुत्रवधू सीमा (32), औरैया के प्रतापपुरा निवासी धेवते ऋषि (20) पुत्र चरन सिंह, 3 साल की आराध्या पुत्री नीरज की मौत हो गई। वहीं मृतक देवेंद्र का बेटा आदित्य (13), भाई दीपक की बेटी रोशनी (22), बेटा ऋषभ (18) और बोलेरो चालक उन्नाव के महोवा के निवासी अवनीश घायल हो गए। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण आ गए। उन्होंने कार में फंसे लोगों को शीशा तोड़कर बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सैफई के अस्पताल भेजा है। वहीं दूसरी गाड़ी में सवार परिवार के अन्य लोग भी घटनास्थल पर आ गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे की वजह से चालक को झपकी आना माना जा रहा है।

### इजराइल ने

ईरान ने खाड़ी अरब देशों में ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए। इजराइली सेना द्वारा ईरानी मिसाइल दिखने की चेतावनी जारी किए जाने के बाद यरुशलम में भी जोरदार धमाके सुने गए। ईरान के नए सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने एक दुर्लभ बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को मिट्टी में मिलाने की जरूरत है। मोजतबा खामेनेई युद्ध के पहले दिन इजराइल के हमले में मारे गए अपने पिता, 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की जगह लिए जाने के बाद से नज़र नहीं आए हैं। उनकी यह टिप्पणी उनकी ओर से राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान को भेजे गए एक बयान में आई। उन्होंने यह टिप्पणी इजराइल द्वारा इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के खुफिया मंत्री इस्माइल खतीब को मार दिए जाने के बाद की। दुबई भारी विस्फोटों से तब दहल गया जब शहर में लोग रमजान महीने के समापन का त्योहार ईद अल-फितर मना रहे थे और जब मस्जिदों में दिन की पहली नमाज अदा की गई। बहरीन के गृह मंत्रालय ने कहा कि रोके गए एक हवाई अस्त्र के छेंे एक गोदाम पर गिरने के बाद आग लग गई। वहीं, सऊदी अरब ने कहा कि उसने देश के तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत को निशाना बनाने वाले कई ड्रोन को मार गिराया। बृहस्पतिवार देर रात, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि ईरानी प्रतिक्रिया के उपरांत तेल की कीमतों में भारी उछाल आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध पर इजराइल गैस क्षेत्र पर अपनी ओर से कोई और हमला नहीं करेगा।

### बेमौसम बारिश

की फसल भी प्रभावित हुई है। गेहूं की फसल भी काफी पक चुकी है, जिससे नुकसान की आशंका है। यह सीजन की पहली बारिश है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में ओलावृष्टि का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने राजधानी में शनिवार को भी वज्रपात के साथ मध्यम बरसात की चेतावनी दी है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है। वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्यांचल और बुंदेलखंड समेत लगभग पूरे राज्य में तेज हवा और गरज-चमक का असर रहेगा। गुरुवार को वाराणसी प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश और तेज हवाओं के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने पहले ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से इस बदलाव का अनुमान जताया था। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक रही और दिन भर मौसम ऐसा ही बना रह सकता है। तापमान में लगभग 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। शुक्रवार को अचानक हुई बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। सुबह करीब नौ बजे तक मौसम साफ था और लोग अपने रोजमर्रा के काम में लगे थे, लेकिन करीब साढ़े नौ बजे काले घने बादल छा गए और कुछ ही देर में तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज हुई कि दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल हो गया और कई जगह लोगों को वाहनों की लाइट जलानी पड़ी।

### फसलों के नुकसान

को निर्देश दिया है कि वह फील्ड स्तर पर कार्य कर रहे अधिकारियों से सीधा संपर्क और समन्वय बनाए रखें। सीएम ने कहा कि सभी सूचनाएं समय पर एकत्रित कर शासन को उपलब्ध कराई जाएं, जिससे राहत कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसलों को हुई क्षति का आकलन प्राप्त होते ही मुआवजे के वितरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भुगतान व्यवस्था पारदर्शी और समयबद्ध हो, ताकि प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और किसी भी आपदा की स्थिति में उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संवेदनशीलता के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

### धामी सरकार

खजान दास, भरत सिंह चौधरी और राम सिंह कैड़ा शामिल हैं। मंत्रिमंडल विस्तार में सरकार ने विभिन्न सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की रणनीति अपनाई है। नए मंत्रियों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, पंजाबी और दलित समुदायों से नेताओं को शामिल कर सामाजिक संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया गया है। वहीं, क्षेत्रीय दृष्टि से गढ़वाल मंडल को अधिक प्रतिनिधित्व देते हुए चार मंत्री बनाए गए हैं, जबकि कुमाऊं क्षेत्र से एक विधायक को शामिल कर संतुलन बनाए रखा गया है। 70 सदस्यीय उत्तराखंड विधानसभा में संवैधानिक प्रावधानों के तहत अधिकतम 12 मंत्री बनाए जा सकते हैं। इस विस्तार से पहले मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित कुल सात सदस्य थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर निर्धारित सीमा तक पहुंच गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कैबिनेट विस्तार केवल राजनीतिक संदेश नहीं बल्कि प्रशासनिक मजबूती की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। इससे जहां संगठन के वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी मिली है, वहीं सरकार और पार्टी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होने की उम्मीद जताई जा रही है।




# सीएसए में सर्वोत्तम प्रदर्शन करेगी भारतीय महिला टीम

## भारतीय महिला टीम दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगी



जोहानिसबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय महिला टीम इस साल के आखिर में दक्षिण अफ्रीका के दौरे में एक टेस्ट और तीन वनडे मैच की श्रृंखला खेलेगी।

सीएसए ने कहा कि टेस्ट मैच 20 से 23 दिसंबर तक गकेबरहा में खेला जाएगा। वनडे मैच नौ से 15 दिसंबर तक पोटचेफस्ट्रूम, ब्लोमफोंटेन और केपटाउन में खेले जाएंगे। सीएसए ने बयान में कहा कि दक्षिण अफ्रीका की टीम नौ से 15 दिसंबर तक आईसीसी महिला चैम्पियनशिप (आईडब्ल्यूसी) की तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में भारत का सामना करेगी।

श्रृंखला का पहला मैच पोटचेफस्ट्रूम के जेबी मार्क्स ओवल में खेला जाएगा, जबकि दूसरा और तीसरा मैच ब्लोमफोंटेन के मंगाउंग ओवल और न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड में होगा। बयान के अनुसार, भारतीय टीम के इस दौरे में 20 से 23 दिसंबर तक गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाने वाला एक टेस्ट मैच भी शामिल होगा। दोनों देशों के बीच यह चौथा टेस्ट मैच होगा। सीएसए ने इसके साथ ही बताया कि ऑस्ट्रेलिया 18 मार्च से 11 अप्रैल, 2027 तक दक्षिण अफ्रीका का दौरा करेगा, जिसमें तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच, इतने ही वनडे मैच और एक टेस्ट मैच खेला जाएगा। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 18 से 23 मार्च तक किम्बरली, बेनोनी और कुगोम्पो सिटी में जबकि वनडे मैच 27 मार्च, 31 मार्च और तीन अप्रैल को गकेबरहा, पार्ल और डरबन में खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया इस दौरे के आखिर में आठ से 11 अप्रैल तक जेबी मार्क्स ओवल में एकमात्र टेस्ट मैच भी खेलेगा।

# हमारी गेंदबाजी को काफी निखार रहे हैं भरत अरुण : ऋषभ पंत



लखनऊ। आईपीएल के पिछले सत्र में गेंदबाजी लखनऊ सुपर किंग्स की कमजोर कड़ी थी लेकिन कप्तान ऋषभ पंत का कहना है कि सहयोगी स्टाफ में भरत अरूण के आने से इस विभाग में टीम को मजबूत करने में काफी मदद मिल रही है। पंत ने जियोस्टार से बातचीत में लखनऊटीम के चेन्नई में लगाये गए शिविर और भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच अरूण के जुड़ने से टीम के युवा तेज गेंदबाजों को मिल रही मदद के बारे में बताया।

पंत ने कहा कि तेज गेंदबाजों के साथ शिविर बेहतरीन रहा। भरत अरूण सर के आने से काफी मदद मिल रही है। हमने इस पर काफी बात की है कि मैं गेंदबाजों से क्या चाहता हूं और वह इसमें क्या मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कोचों में से एक हैं और उनके साथ काम करने के अनुभव के कारण मुझे पूरा भरोसा है। वह अपने साथ अपार अनुभव लाये हैं। गेंदबाजों को उन पर भरोसा है और वे उनसे बात करते हैं। आपको एक गेंदबाजी कोच से यही चाहिये होता है। पंत ने कहा कि पिछले सत्र का प्रदर्शन देखें तो हमें गेंदबाजी में सुधार की जरूरत थी। इसमें अरूण सर हमारी मदद कर सकते हैं और मुझे खुशी है कि वह टीम के साथ हैं। ड्रेसिंग रूम में सबसे मजाकिया इंसान पंत ने कहा कि इससे तनाव के पलों में माहौल हल्का करने में मदद मिलती है। मुझे लगता है कि हंसी मजाक सबको पसंद है क्योंकि माहौल वैसे ही इतना तनावपूर्ण है। हर कोई एक दूसरे के साथ का आनंद लेना चाहता है। बहुत सारा तनाव लेकर मजा नहीं आता और आप अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते।

# भारत की अंडर 20 महिला टीम एशियाई कप खेलने थाईलैंड पहुंची

बैंकॉक। भारत की 24 सदस्यीय अंडर 20 महिला फुटबॉल टीम थाईलैंड में अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप से पहले पंद्रह दिन के अनुकूलन शिविर में भाग लेने शुक्रवार को यहां पहुंच गई। भारतीय टीम ने दो दशक बाद इस टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई किया है। यह टीम दो अप्रैल को जापान के खिलाफ ग्रुप सी के पहले मुकाबले से पूर्व13 दिन अनुकूलन शिविर में भाग लेगी। भारत को पांच अप्रैल को आस्ट्रेलिया से और आठ अप्रैल को चीनी ताइपै से खेलना है। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीसरे स्थान की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल खेलेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीमें पोलैंड में इस साल होने वाले फीफा अंडर 20 विश्व कप में जगह बनायेंगी। भारतीय टीम ने इंडियन वुमैंस लीग के पहले चरण के बाद बेंगलुरू में स्वीडिश कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया है। इसके अलावा स्वीडन में एक महीने का अभ्यास शिविर भी लगा था। भारत ने स्वीडन की सीनियर टीम के खिलाफ पांच दोस्ताना मैच भी खेले। यूरोप से आने के बाद टीम ने कोलकाता में अभ्यास शिविर में भी भाग लिया। **भारतीय टीम : गोलकीपर :** मोनालिसा देवी एम, नंदिनी, रिबांसी जामू, **डिफेंडर :** अलका इंदवार, सिंडी आर कोलनी, निशिमा कुमारी, रेमी थोकचोम, रूचि यादव, सहीना टीएच, शुभांगी सिंह, टी चानू तोइजाम, **मिडफील्डर :** अंजू चानू कायेनपेइबाम, अरिना देवी एन, भूमिका देवी, मोनिशा सिंघा, नेहा, पूजा, श्रुति कुमारी, **फॉरवर्ड:** बबीता कुमारी, दीपिका पाल, लिंगदेइकिम, शिलजी शाजी, सिबानी देवी एन, सुलंजना राउल।

संक्षेप

### रिधिमा ने सत्र का तीसरा खिताब जीता

नोएडा। रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां लगातार तीसरी बार 71 का स्कोर बनाया और महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया। रिधिमा ने अंतिम दौर की शुरुआत जैस्मीन शेखर से तीन शॉट पीछे रहकर की थीं। पहले दो होल के बाद वह पांच शॉट पीछे हो गईं इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी लगाईं और कोई बोगी नहीं की। दूसरी तरफ जैस्मीन ने चार ओवर 75 का स्कोर बनाया। रिधिमा ने दूसरा और चौथा चरण भी जीता था। अब छठा चरण जीतकर उन्होंने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त बनाए रखी है। वर्तमान सीरीज का पहला चरण जीतने वाली जैस्मीन लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहीं।

### अब कमेंट्री नहीं करेंगे लक्ष्मण शिवरामकृष्णन

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व लेग स्पिनर और अनुभवी क्रिकेट विशेषज्ञ लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कमेंट्री पैनल से हटने की घोषणा की। उन्होंने टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान उद्घोषक की भूमिका में अवसरों की कमी को अपने कमेंट्री करियर को समाप्त करने का कारण बताया।शिवरामकृष्णन ने 1980 के दशक की शुरुआत में 17 साल की उम्र में अपनी दमदार लेग-स्पिन गेंदों, गूगली और टॉप स्पिन से हलचल मचा दी थी। भले ही उनका क्रिकेट करियर लंबा नहीं चला लेकिन इसके बाद उन्होंने कमेंटेटर के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई। शिवरामकृष्णन ने ट्वीट की एक श्रृंखला में अपनी निराशा व्यक्त की, जिससे पता चलता है कि वह अपने काम से संतुष्ट नहीं थे।उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मैं बीसीसीआई के लिए कमेंट्री से संन्यास ले रहा हूं। शिवरामकृष्णन ने कहा, पिछले 23 वर्षों से मुझे टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के लिए नहीं भेजा गया। जबकि नए लोग पिच रिपोर्ट, टॉस और पुरस्कार वितरण समारोह के लिए भेजे जाते रहे। मुझे उस समय भी नहीं भेजा गया जब रवि शास्त्री कोचिंग कर रहे थे, तो इसका मतलब क्या हो सकता है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई के अधिकार रखने वाली कंपनी का क्या हाल होता है कोई भी इसका अंदाजा लगा सकता है। मेरा संन्यास लेना कोई बड़ी बात नहीं है लेकिन टीवी प्रोडक्शन की एक नई कहानी सामने आ रही है। जल्द ही आपके सामने पूरी तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। जब एक यूजर ने पूछा कि क्या उनकी त्वचा का रंग कोई मुद्दा है, तो शिवरामकृष्णन ने जवाब दिया, आप सही हैं। रंगभेद।

# ईरान की महिला फुटबॉल टीम का तेहरान पहुंचने पर भव्य स्वागत



तेहरान। ईरान की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम का यहां लौटने के बाद भव्य स्वागत किया गया जबकि कई खिलाड़ियों ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी। मिडफील्डर फातिमा शबान ने कहा कि सबसे पहले तो मैं ईरान आकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह हमारा देश है।

दर्शकों ने झंडे लहराये और कुछ खिलाड़ियों के हाथ में गुलदस्ते भी थे। शबान ने अनुवादित बयान में कहा , मैने सोचा नहीं था कि इतने लोग हमारा स्वागत करने आयेंगे। मुझे ईरान की बेटी होने की खुशी है। ईरान की दो महिला खिलाड़ी फातिमा पसंदिदेह और आतिफा रमेजानिसादेह आस्ट्रेलिया में ही रूक गई हैं और ब्रिसबेन रोर क्लब के साथ अभ्यास कर रही हैं। ईरान के महिला एशियाई कप से बाहर होने के बाद कुछ ने आस्ट्रेलिया में शरण मांगी थी लेकिन बाद में इरादा बदलते हुए कहा कि वे ईरान लौटना चाहते हैं। ईरान की टीम युद्ध शुरू होने से पहले 28 फरवरी को आस्ट्रेलिया टूर्नामेंट खेलने पहुंची थी।

# कजाखस्तान हॉकी टीम भारत में कर रही है हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग



नयी दिल्ली। कजाखस्तान की सीनियर पुरूष हॉकी टीम एशियाई खेलों के क्वालीफायर के लिये भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत स्थित उत्तर क्षेत्र केंद्र पर 10 से 21 मार्च तक हाई परफॉर्मेंस ट्रेनिंग कर रही है।

भारत के प्रमुख हॉकी अभ्यास केंद्रों में से एक पर चल रहे इस शिविर में आधुनिक अनुकूलन सुविधायें, विश्व स्तरीय कृत्रिम टर्फ और बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल है जिससे कजाखस्तान को अच्छा अभ्यास मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय टीमों की मेजबानी और मदद के जरिये भारत को खेलों में श्रेष्ठता का वैश्विक केंद्र बनाने के खेल मंत्रालय के विजन के तहत यह पहल की गई है। कजाखस्तान के कोच ओल्गा उर्मानोवा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा , हम भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्र केंद्र सोनीपत में आकर बहुत खुश हैं। यहां हमारा बहुत अच्छा ख्याल रखा जा रहा है। भारत में शीर्ष स्तर की हॉकी खेली जाती है और यही वजह है कि हम यहां सीखने, ढलने और विकास के लिये आये हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले हमने राजगीर में हीरो एशिया कप 2025 खेला था जिसके बाद यह भारत का हमारा दूसरा दौरा है। एक बार फिर यह अनुभव काफी अच्छा रहा। विश्व रैंकिंग में 55वें स्थान पर काबिज कजाखस्तान ने जकार्ता में एएचएफ कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करके चौथा स्थान हासिल किया। राजगीर में एशिया कप में उसे भारत, जापान, चीन जैसी शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने का अनुभव मिला। हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि हम कजाखस्तान की सीनियर पुरूष टीम का भारत में स्वागत करके खुश हैं। इस पहल से विश्व हॉकी का विकास होगा और अंतरराष्ट्रीय खेल संबंध भी मजबूत होंगे।

# राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल 2026 सत्र नहीं खेल सकेंगे सैम कुरेन



जयपुर। इंग्लैंड के करिश्माई हरफनमौला सैम कुरेन ग्रोइन की चोट के कारण राजस्थान रॉयल्स के लिये इंडियन प्रीमियर लीग का अगला सत्र नहीं खेल सकेंगे जबकि टीम विकल्प पर विचार कर रही है।

भारत से टी20 विश्व कप सेमीफाइनल हारने वाली इंग्लैंड टीम के सदस्य रहे कुरेन को राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स से खरीदा था। उनके बदले में संजू सैमसन अब चेन्नई टीम के लिये खेलेंगे। पंजाब किंग्स और चेन्नई के लिये खेल चुके 27 वर्ष के कुरेन को आईपीएल 2023 सत्र के पहले 18.5 करोड़ रूपये में खरीदा गया था लेकिन चोट के कारण वह बाहर ही रहे। चेन्नई के लिये 2020 और 2021 में खेल चुके कुरेन पिछले सत्र से पहले 2 . 4 करोड़ में टीम से जुड़े थे। उन्होंने पिछले सत्र में 114 रन बनाये और एक विकेट लिया। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने रविंद्र जडेजा या कुरेन को कप्तान नहीं बनाये जाने पर हैरानी जताई थी। रॉयल्स ने रियान पराग को कप्तानी सौंपी थी।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर श्रृंखला में बढ़त बनायी

ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)। टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल की।

दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर दिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-। से बढ़त हासिल कर ली। कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी



तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला द्वारा किए गए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए। निक केली ने विजयी रन बनाया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सैंटनर ने कहा कि हमारे कई प्रमुख खिलाड़ी नहीं खेल रहे हैं लेकिन हमारे पास अच्छे खिलाड़ियों की कमी नहीं है। पिच शुरू में थोड़ी मुश्किल लग रही थी। यह अच्छी बात थी कि दोनों खिलाड़ियों (कॉनवे और लैथम) ने इसे बखूबी संभाला। चौथा मैच रविवार को वेलिंगटन में खेला जाएगा।

# असम के सीएम ने किया नामांकन



गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी के तौर पर शुक्रवार को जलुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। 2001 से इस सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे शर्मा ने लगातार छठी बार यहां से नामांकन दाखिल किया है।

नामांकन के दौरान शर्मा के साथ उनकी पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा, बेटा नंदिल विश्व शर्मा और गुवाहाटी से भाजपा की सांसद बिजुली कालिता मेधी मौजूद थीं। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री ने एक वाहन पर सवार होकर खानापारा क्षेत्र के वेटरिनरी फील्ड से लगभग 5.6 किलोमीटर दूर कामरूप (महानगर) जिला निर्वाचन कार्यालय तक रैली निकाली जहां उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने से पहले मुख्यमंत्री ने अपनी मां मृणालिनी देवी का आशीर्वाद लिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा,"शुभ काम की शुरुआत हमेशा मां के आशीर्वाद से होनी चाहिए। इन दिनों मैं उनके साथ अधिक समय नहीं बिता पाता, लेकिन उनका आशीर्वाद मुझे आई असोमी (मां असम) की सेवा जारी रखने की शक्ति देता है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद शर्मा ने लोगों से उनका और भाजपा व उसके दो सहयोगी दलों असम गण परिषद (अगप) और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के सभी उम्मीदवारों का समर्थन करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिसीमन के दौरान उनके निर्वाचन क्षेत्र में कुछ नए इलाके जोड़े गए हैं। इन इलाकों के लोगों से जुड़ने में थोड़ा समय लगेगा, लेकिन मुझे भरोसा है कि वे मुझे आशीर्वाद और समर्थन देंगे। शर्मा ने कहा कि वह अपने क्षेत्र में प्रचार के लिए ज्यादा समय नहीं दे पाएंगे, क्योंकि उन्हें अन्य सीटों पर भी प्रचार के लिए जाना होगा। उन्होंने कहा, मेरे क्षेत्र में प्रचार की जिम्मेदारी पार्टी कार्यकर्ता संभालेंगे... मैं भी कोशिश करूंगा कि प्रचार के लिए जाऊंऔर रिनिकी (उनकी पत्नी) भी कुछ जगहों पर जाएंगी। उन्होंने बताया कि वह रोजाना पांच से छह सभाओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय नेताओं के प्रचार को लेकर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीन सभाओं को संबोधित किए जाने की संभावना है, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह छह से आठ सभाएं करेंगे। उन्होंने बताया कि योजना को अंतिम रूप देने के लिए आज शाम एक बैठक भी होगी। शर्मा गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले जलुकबाड़ी का 2001 से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और आगामी चुनाव में वह लगातार छठी बार इस सीट को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। उन्होंने पहली बार 1996 में इस सीट से चुनाव लड़ा था।

# जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन वार्ता बहाल करने के लिए प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका भेजा

एजेंसी

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने अपने देश पर रूस के आक्रमण को समाप्त करने के लिए निलंबित वार्ता को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका भेजा है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह भी संकेत दिया कि मॉस्को और कीव के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता का एक नया दौर जल्द ही होने की संभावना है।

त्रिपक्षीय वार्ता, जिसमें अभी तक प्रमुख मुद्दों पर कोई सफलता नहीं मिली है, अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध पर अंतरराष्ट्रीय ध्यान केंद्रित रहने के कारण ठप पड़ी हुई है। जेलेंस्की वार्ता को गति देने के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने बृहस्पतिवार देर रात कहा कि शनिवार को होने वाली बैठक के लिए एक प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका भेजा गया है। व्हाइट हाउस ने किसी भी बैठक की पुष्टि नहीं की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस उन वार्ताओं में शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नयी त्रिपक्षीय बैठक के समय और स्थान पर अब तक सहमति नहीं बनी है। पिछले एक साल में यूरोपीय



अधिकारियों ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर बार-बार बातचीत में ढिलाई बरतने का आरोप लगाया है, जबकि वह यूक्रेन की अधिक से अधिक भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। रूसी सेना का यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा है।

## संक्षेप

### महाराष्ट्र महिला आयोग की अध्यक्ष निशाने पर

मुंबई। महाराष्ट्र के विपक्षी दलों ने शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर को एक स्वघोषित अंकशास्त्री के साथ कथित संबंधों को लेकर निशाना बनाया, जिसे नासिक अपराध शाखा ने एक महिला के साथ बलात्कार करने और धार्मिक प्रथाओं की आड़ में कई लोगों का शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शिवसेना (उबाठा) की प्रवक्ता सुषमा अंधारे और सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने कहा कि चाकणकर को धर्मगुरु अशोक खरात के साथ संबंधों के चलते पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अशोक खरात को कैप्टन खरात के नाम से भी जाना जाता है। उसे 24 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता अतुल लोन्धे ने कहा कि खरात मामले की एसआईटी जांच का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रैंक की महिला पुलिस अधिकारी को करना चाहिए। अंधारे ने कहा कि मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए चाकणकर का नार्को टेस्ट कराया जाना चाहिए। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि हस्तरेखा शास्त्र के मुताबिक अनामिका अंगुली सूर्य का प्रतिनिधित्व करती है, जो प्रसिद्धि, रचनात्मकता, नेतृत्व और भाग्य का प्रतीक है।

# अपनी ऑस्ट्रेलिया समकक्ष वोंग से जयशंकर ने की बात

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग से बात की और पश्चिम एशिया संकट के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की।

पश्चिम एशियाई गैस केंद्रों पर नये हमलों को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं की पृष्ठभूमि में जयशंकर और वोंग ने फोन पर बातचीत की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा, ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष वोंग से बात करके बहुत खुशी हुई। हमने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपने



विचार साझा किए। हमने हिंद-प्रशांत मुद्दों पर भी चर्चा की। ईरान के रणनीतिक साउथ पार्स गैस फील्ड पर बुधवार को इजराइल के हमले के बाद कतर के एलएनजी केंद्र रास लाफान समेत कई खाड़ी देशों में प्रमुख ऊर्जा अवसंरचनाओं पर ईरान ने तीव्र जवाबी कार्रवाई की।

# श्रीलंका ने अमेरिकी लड़ाकू विमानों को उतरने की अनुमति नहीं दी थी : राष्ट्रपति दिसानायके

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने संसद को बताया कि सरकार ने मार्च की शुरुआत में अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को देश के दक्षिण-पूर्व स्थित मत्ताला अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

दिसानायके ने कहा कि जिबूती स्थित अमेरिकी अड्डे से दो युद्धक विमानों ने चार और आठ मार्च को श्रीलंका आने की अनुमति मांगी थी, लेकिन दोनों अनुरोध अस्वीकार कर दिए गए। उन्होंने कहा कि हम कई तरह के दबावों के बावजूद अपनी तटस्थता बनाए रखना चाहते हैं। हम झुकेंगे नहीं। पश्चिम एशिया का युद्ध चुनौतियां पैदा कर रहा है, लेकिन हम तटस्थ रहने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि वे जिबूती स्थित अड्डे से आठ पोत रोधी मिसाइलों से लैस दो युद्धक विमानों को मत्ताला अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लाना चाहते थे और हमने मना कर दिया। दिसानायके का यह बयान दक्षिण एवं मध्य एशिया के लिए अमेरिकी विशेष दूत सर्जियो गोर से उनकी मुलाकात के एक दिन बाद आया है। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा, बंदरगाहों को सुरक्षित बनाने, पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने तथा स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर चर्चा की। चार मार्च को अमेरिका ने द्वीप के दक्षिणी तटीय शहर गाले के निकट ईरान के आईआरआईएस देना पोत को निशाना बनाया, जिसमें 84 नाविकों की मौत हो गई, जबकि 32 को बचा लिया गया।

# भारत से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि अब कनाडा में नहीं: पुलिस प्रमुख

ओटावा। कनाडा के पुलिस प्रमुख ने कहा है कि उनके देश में अब भारत सरकार से जुड़ी कोई गुप्त गतिविधि या सीमा पार दमनकारी कार्वाई नहीं हो रही है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के आयुक्त माइक डुहेम ने सीटीवी न्यूज से एक साक्षात्कार के दौरान यह टिप्पणी की।

उनसे सवाल किया गया कि क्या भारत के एजेंटों द्वारा सीमा पार दमन अब भी चिंता का विषय है। डुहेम ने इसके जवाब में कहा, वर्तमान में हमारे पास मौजूद आपराधिक जानकारी और जांच के आधार पर, हमें किसी भी विदेशी संस्था से कोई संबंध नजर नहीं आता। डुहेम ने रविवार को प्रसारित किए जाने वाले साक्षात्कार में कहा, मैं यह हमारे पास विदेशी हस्तक्षेप या सीमापार दमन से संबंधित सभी मामलों के समग्र आकलन के आधार पर कह रहा हूं। हमारे पास ऐसे लोग हैं जो लोगों को डरा रहे हैं, उन्हें परेशान कर रहे हैं लेकिन किसी विदेशी इकाई से, चाहे वह कोई भी देश हो, उनका संबंध जोड़ने के लिए हमारे पास कुछ नहीं है। उनकी यह टिप्पणी कनाडा और भारत के बीच कई महीनों तक बने रहे राजनयिक तनाव के बाद आई है।

# अल्पसंख्यक आयोग में रिक्तियों पर कोर्ट ने जतायी नाराज

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के पदों पर रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक समयसीमा बताने में नाकाम रहने को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर नाराजगी जाहिर की।

मुख्य न्यायाधीश डी. के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की पीठ ने इस बात पर गौर करते देते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के उप सचिव को दो सप्ताह के भीतर इस चूक का स्पष्टीकरण देने को कहा कि उसने रिक्तियों को भरने की समयसीमा के संबंध में विशेष रूप से एक हलफनामा मांगा था। अदालत ने कहा, हम यह समझ पाने में असमर्थ हैं कि हलफनामे में दिए गए कथन आयोग के अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली समयसीमा को किस प्रकार बयां करते हैं। उच्च न्यायालय ने अतिरिक्त सॉलिसिटर




जनरल चेतन शर्मा से कहा कि देखिये, अदालत के आदेश को कितनी लापरवाही से लिया गया है। अदालत की अवहेलना की गई है। यह अधिकारी कौन है?... अधिकारी द्वारा दाखिल हलफनामा देखिए। हमें उसे तलब कर उससे पूछना होगा कि समयसीमा का क्या मतलब होता है। बेहतर होगा कि आप उसे अपने कक्ष में बुलाएं। अदालत ने पाया कि हलफनामे में केवल यही कहा गया है कि मंत्रालय ने रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्वाई शुरू कर दी है और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त बायोडाटा और नामांकन की जांच की जा रही है। हलफनामे में कहा गया है कि प्रस्तावों की जांच की जा रही है और यह मामला सक्षम प्राधिकार के समक्ष विचाराधीन है। मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी। छह फरवरी को अदालत ने केंद्र को आयोग में रिक्त पदों को भरने के मुद्दे पर एक बेहतर हलफनामा दाखिल करने और नियुक्ति प्रक्रिया के विवरण के साथ-साथ इसके पूरा होने की समयसीमा बताने को कहा था। अदालत ने टिप्पणी की थी कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अवर सचिव द्वारा इस मुद्दे पर दाखिल की गई वस्तु स्थिति रिपोर्ट बिल्कुल निरर्थक और अस्पष्ट थी। उच्च न्यायालय ने 30 जनवरी को, आयोग में रिक्त पदों को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

# ईद से पहले तनाव को लेकर द्वारका इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गयी

नयी दिल्ली। पश्चिम दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में चार मार्च को हुई हत्या के बाद तनाव व्याप्त रहने के मद्देनजर ईद के त्योहार से एक दिन पहले, इससे लगे द्वारका जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि 100 से अधिक नाके स्थापित किए गए हैं और संवेदनशील इलाकों में गतिविधियों पर करीबी नजर रखने के लिए प्रमुख चौराहों एवं इमारतों की छतों पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था भंग होने की आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त सुरक्षा तैयारी सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो, इसके लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अधिकारी ने कहा, हमने तैनाती की विस्तृत योजना बनाई है और किसी भी स्थिति में तुरंत कार्वाई करने के लिए तैयार हैं। पुलिस के अनुसार, हस्तसाल गांव, जहां हिंसक घटना हुई थी, और आसपास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं, साथ ही रणनीतिक स्थानों पर दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की संयुक्त तैनाती की गई है। होली के दिन चार मार्च को जेजे कॉलोनी में दो पड़ोसी परिवारों के बीच हुई झड़प में घायल होने के बाद तरुण (26) की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह झगड़ा उस वक्त शुरू हुआ जब एक परिवार की लड़की द्वारा फेंका गया पानी का गुब्बारा गलती से दूसरे परिवार की एक महिला को लग गया। इस घटना के बाद कुछ समूहों ने विरोध प्रदर्शन किया, जिस दौरान आरोपियों की दो गाड़ियों में आग लगा दी गई। पुलिस ने मामले में अब तक दो नाबालिगों को हिरासत में लिया है।

## इंटरटेनमेंट...

# धुरंधर 2: द रिवेंज ने तोड़े कई रकॉर्ड, 145 करोड़ कमाए

मुंबई। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर 2 ने भारतीय सिनेमा के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए और अपनी रिलीज़ के पहले ही दिन लगभग 145 करोड़ रुपये की कमाई की।

ट्रेड ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने बुधवार को आयोजित पेड प्रीव्यू (रिलीज की आधिकारिक तारीख से पहले रिलीज किया जाना) से 43 करोड़ रुपये की कमाई की, जो किसी भी भारतीय फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। फिल्म ने बृहस्पतिवार को पहले दिन 102.55 करोड़ रुपये कमाए, जिससे भारत में इसकी कुल कमाई लगभग 145 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। फिल्म ने हाल की सर्वाधिक कमाई वाली हिंदी फिल्में जैसे शाहरुख खान की जवान (75 करोड़) और पठान (57 करोड़), साथ ही हॉरर-कॉमेडी स्त्री 2 (54



करोड़) की शुरुआती दिन की कमाई के आंकड़े को पार कर लिया है। अनुमान है कि धुरंधर 2: द रिवेंज की विश्वव्यापी कमाई 200 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर चुकी है। यह फिल्म अपनी पूर्व की फिल्म धुरंधर का सीक्वल है जिसे शानदार सफलता मिली थी। इस फिल्म ने रिकॉर्ड अग्रिम बुकिंग के साथ सिनेमाघरों में दस्तक दी। बुधवार को इसके पेड प्रीव्यू सहित 15 लाख से अधिक टिकटें बिकीं। उम्मीद है कि यह फिल्म अपने पहले भाग धुरंधर के आंकड़े को पीछे छोड़ देगी जिसने दिसंबर 2025 में रिलीज़ के बाद दुनिया भर में 1,300 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। इसमें रणवीर सिंह ने जसकीरत सिंह रंगी का किरदार निभाया है जो एक जासूस है और पाकिस्तान में हमजा अली मज़ारी के रूप में अपनी पहचान बनाता है। इस फिल्म में बताया गया है कि कराची के अंडरवर्ल्ड में मज़ारी किस तरह अपनी पकड़ बनाता है और उसकी जड़ों तक पहुंचता है। फिल्म में आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज़ हुई है।

# पिता को याद कर भावुक हुए बाबिल

नयी दिल्ली। अभिनेता बाबिल खान ने अपने दिवंगत पिता एवं प्रख्यात अभिनेता इरफान खान को याद करते हुए सोशल मीडिया पर उनकी पुरानी तस्वीरें साझा कीं। स्लमडॉग मिलियनेयर, द लंचबॉक्स और हिंदी मीडियम जैसी कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाने जाने वाले इरफान का 29 अप्रैल 2020 को मुंबई में 53 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वह 2018 से दुर्लभ प्रकार के कैंसर न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर से जूझ रहे थे।

बाबिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने बचपन की तस्वीरें बृहस्पतिवार को साझा कीं, जिनमें वह अपने पिता के साथ नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक नयी शुरुआत के लिए, आपको याद करते हुए।

# जल्द ही मां बनने वाली हैं दिव्यांका त्रिपाठी दहिया



नयी दिल्ली। अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी दहिया और उनके पति विवेक दहिया ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर परिवार में आने वाली खुशी की खबर साझा की और बताया कि दोनों माता पिता बनने वाले हैं।

दिव्यांका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया है कि शादी के दस साल बाद उन्हें यह खुशी नसीब हुई है। पोस्ट में वह अपने पति विवेक दहिया के साथ नजर आ रही हैं, जिसमें उनका बेबी बंप नजर आ रहा है। एक अन्य तस्वीर में दंपति नन्हें जूते पकड़े हुए दिख रहा है। दिव्यांका ने पोस्ट में लिखा,"10 साल बाद कहानी में नया मोड़। कुछ सफर जल्दबाजी के लिए नहीं होते, बल्कि साथ मिलकर तैयार होने के लिए होते हैं।

# कहानी-2 को लेकर सुजॉय के खिलाफ मामला खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने फिल्मकार सुजॉय घोष की फिल्म कहानी 2 को लेकर उनके खिलाफ कथित कॉपीराइट उल्लंघन के एक मामले में झारखंड की एक अदालत के समक्ष लंबित कार्यवाही को शुक्रवार को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने घोष की उस याचिका को स्वीकार कर लिया जिसमें झारखंड उच्च न्यायालय के 22 अप्रैल 2025 के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने घोष के खिलाफ लंबित कार्यवाही को रद्द करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने घोष की याचिका स्वीकार करते हुए कहा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) द्वारा सात जून, 2018 को पारित समन आदेश और उच्च न्यायालय द्वारा 22 अप्रैल, 2025 को पारित आदेश को रद्द किया जाता है तथा निरस्त किया जाता है। उच्चतम न्यायालय




ने हजारीबाग के सीजेएम की अदालत में लंबित मामले को रद्द करने की घोष की याचिका पर झारखंड सरकार को पिछले साल जुलाई में नोटिस जारी किया था। फिल्मकार ने कॉपीराइट अधिनियम, 1957 की धारा 63 के तहत उनके खिलाफ कॉपीराइट उल्लंघन का प्रथम दृष्टया मामला बनने संबंधी सीजेएम अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी जिसे उसने खारिज कर दिया था। शिकायतकर्ता उमेश प्रसाद मेहता ने फिल्म सबक की एक पटकथा लिखी थी, जिसे उसका कॉपीराइट प्राप्त करने के लिए हजारीबाग के नोटरी पब्लिक ने प्रमाणित किया था। यह आरोप लगाया गया कि शिकायतकर्ता ने घोष से मुलाकात की थी और एक सिफारिश पत्र प्राप्त किया था जो किसी फिल्म की पटकथा का कॉपीराइट प्राप्त करने के लिए आवश्यक था।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K